दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चूरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

वर्ष : 11 अंक : 78 | जयपुर, मंगलवार 07 अप्रेल, 2026 | RNI.No.RAJHIN/2016/70162



## भाजपा राष्ट्रहित, विकास और सेवा की भावना के साथ कार्य करने वाली पार्टी : सीएम भजनलाल शर्मा

**प्रदेश भाजपा कार्यालय में स्थापना दिवस के अवसर पर ऐतिहासिक झंडारोहण कार्यक्रम का आयोजन, पार्टी की विकास यात्रा को लेकर संगोष्ठी का भी हुआ आयोजन, कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष मदन राठौड़, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ,उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बेरवा, उद्योग मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़, कैबिनेट मंत्री कन्हैया लाल चौधरी, राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवारी, जयपुर सांसद मंजू शर्मा, सहित पार्टी के संगठन से जुड़े सभी बड़े नेता और कार्यकर्ता रहे मौजूद**

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर सोमवार को प्रदेश मुख्यालय में उत्साह और उल्लास के साथ स्थापना दिवस मनाया गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा राजस्थान भाजपा अध्यक्ष मदन राठौड़ द्वारा ध्वजारोहण किया गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा राष्ट्रहित, विकास और सेवा की भावना के साथ कार्य करने वाली पार्टी है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत, समर्पण और सेवा के कारण ही पार्टी आज देश ही नहीं, बल्कि विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक शक्ति के रूप में स्थापित हुई है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि केंद्र और राज्य दोनों स्तरों पर भाजपा की सरकार होने के कारण कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी और अधिक बढ़ जाती है। उन्होंने सभी से जनता के बीच रहकर कार्य करने तथा पार्टी को और अधिक सशक्त एवं अजेय बनाने का लक्ष्य



रखने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पार्टी के इतिहास को स्मरण करते हुए कहा कि जनसंघ से प्रारंभ हुआ यह सफर कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत का परिणाम है। उन्होंने कहा कि हमारी नीति में राष्ट्र सर्वोपरि है, उसके बाद पार्टी का स्थान है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने पार्टी के इतिहास और उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि भाजपा ने सदैव राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखा है। उन्होंने संगठन की मजबूती को पार्टी की सबसे बड़ी ताकत बताते हुए आगामी चुनावों के लिए कार्यकर्ताओं से पूरी ऊर्जा के साथ जुटने का आग्रह किया। राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा देशभर में विकास एवं सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को सुदृढ़ कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकारें देश और प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही हैं तथा भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा को मजबूत बना रही हैं। इस दौरान भारत माता की जय एवं भाजपा जिंदाबाद के नारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। इस दौरान सरकार के मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म, गौतम दक,जयपुर शहर सांसद मंजू शर्मा, भाजपा महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी, भूपेंद्र सैनी, मिथिलेश गौतम, प्रदेश मंत्री अपूर्वा सिंह, एकता अग्रवाल, विधायक बाल मुकुंदाचार्य महाराज, गोपाल शर्मा, कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक, मीडिया प्रभारी प्रमोद वशिष्ठ, आईटी प्रभारी अविनाश जोशी, सोशल मीडिया प्रभारी हिरेंद्र कौशिक, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राखी राठौड, युवा मोर्चा अध्यक्ष शंकर गोरा, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष महेंद्र कुमावत सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## भजनलाल शर्मा का तमिलनाडु में जलवा : ऐतिहासिक रोड शो में उमड़ी भारी भीड़

**तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में प्रवासी राजस्थानियों को एकजुट करने और भाजपा की जीत को सुनिश्चित करने के लिए भाजपा हाई कमान ने मुख्यमंत्री शर्मा को दी है बड़ी जिम्मेदारी, सोमवार को कोयंबटूर उत्तर विधानसभा सीट पर एनडीए प्रत्याशी के समर्थन में रोड शो का किया आयोजन, प्रवासी राजस्थानियों से किया संवाद**

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने एक उत्कृष्ट मुख्यमंत्री के रूप में राजस्थान में ही खुद को साबित नहीं किया है बल्कि अपनी सरकार के कार्यों से देश के अन्य राज्यों में भी जबरदस्त लोकप्रियता हासिल कर ली है। इसी का जीवंत उदाहरण सोमवार को उस समय देखने को मिला जब मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कोयंबटूर उत्तर विधानसभा क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी के समर्थन में चुनाव प्रचार के लिए आयोजित किए गए रोड शो में बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी उपस्थिति दिखाई रोड शो में हर आयु वर्ग के लोग मौजूद थे और बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी रोड शो में अपनी भागीदारी दिखाई तथा रोड शो में शामिल लोग मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को देखने और सुनने के लिए काफी उत्साहित दिख रहे थे । लोगों के उत्साह को देखकर मुख्यमंत्री शर्मा ने रोड शो के दौरान सभी लोगों का दोनों हाथ जोड़कर अभिवादन किया और पूरे रोड शो के दौरान मुख्यमंत्री शर्मा मुस्कुराते हुए लोगों से हाथ मिलाते रहे और उन्हें एनडीए प्रत्याशी के समर्थन में वोट देने की अपील करते रहे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को कोयंबतूर में बड़ी संख्या में मौजूद प्रवासी राजस्थानियों के साथ भी संवाद किया । उन्होंने प्रवासी राजस्थानियों से बातचीत के दौरान कहा कि तमिलनाडु में वर्तमान सरकार भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की राजनीति को बढ़ावा दे रही है जिस तरह से राजस्थान में पूर्ववर्ती कांग्रेस पार्टी की सरकार भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की राजनीति को बढ़ावा दे रही थी बाद में प्रदेश की जनता ने कांग्रेस पार्टी की सरकार को आइना दिखा दिया। इसी तरह से तमिलनाडु में भी भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की राजनीति कर रही सरकार को सत्ता से बेदखल करना बहुत जरूरी है चुनाव प्रचार के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने केंद्र की मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की खूब तारीफ की और कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि आज भारत के शासन की बागडोर दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता के हाथ में है । उन्होंने कहा कि तमिलनाडु के समुचित और सर्वांगीण विकास के लिए यहां एनडीए सरकार का होना बहुत जरूरी है अगर यहां एनडीए सरकार का गठन होता है तो फिर जिस तरह से राजस्थान में डबल इंजन की सरकार विकास कार्यों को बहुत तेजी से हर क्षेत्र में आगे बढ़ा रही है वैसे ही तमिलनाडु में भी डबल इंजन की सरकार हर क्षेत्र में तेजी



से विकास करेगी जिसका सीधा फायदा तमिलनाडु के लोगों को मिलेगा और तमिलनाडु में विकास की एक नई यात्रा शुरू होगी गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दिल्ली गुजरात और हरियाणा के विधानसभा चुनाव में भी स्टार प्रचारक के रूप में भाजपा के उम्मीदवारों का प्रचार प्रचार किया था। मुख्यमंत्री शर्मा ने जिन-जिन विधानसभा क्षेत्र में उम्मीदवारों का प्रचार किया वहां पार्टी के उम्मीदवारों को शानदार सफलता भी मिली वजह यही है कि राजस्थान सरकार के अच्छे कार्यों को देखकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पर्सनालिटी में जबरदस्त निखार आया है और वह देश की राजनीति में एक श्रेष्ठ युवा मुख्यमंत्री के रूप में निखर कर सामने आए इसीलिए तमिलनाडु केरल पश्चिम बंगाल और अन्य राज्यों में हो रहे विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के दिल्ली दरबार ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को स्टार प्रचारक के रूप में नियुक्त किया है। इसी जिम्मेदारी को निभाने के लिए सोमवार को भजनलाल शर्मा ने तमिलनाडु के कोयंबटूर का दौरा किया और वहां कोयंबटूर उत्तर विधानसभा क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी श्रीनिवासन के समर्थन में रोड शो का आयोजन किया तथा लोगों को संबोधित भी किया जानकार लोगों का कहना है कि तमिलनाडु में बड़ी संख्या में प्रवासी राजस्थानी रहते हैं और तमिलनाडु की कई विधानसभा क्षेत्र में प्रवासी राजस्थानियों के अच्छे वोट हैं इसलिए प्रवासी राजस्थानियों के वोटो का एकीकरण कर इन सभी वोटो को एनडीए प्रत्याशियों के अकाउंट में डालने की बड़ी जिम्मेदारी मुख्यमंत्री शर्मा को दी गई है सोमवार को जिस तरह का रोड शो मुख्यमंत्री शर्मा का देखने को मिला उससे यहां एनडीए प्रत्याशी के चुनाव प्रचार को जबरदस्त संबल मिला है ।

## भजनलाल शर्मा के मार्गदर्शन में प्रदेश में उद्योग, रोजगार, निवेश और आधारभूत संरचना में क्रांतिकारी बदलाव : राठौड

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** भारतीय जनता पार्टी की स्थापना दिवस के अवसर पर प्रदेश के उद्योग मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने पार्टी के कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि भाजपा संगठन, राष्ट्र निर्माण की सबसे विश्वसनीय और प्रभावी ताकत है। ये उस सशक्त विचारधारा का नाम है जिसने देश में विकास और सुशासन की नई परिभाषा स्थापित की है। उन्होंने कहा कि आज भाजपा का स्थापना दिवस उत्सव मनाने के साथ-साथ जनसेवा के प्रति अपने संकल्प को और मजबूत करने का भी महत्वपूर्ण अवसर है। राठौड़ ने कहा कि भाजपा के स्थापना दिवस पर मैं महान नेताओं और कार्यकर्ताओं को नमन करता हूं जिन्होंने अपने त्याग, समर्पण और संघर्ष से पार्टी को आज इस मुकाम तक पहुंचाया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को पार्टी की सबसे अहम रीढ़ बताते हुए हर कार्यकर्ता से आह्वान किया कि वे समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचकर सेवा और विकास की भावना को साकार करने में अपना योगदान दें।



कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी के अभूतपूर्व और दूरदर्शी नेतृत्व ने भारत को विकास, सुशासन और आत्मनिर्भरता के मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के शानदार नेतृत्व की बदौलत भारत आज वैश्विक स्तर पर एक मजबूत, निर्णायक और प्रभावशाली राष्ट्र के रूप में स्थापित हुआ है। आत्मनिर्भर भारत अभियान, डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया, मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर और वैश्विक कूटनीति में भारत की बढ़ती साख का उल्लेख करते हुए कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि ये सभी उपलब्धियां प्रधानमंत्री मोदी के सशक्त नेतृत्व की झलक हैं जिन्होंने आमजनता के जीवन को सकारात्मक तरीकों से बदला है और विकास योजनाओं को हर व्यक्ति तक पहुंचाने में मदद की है। यह भाजपा की नीतियों और कार्यशैली का ही परिणाम है कि देश के हर वर्ग को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जा रहा है। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व को निर्णायक बताते हुए कहा कि प्रदेश में विकास कार्यों को नई गति मिली है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मार्गदर्शन में प्रदेश में उद्योग, निवेश, रोजगार और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहे हैं और आमजन को इसका सीधा लाभ मिल रहा है। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र के साथ भाजपा निरंतर देश और प्रदेश के विकास के लिए प्रतिबद्ध है।


## भाजपा की यात्रा संघर्षपूर्णः त्याग, तपस्या और बलिदान के बाद आज पार्टी बनीं वटवृक्ष- मदन राठौड़

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय पर विचार संगोष्ठी आयोजित की गई। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे तथा राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी ने पार्टी की विचारधारा, संगठनात्मक यात्रा और भविष्य की दिशा को प्रस्तुत किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने भाजपा की स्थापना से लेकर आज तक की संघर्षपूर्ण यात्रा को रेखांकित करते हुए कहा कि अनेक बलिदानों, त्याग और तपस्या के बाद पार्टी आज एक वटवृक्ष के रूप में खड़ी है। उन्होंने श्यामा प्रसाद मुखर्जी और दीनदयाल उपाध्याय के योगदान को याद करते हुए संगठन की वैचारिक नींव को बलिदान और राष्ट्रवाद पर आधारित बताया। राठौड़ ने वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा और नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प पर जोर दिया। उन्होंने मुख्यतः संगठन की उपलब्धियों, राष्ट्रीय सुरक्षा और वैश्विक मंच पर भारत की बढ़ती लोकप्रियता की प्रशंसा की। राठौड़ ने कहा कि आज विपक्ष के नेता भी भाजपा के नेतृत्व की सराहना करते हैं, फिर चाहे वो कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर हो, आनंद शर्मा हो। वैश्विक परिस्थितियों का जिक्र



करते हुए कहा कि जहां दुनिया युद्ध और संकट से जूझ रही है, वहीं भारत मजबूती से खड़ा है और पड़ोसी देशों की मदद भी कर रहा है। आज विश्व में नेतृत्व देने की स्थिति में हमारा संगठन आया है। भाजपा एक विचार लेकर चला संगठन है। एकात्म मानववाद, सर्वे भवंतु सुखिनः और वसुधैव कुटुम्बकम का संदेश लेकर चल रहा है। आज परिवारवादी पार्टियां लुप्त होने जा रही है। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने संगठन की जमीनी यात्रा, पुराने कार्यकर्ताओं के योगदान और आंतरिक अनुशासन पर विशेष बल दिया। राजे ने प्रारंभिक दिनों की स्मृतियों को साझा करते हुए बताया कि किस प्रकार सीमित संसाधनों और कम संख्या में कार्यकर्ताओं के साथ पार्टी ने अपनी शुरुआत की थी। राजे ने कहा कि मूल कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। भाजपा के मूल विचारधारा से जुड़े कार्यकर्ताओं को हर समय सम्मान मिलना चाहिए। संगठन की ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता होते हैं, न कि वे लोग जो केवल अपने हितों के लिए पार्टी का उपयोग करते हैं। उन्होंने कहा कि जिम्मेदारियां केवल उन्हीं कार्यकर्ताओं को दी जानी चाहिए जिनमें संगठन के प्रति निष्ठा, समर्पण और संस्कार हों। उन्होंने कहा कि दायित्व देने से पहले कार्यकर्ताओं की पृष्ठभूमि और उनकी विचारधारा की प्रतिबद्धता को बार-बार जांचना आवश्यक है। भाजपा के मूल कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता दी जाए, जो बचपन से पार्टी की विचारधारा से जुड़े रहे हैं। भाजपा का मूल सिद्धांत यही रहा है कि विचारधारा से कभी समझौता नहीं किया जाना चाहिए। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने हमेशा सिद्धांतों को सर्वोपरि रखा।



## वन राज्यमंत्री ने जनसुनवाई कर आमजन की परिवेदनाओं को सुना

### आमजन की परिवेदनाओं के त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निराकरण के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने अपने निवास स्थान 201 रघुमार्ग पर जनसुनवाई में आमजन की परिवेदनाओं को सुन कर त्वरित निराकरण हेतु अधिकरियों को निर्देशित किया। वन राज्यमंत्री शर्मा ने जनसुनवाई कर आमजन की परिवेदनाओं को सुनकर उनके त्वरित निराकरण के निर्देश दिये। उन्होंने जनसुनवाई में आए पेयजल, विद्युत, सडक, साफ-सफाई आदि की परिवेदनाएं लेकर आए फरियादियों की परिवेदनाओं को संवेदनशीलता के साथ सुनकर संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित निराकरण के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि फरियादियों की समस्याओं का निराकरण होने पर उन्हें सूचित कर उनके संतुष्टि स्तर में वृद्धि करें। उन्होंने निर्देश दिये कि आमजन की मूलभूत समस्याओं की प्राथमिकता से सुनवाई करें। इस दौरान उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा आमजन के कल्याण हेतु संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का जागरूक रहकर लाभ उठाने एवं अपने आसपास के जरूरतमंद लोगों को भी योजनाओं के प्रति जागरूक कर उन्हें लाभांवित कराने में सहयोग करने का आह्वान किया।

## किडनी पीड़ित महिला के इलाज के लिए 51 हजार की आर्थिक सहायता



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** सामाजिक संस्था नेक कमाई फाउंडेशन द्वारा एक जरूरतमंद परिवार की विवाहिता बेटी के किडनी उपचार के लिए 51 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। यह राशि संस्था के संरक्षक दौलत राम हजरती, मुख्य कोऑर्डिनेटर अभिषेक तनेजा तथा फोटोग्राफर बॉबी नरूला ने पीड़िता की माता को सौंपी। संस्था पदाधिकारियों ने बताया कि पीड़ित महिला का विवाह पिछले वर्ष नेक कमाई फाउंडेशन द्वारा कन्यादान कर कराया गया था। प्रसव के दौरान गुरुग्राम के एक निजी अस्पताल में गलत रक्त चढ़ाने के कारण महिला की दोनों किडनियां खराब हो गईं, जिसके बाद उसे उपचार के लिए रोहतक मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। फाउंडेशन के सदस्यों ने बताया कि पीड़िता के इलाज के लिए पूर्व में भी संस्था की ओर से आर्थिक सहयोग किया जा चुका है और आगे भी हर संभव मदद जारी रखने का प्रयास किया जाएगा।

## ग्रामीण बेरोजगार युवाओं के लिए फ्रिज व एसी रिपेयर का निःशुल्क प्रशिक्षण 13 अप्रैल से

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (पीएनबी आरसेटी), अलवर द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से फ्रिज व एसी सर्विस एवं रिपेयर का 30 दिवसीय निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण 13 अप्रैल से सामुदायिक भवन, केशव नगर स्कीम नं. 13, प्रतापबास स्थित पीएनबी आरसेटी परिसर में शुरू होगा। संस्थान द्वारा प्रशिक्षणार्थियों के रहने, खाने, चाय व नाश्ते की निःशुल्क व्यवस्था की जाएगी तथा प्रशिक्षण पूर्ण होने पर प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण प्राप्त करने के इच्छुक अभ्यर्थी संस्थान के कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं। आवेदन पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर स्वीकार किए जाएंगे। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक अभ्यर्थी प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक संस्थान के दूरभाष नंबर 0144-2940830 तथा 9462194801 पर संपर्क कर सकते हैं।

**पात्रता शर्तें-** आवेदनकर्ता की आयु 18 से 50 वर्ष के बीच होनी चाहिए तथा वह अलवर, खैरथल-तिजारा या कोटपुतली-बहरोड़ जिले के किसी भी गांव का स्थायी निवासी होना चाहिए। अभ्यर्थी की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 8वीं पास निर्धारित की गई है। साथ ही आवेदक स्वयं सहायता समूह, बीपीएल, मनरेगा, खाद्य सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना या प्रधानमंत्री अंत्योदय योजना से संबंधित परिवार से होना चाहिए।

# जिला कलक्टर ने ली जल संरक्षण के संबंध में समीक्षा बैठक

### जिले में जनभागीदारी से बने साढ़े 14 हजार से ज्याजा जल संरक्षण स्ट्रक्चर

### जन सहभागिता के साथ वर्षा जल की एक-एक बूंद सहेजे- जिला कलक्टर







जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले के समस्त विकास अधिकारियों की बैठक लेकर जल संचय जन भागीदारी अभियान व मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने कहा कि अलवर जिला डार्क जोन जिला है, इसमें जल संचय और जल संरक्षण के कार्य अधिक से अधिक करने की आवश्यकता है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए जल संचय जन भागीदारी अभियान के तहत जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायत में जन सहभागिता से 100-100 वाटर रिचार्ज स्ट्रेक्चर बनाने का लक्ष्य दिया है। सभी ब्लॉक में विकास अधिकारी इन कार्यों की मॉनिटरिंग फील्ड विजिट एवं एक कोर टीम बनाकर प्रतिदिन करें तथा 30 अप्रैल तक दिए गए लक्ष्य को पूर्ण करना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने निर्देश दिये कि प्रत्येक कार्य गुणवत्ता के साथ होवे तथा इन स्ट्रक्चर्स का रख-रखाव भी जन सहभागिता से कराया जावे।

### जन सहभागिता से बने 14662 जल संरक्षण स्ट्रक्चर

जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने बताया कि जिला कलक्टर के द्वारा जल संचय जन भागीदारी अभियान के तहत जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायत में जन सहभागिता 100-100 जल संरक्षण के स्ट्रक्चर तैयार कराने के दिए गए निर्देश की पालना में अब तक जिले में 14662 स्ट्रक्चर बनाये जा चुके है। जिनमें सर्वाधिक कार्य कठूमर में 3648, मालाखेड़ा में 1808 एवं रामगढ़ में 1795 कार्य पूर्ण हुए है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि दिए गए निर्देशों के तहत शेष कार्य जन सहभागिता से 30 अप्रेल तक पूर्ण करा लिए जावेंगे।

### वर्षा जल की एक-एक बूंद सहेजे

उन्होंने विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि वर्षा ऋतु से पूर्व जल संचय जन भागीदारी अभियान एवं मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान से आमजन को जोड़कर स्थानीय आवश्यकता, जल के प्रवाह आदि को ध्यान में रखते हुए जल संरक्षण के स्ट्रक्चर तैयार करावे। साथ ही पुराने जल स्त्रोतों की जन सहभागिता के साथ साफ-सफाई, मरम्मत एवं रख-रखाव का कार्य करावे। यह कार्य अप्रैल माह के मध्य से प्रारम्भ कर अप्रैल के अंत में दुरूस्त किए गए जल स्त्रोतों पर एक साथ सामूहिक सम्मेलन कर जल संरक्षण का संदेश दिया जावे। उन्होंने निर्देश दिये कि पंचायती राज विभाग की नर्सरियों में तैयार किए जा रहे पौधों का रख-रखाव भलिभांति करें तथा नए पौधे तैयार करें ताकि वर्षा ऋतु में स्थानीय स्तर पर ही पौधारोपण के लिए पौधे उपलब्ध हो सके। बैठक में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सालुखे गौरव रवीन्द्र, वाटरशेड विभाग के अधीक्षण अभियन्ता नरेन्द्र मोथू, नरेगा के अधिशासी अभियन्ता नरेन्द्र लाखीवाल सहित संबंधित अधिकारी एवं वीसी के माध्यम से समस्त विकास अधिकारी मौजूद रहे।

## *नालसा संवाद योजना (2025) : विधिक जागरूकता शिविर का हुआ सफल आयोजन*

### मुख्य उद्देश्य कमजोर आदिवासी एवं विमुक्त-घुमंतू जनजातियों को उनके विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक करना



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अलवर के अध्यक्ष अनंत भंडारी (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) के मार्गदर्शन तथा सचिव मोहनलाल सोनी के निर्देशन में सोमवार को सोहम पब्लिक स्कूल, दिवाकरी (अलवर) में नालसा संवाद योजना (2025) के अंतर्गत एक विधिक जागरूकता शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य कमजोर आदिवासी ( पीवीटीजीएस) एवं विमुक्त-घुमंतू जनजातियों को उनके विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें न्याय तक सरल एवं सुलभ पहुँच सुनिश्चित करना रहा। कार्यक्रम में कुल 37 लाभार्थियों ने सहभागिता की। शिविर में वक्ता रेखा महलावत (पीएलवी) द्वारा प्रतिभागियों को निःशुल्क विधिक सहायता, न्यायालयीन प्रक्रियाओं, आवश्यक दस्तावेजों की तैयारी, तथा लोक अदालत के माध्यम से त्वरित एवं सुलहपूर्ण विवाद निस्तारण के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही हेल्पलाइन नंबर 15100 के माध्यम से तत्काल सहायता प्राप्त करने की सुविधा के बारे में भी अवगत कराया गया। कार्यक्रम के दौरान नालसा संवाद योजना (2025) के उद्देश्यों एवं लाभों पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि यह योजना कमजोर वर्गों को न्याय तक आसान पहुँच, उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसके अतिरिक्त नालसा (प्रोटेक्शन एंड इनफोर्समेंट ऑफ़ ट्राइबल राइट्स) स्कीम, 2015 के अंतर्गत आदिवासी समुदायों के भूमि एवं वन अधिकार, शोषण से सुरक्षा, मानव तस्करी की रोकथाम तथा अन्य कानूनी संरक्षण संबंधी प्रावधानों के बारे में भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। लाभार्थियों को यह भी अवगत कराया गया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए), तालुका विधिक सेवा समिति एवं लीगल एड क्लिनिक के माध्यम से जरूरतमंद व्यक्तियों को निःशुल्क कानूनी सहायता, मार्गदर्शन एवं आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाता है। अंत में सभी प्रतिभागियों को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने एवं आवश्यकता पड़ने पर हेल्पलाइन नंबर 15100 अथवा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अलवर से संपर्क कर निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया गया।

## जिला कलक्टर का किशनगढ़बास में औचक निरीक्षण, व्यवस्थाओं को सुधारने के दिए निर्देश

जयपुर टाइम्स



**खैरथल-तिजारा।** जिला कलक्टर अतुल प्रकाश ने सोमवार को किशनगढ़बास क्षेत्र के विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण कर प्रशासनिक एवं जनसेवा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने एसडीएम कार्यालय, पंचायत समिति, सीएचसी एवं नगर पालिका कार्यालय का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर ने एसडीएम कार्यालय किशनगढ़बास की राजस्व शाखा, कोर्ट शाखा सहित अन्य शाखाओं का अवलोकन किया। उन्होंने रिकॉर्ड व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने तथा लंबे समय से लंबित प्रकरणों पर विशेष ध्यान देते हुए शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। इसके पश्चात उन्होंने पंचायत समिति किशनगढ़बास का निरीक्षण कर विभिन्न योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं आमजन तक लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। सीएचसी किशनगढ़बास के निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर ने अस्पताल में साफ-सफाई, स्टाफ की कार्यप्रणाली एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने इमरजेंसी वार्ड को पूर्णतः तैयार रखने, स्टाफ को प्रशिक्षित रखने तथा मरीजों को बेहतर उपचार सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही आगामी ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए हीट स्ट्रोक से बचाव एवं त्वरित उपचार के लिए आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने ओआरएस, ग्लूकोज एवं अन्य आवश्यक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने के निर्देश भी दिए। नगर पालिका किशनगढ़बास में निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर ने लंबित फाइलों की समीक्षा की तथा शहर में साफ-सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएम स्वनिधि एवं पीएम आवास योजना सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की जानकारी लेकर लक्ष्य अनुरूप पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित करने पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान उपखंड अधिकारी मनीष कुमार जाटव, बीडीओ संजय यादव, तहसीलदार अभिषेक यादव, अधिशासी अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक का हुआ आयोजन

**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** जिला कलेक्टर अतुल प्रकाश की अध्यक्षता में सोमवार को साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न विभागों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में लंबित प्रकरणों के शीघ्र एवं प्रभावी निस्तारण के निर्देश देते हुए अधिकारियों को कार्यों में गति लाने पर जोर दिया गया। जिला कलेक्टर ने संपर्क पोर्टल पर लंबित परिवादों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने पीएमओ एवं सीएमओ कार्यालय से प्राप्त शिकायतों को 7 दिवस में तथा अन्य विभागीय शिकायतों को 15 दिवस के भीतर निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन को त्वरित राहत देना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने असंतुष्ट परिवादों को पुनः खोलकर निस्तारण करने के निर्देश दिए, ताकि परिवादी को समस्या के समाधान की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सके। साथ ही सभी अधिकारियों को नियमित रूप से संपर्क पोर्टल लॉगिन कर प्रकरणों की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। बैठक में ई-फाइल डिस्पोजल की समीक्षा करते हुए जिला कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई भी फाइल लंबित न रहे तथा सभी फाइलों का निस्तारण समयबद्ध तरीके से किया जाए। उन्होंने कहा कि फाइल निस्तारण का समय घंटे में एक अंक से अधिक नहीं होना चाहिए। नगर निकाय, समाज कल्याण एवं शिक्षा विभाग को राजकाज के माध्यम से फाइलों का निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने सभी अधिकारियों को बिना अनुमति के मुख्यालय नहीं छोड़ने के निर्देश भी दिए। जिला कलेक्टर ने बजट घोषणा 2025-26 एवं 2026-27 की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी घोषणाओं को निर्धारित समय में पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही भूमि आवंटन से संबंधित प्रकरणों में तेजी लाने एवं सहकारिता विभाग को पैक्स संबंधी भूमि आवंटन मामलों का शीघ्र निस्तारण करने को कहा। पीएम स्वनिधि योजना की समीक्षा करते हुए पात्र लाभार्थियों को लक्ष्य अनुसार लाभान्वित करने के निर्देश दिए गए।





## अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन की बैठक सम्पन्न, समाज एकता व संगठन विस्तार पर जोर

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन, जिला अलवर कार्यकारिणी की एक महत्वपूर्ण बैठक स्ह्वध्वज्ञ कॉलेज, बहादुरपुर रोड, चिकानी में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मनोज कुमार चाचान ने की। बैठक में वैश्य समाज की वर्तमान स्थिति, संगठन की मजबूती तथा समाज के युवाओं, महिलाओं एवं व्यापारिक वर्ग को एक मंच पर जोड़ने की आवश्यकता पर गहन चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष मनोज चाचान ने कहा कि वैश्य समाज सदैव देश की आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक उन्नति में अग्रणी रहा है, अतः समय की मांग है कि समाज के सभी वर्ग एकजुट होकर संगठित शक्ति के रूप में कार्य करें। जिला महामंत्री हरि शंकर खण्डेलवाल ने संगठन की भविष्य की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए सदस्यता अभियान को गति देने, समाज के जरूरतमंद वर्गों की सहायता, युवा नेतृत्व को आगे लाने तथा सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही शिक्षा, व्यापारिक सहयोग, विवाह समन्वय एवं प्रशासनिक सहयोग जैसे विषयों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष मनोज चाचान, कार्यकारी अध्यक्ष प्रमोद विजय, जिला महामंत्री हरि शंकर खण्डेलवाल व राकेश खंडेलवाल, जिला कोषाध्यक्ष प्रहलाद अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष देवकीनंदन व श्याम लाल केदावत की सहमति से जिला कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए नए पदाधिकारियों की घोषणा की गई, जिसमें – बबीता खण्डेलवाल को जिलाध्यक्ष (महिला इकाई) प्रीति विजय को महामंत्री अनीता गर्ग को जिला उपाध्यक्ष (महिला इकाई) सतीश कुमार गुप्ता को सचिव राजकुमार गुप्ता एवं अनिल बंसल को जिला उपाध्यक्ष सुनील बजाज एवं राजेंद्र जैन को जिला मंत्री पुष्पेन्द्र खण्डेलवाल को जिला संयोजक (वैश्य मित्र) रुपेश गुप्ता को जिला संयोजक (न्यायिक व्यवस्था) गिरीश गुप्ता को जिला संयोजक (प्रशासनिक व्यवस्था) महेंद्र गोयल को जिला संयोजक (शादी-विवाह समन्वयक) गोपाल विजय को इकाई अध्यक्ष, अलवर (पश्चिम) व सुरेश गर्ग को इकाई अध्यक्ष अलवर (उत्तर) सचिन जैन को जिला महामंत्री (युवा इकाई) मनोनीत किया गया। नवमनोनीत पदाधिकारियों ने संगठन के प्रति पूर्ण निष्ठा से कार्य करने एवं समाज को नई दिशा देने का संकल्प लिया। उपस्थित सदस्यों ने सभी पदाधिकारियों को बधाई देते हुए संगठन को मजबूत बनाने हेतु एकजुट होकर कार्य करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस बैठक में मुख्य रूप से किशन बटवाड़ा, जितेंद्र बंसल, भरत राम माहेश्वरी, पीयूष गर्ग, संजय खण्डेलवाल, आशा मित्तल, रोहित गुप्ता, संजय डाटा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे । अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक का समापन सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुआ।

# स्वच्छ भारत मिशन के कार्यों के संबंध में कार्यशाला आयोजित

### मुख्यमंत्री के सख्त निर्देश, स्वच्छता में जीरो टॉलरेंस की नीति पर होगा काम

### विकास की राह में गंदगी बड़ी बाधा, स्वच्छता को जन आंदोलन बनाना है आवश्यक - के.के गुप्ता



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के ब्रांड एंबेसेडर के.के. गुप्ता ने जिला कलक्ट्रेट सभागार में सोमवार को जिले के समस्त नगरीय निकायों की स्वच्छता कार्यशाला को संबोधित किया गया। इस दौरान स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। ब्रांड एंबेसेडर गुप्ता ने कहा कि सभी निकाय समन्वय और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करते हुए शहरों को स्वच्छ, सुंदर एवं हरित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे तथा इस कार्यशाला के सकारात्मक परिणाम शीघ्र ही दिखाई देंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की 'जीरो टॉलरेंस' नीति के अंतर्गत स्वच्छता कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता की दिशा में पूर्ण जिम्मेदारी और समर्पण भाव से कार्य करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता कोई साधारण कार्य नहीं है, जहां स्वच्छता की स्थापना हो गई वहां बड़े बदलाव का आगाज होकर रहता है। सही मायनो में स्वच्छता ना केवल क्षेत्र, जिला और प्रदेश की तस्वीर बदलेगी, बल्कि व्यक्ति के जीवन को भी बदल कर रख देगी। इसका जीता जागता उदाहरण प्रदेश के डूंगरपुर जिला मुख्यालय पर देखने को मिल रहा है। आज राजस्थान ही नहीं बल्कि अंतर्राष्ट्रीय पटल पर डूंगरपुर मॉडल के चर्चे है।

**जयपुर के अल्बर्ट म्यूजियम से दिया है प्रदेश को संदेश**

गुप्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर के अल्बर्ट म्यूजियम से स्वच्छ भारत अभियान को प्रदेश के प्रत्येक नगर निकाय क्षेत्र में साकार करने का संदेश दिया है। मुख्यमंत्री के संकल्प को पूरा करने के लिए प्रदेशवासियों को जागरूक रहना होगा। नगर निकाय के साथ प्रत्येक विभाग का दायित्व है कि मुख्यमंत्री के विजन और संकल्प को साकार करने के लिए अपने हिस्से का दायित्व पूरी ईमानदारी के साथ निभाएं। जिम्मेदार अधिकारी स्वच्छता को बोध कराएं और विकसित भारत निर्माण की कल्पना को साकार करने में जी जान से जुट जाएं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री शर्मा की मंशा है कि राज्य के किसी भी जिला, गांव, ढाणी में बैठा व्यक्ति स्वच्छता से वंचित नहीं रहे, क्योंकि जहां स्वच्छता और साफ-सफाई होगी तो वातावरण में शुद्धता रहेगी। वही जहां शुद्धता का वास होता है वहां के लोगों का स्वास्थ्य भी हमेशा अच्छा रहता है तथा एक स्वस्थ बौद्धिक मानव संसाधन देश और प्रदेश को प्रगति के राह पर ले जाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। राज्य एवं केंद्र सरकार के द्वारा लोगों की स्वास्थ्य सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए आयुष्मान आरोग्य योजना जैसी योजनाएं चलाई जा रही हैं।

**स्वच्छता को प्रभावित करते हैं यह 5 मुख्य घटक**

घर-घर कचरा संग्रहणः

सुबह 10 बजे से पूर्व शत-प्रतिशत घर-घर कचरा संग्रहण हो। स्रोत पर ही गीला और सूखा कचरा अलग किया जाए। जनजागरूकता के लिए विशेष अभियान चलाएं। कचरा संग्रहण की सूक्ष्म मॉनिटरिंग हो, ताकि कोई लूपहोल नहीं रहे।

नाइट स्वीपिंगः रात्रि 10 बजे से सुबह 4 बजे तक प्रत्येक 400 मीटर क्षेत्र में एक कर्मचारी सफाई करे। वाणिज्यिक क्षेत्रों में 365 दिन रात्रिकालीन सफाई होनी चाहिए। रात की पारी में सफाई करने वाले कर्मचारियों की सुरक्षा भी सुनिश्चित की जाए।

सार्वजनिक शौचालयः सार्वजनिक शौचालय दिन में तीन बार साफ हों। अधिकारी और स्वास्थ्य निरीक्षण स्वयं दिन में एक बार सार्वजनिक शौचालय का उपयोग करें। इससे शौचालयों में स्वच्छता बढ़ेगी, विद्यालयों के शौचालयों की भी नियमित सफाई करवाएं।

प्लास्टिक थैलीः प्लास्टिक थैली हमारे पर्यावरण, मानव स्वास्थ्य और पशुओं के लिए हानिकारक है। प्लास्टिक थैली के उपयोग को इस हद तक हतोत्साहित करना होगा कि प्लास्टिक हमें नजर ही नहीं आए। प्लास्टिक थैली का उत्पादन और व्यापार करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाए।

खाली प्लॉट्सः शहर में खाली प्लॉट्स कचरे का बड़ा केंद्र बन गए हैं। ऐसे सभी खाली प्लॉट्स के मालिकों को गंदगी साफ करवाने के बाद बाउण्ड्री करवाने के लिए पाबंद करें। यदि वे ऐसा नहीं करते हैं तो निगम यह काम करवाए और लागत का 10 गुना प्लॉट मालिक से वसूले। राशि जमा नहीं करवाने पर प्लॉट को सीज किया जाए।

**इन बिन्दुओं पर भी दें ध्यान**

शहर में शत-प्रतिशत स्ट्रीट लाइट जलनी चाहिए। बाग-बगीचों की नियमित सफाई हो। वहां झूले लगे हों तथा फव्वारे कार्यशील हों। निर्माण सामग्री सड़को और नालियों को बाधित नहीं करे। बिना लाइसेंस के मांस की दुकानों को बंद करवाया जाए। डिवाइडर कचरा पात्र नहीं बनें। उनके दोनों और मिट्टी नहीं हो। सरकारी सम्पत्तियों पर पोस्टर नहीं चिपके हों। नई कॉलोनियों में सड़क-नाली आदि सुविधाओं के विकास के बाद ही भूरूपांतरण हो। उन्होंने निर्देश दिए कि 90 ए करने के पहले जब तक वह मालिक द्वारा सभी सुविधा उपलब्ध नहीं कर दी जाती है तब तक 90 ए की कार्रवाई संपादित नहीं की जाए तथा निर्माण की स्वीकृति जारी करने से पूर्व जब तक भूमि का पूरा डेवलपमेंट संबंधित भू मालिक द्वारा नहीं कर दिया जाए स्वीकृति जारी नहीं की जाए। जिसमें रोड लाइट, पानी, नाली तथा बगीचे जैसे आवश्यक कार्यों को पूर्ण करने पश्चात ही उसे जो 12.5 परसेंट प्लॉट रोके गए हैं उसको आवंटन किया जाए।

# मुख्यमंत्री भजनलाल ने जयपुर के लोगों को दिया शुभ 'संदेश'



***वर्ष 2011 में सिर्फ 25 साल की आयु में ही आईएएस अफसर बनने वाले संदेश नायक एक ईमानदार, कर्मठ, दबंगई, त्वरित निर्णय क्षमता और फाइलों की बजाय जमिनी तौर पर प्रभावी तरीके से काम करने जैसे गुणों के मालिक माने जाते हैं, सीकर, भरतपुर, चुरु जैसे संवेदनशील जिलों के कलेक्टर पद पर रहते हुए कानून व्यवस्था के साथ-साथ अपराध जगत से जुड़े लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करवा कर लोगों के दिलों में बनाया एक अलग मुकाम, करीब 15 साल की अब तक की सर्विस में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से प्रदेश सरकारों को किया खूब प्रभावित, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के विजन और संकल्प को खुद दिल की गहराइयों से करते हैं महसूस, राजधानी जयपुर की चुनौतियों और समस्याओं से पहले से ही अच्छी तरह से है वाकिफ, पिछले कलेक्टर जितेंद्र कुमार सोनी के प्रयासों को आगे बढ़ाने के साथ-साथ राजधानी जयपुर के लिए विशेष प्लानिंग के साथ आए हैं संदेश नायक***

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** यूं तो मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रदेश के सभी जिलों के समुचित और समान विकास के लिए निरंतर सतत प्रयास कर रहे हैं लेकिन अभी हाल ही में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर के लोगों को एक ऐसा शुभ 'संदेश' दिया है जिससे लोगों की उम्मीद और सपनों को पंख से लग गए हैं, उन्हें ऐसा लगने लगा है कि जिले में अब हर घर में शुभ और मंगल 'संदेश' ही निरंतर सुनने को मिलते रहेंगे क्योंकि इसके दो कारण बताए गए हैं एक जयपुर के नए कलेक्टर संदेश नायक के नाम में ही बहुत बड़ा भावार्थ छुपा हुआ है, संदेश के साथ जो नायक शब्द जुड़ा हुआ है वह अपने आप में इनके नाम की गरिमा और जिम्मेदारी को और बढ़ा देता है शायद अपने नाम के इस भावार्थ को संदेश नायक शुरू से ही समझते थे, जब उन्होंने भारतीय प्रशासनिक सेवा सर्विस की शपथ ली उस समय ही इन्होंने यह संकल्प ले लिया था कि माता-पिता ने उन्हें जो नाम दिया है उसके भावार्थ को साकार करेंगे यही वजह रही की अब तक की पिछले 15 साल की सर्विस में संदेश नायक को प्रदेश भर में अलग-अलग जगह पर बड़ी-बड़ी जिम्मेदारी दी गई जिसमें भरतपुर, सीकर और सिरोही जैसे संवेदनशील जिलों के कलेक्टर भी बने जयपुर स्मार्ट सिटी परियोजना के प्रबंध निदेशक बनाए गए, खान और विज्ञान विभाग के निदेशक तथा कॉलेज शिक्षा के निदेशक भी बनाए गए और भी कई बड़ी-बड़ी जिम्मेदारियां इन्हें दी गई इन सब जिम्मेदारियां को इन्होंने बहुत ही शानदार और उत्कृष्ट तरीके से निभाया इसीलिए आज संदेश नायक को कर्मठ, ईमानदार, मेहनती, त्वरित निर्णय लेने की क्षमता और फाइलों की बजाय जमीनी तौर पर प्रभावी रूप से कार्य करने वाले युवा जांबाज आईएएस अफसर के रूप में होती है संदेश नायक एक ऐसे ऑफिसर माने जाते हैं जो कानून और शांति व्यवस्था को बनाए रखने के साथ-साथ अपराध जगत से जुड़े लोगों के खिलाफ भी प्रभावी कार्रवाई करवाने में हमेशा आगे रहते हैं ऐसा इन्होंने चुरू, भरतपुर और सिरोही जिले में कलेक्टर पद पर रहने के दौरान करके भी दिखाया है जहां बड़े-बड़े संगठित अपराध ग्रुप से जुड़े बदमाशों की धरपकड़ के लिए जिला पुलिस के साथ लगातार काम करते हुए दिखे इसलिए अब जयपुर जिले की जनता को भी ऐसा लगता है कि पिछले कलेक्टर जितेंद्र कुमार सोनी जो अच्छे अधूरे काम छोड़ कर गए हैं उन कामों को तो तेजी से आगे लेकर जाएंगे ही इसके अलावा अपने नवाचार और नवीन प्रयोगों के माध्यम से जयपुर जिले में ब्यूरोक्रेसी की एक ऐसी मिसाल और व्यवस्था कायम करेंगे जो अंतिम छोर पर बैठे ग्रामीण और मजदूर के परिवार के आंगन में भी शुभ 'संदेश' की किरण पहुंचाएगी



## पिछले कलेक्टर जितेंद्र कुमार सोनी के अधूरे कामों को पूरा करना भी है जरुरी

जयपुर जिला कलेक्टर के रूप में पिछले कलेक्टर जितेंद्र कुमार सोनी का कार्यकाल भी काफी अच्छा माना जाता है सोनी को अब संदेश नायक की जगह मुख्यमंत्री के विशेष सचिव के रूप में नियुक्ति दी गई है इसलिए जयपुर के नए कलेक्टर संदेश नायक के लिए उन अधूरे कामों को भी पूरा करना जरूरी हो गया है जो कार्य सोनी छोड़कर गए हैं सोनी ने जिले भर में सैकड़ो की संख्या में रास्ता विवाद का निपटारा करके ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को काफी राहत पहुंचाई थी इसलिए इस विषय पर संदेश नायक को अब और तेजी गति से कार्य करने की जरूरत है हालांकि इसमें कोई दो राय नहीं संदेश नायक काफी सख्त और दबंग अधिकारी तो है ही इसके अलावा तुरंत निर्णय लेने में भी विलंब नहीं करते इसलिए जिले भर में रास्ता विवाद को लेकर कई जगहों पर टकराव के हालात बने हुए हैं इन विवादों को सुलझाने में कुशल प्रशासक के रूप में सोनी ने जो भूमि का निभाई उस तरह की भूमिका संदेश नायक को निभानी होगी हालांकि संदेश नायक पूर्व में कई जिलों के कलेक्टर रह चुके हैं इसलिए इस तरह के मामलों को सुलझाने में वे पहले से ही काफी निपुण है इसलिए जयपुर जिले में आने वाले दिनों में यह तय है कि कहीं पर भी रास्ता विवाद जैसा कोई विषय सामने नहीं आएगा क्योंकि सोनी के बाद अब संदेश इस विवाद को सुलझाने के लिए पूरी तरह से अटल और तैयार खड़े हैं इसके अलावा केंद्र सरकार और राजस्थान सरकार की ओर से विभिन्न तरह की जनकल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के कार्य को तेजी से आगे बढ़ना और अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाना यह बहुत बड़ी जिम्मेदारी संदेश नायक के कंधों पर है क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा दोनों का एक ही संकल्प और विजन है अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति का भला करना और अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक सरकार की योजना पहुंचाना इसके लिए इन योजनाओं के क्रियान्वयन की मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी जिला कलेक्टर की ही होती है, इसके अलावा ग्राम पंचायत, आंगनबाड़ी केदो, जयपुर विकास प्राधिकरण जयपुर नगर निगम, नगर पालिका इत्यादि से जुड़े कार्यों की प्रभावी तौर पर मॉनिटरिंग, विभिन्न विभागों और संस्थाओं से नियमित रूप से बेहतर समन्वय और तालमेल बनाते हुए लोगों की समस्याओं का ज्यादा से ज्यादा निवारण करना इन सब बड़े कार्यो के संपादन और चुनौतियों के समाधान के लिए संदेश नायक बिल्कुल परफेक्ट ऑफिसर के रूप में दिख रहे हैं क्योंकि कलेक्टर के रूप में इन्होंने कई जिलों में उत्कृष्ट कार्य किया है इसलिए भले ही जयपुर जिला आबादी और विस्तार की तुलना में काफी बड़ा हो और राजधानी होने के नाते यहां कई बड़ी-बड़ी समस्याएं और चुनौतियां जरूर हो लेकिन इन सब समस्याओं का समाधान करने और चुनौतियों का मुकाबला करने में शारीरिक और मानसिक तौर पर संदेश नायक काफी मजबूत और दबंग अधिकारी दिख रहे हैं इसलिए सभी को इनसे अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के विजन और संकल्प को बारीकी से समझते भी हैं और महसूस भी करते हैं

जयपुर जिला कलेक्टर पद पर नियुक्त होने से पहले संदेश नायक मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के विशेष सचिव पद पर तैनात थे इसलिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के विजन, संकल्प और सोच को वे अच्छी तरह से जानते हैं मुख्यमंत्री के विशेष सचिव पद पर रहने के दौरान इन्होंने सरकार के लिए कई तरह की नीतियां बनाने में भी परिश्रम किया तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों और राज्य मंत्रिमंडल के सदस्यों के संपर्क में रहे तथा सरकार की नीति निर्माण, नीतिगत निर्णय जैसे कार्यों में संदेश नायक की विशेष भूमिका रही इसलिए संदेश नायक मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के व्यक्तित्व, कार्य शैली से तो अच्छी तरह से वाकिफ हो ही गए इसके अलावा सरकार की आकांक्ष और विजन को भी अच्छी तरह से समझते हैं अब जिस तरह से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उन्हें जयपुर जैसे महत्वपूर्ण जिले की जिम्मेदारी दी है तो इस जिम्मेदारी के देने के पीछे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की क्या सोच और विजन है इसको भी बिना बताए ही संदेश नायक समझ गए हैं, हालांकि भजन लाल शर्मा मुख्य रूप से भरतपुर जिले के नदबई तहसील के रहने वाले हैं और मुख्यमंत्री बनने से पिछले 25 -30 साल से जयपुर के सांगानेर इलाके में ही घर बनाकर रह रहे थे इसलिए राजधानी जयपुर की बड़ी-बड़ी चुनौतियों और बड़ी-बड़ी समस्याओं के बारे में भजनलाल शर्मा अच्छी तरह से जानते हैं पिछले बरसात के सीजन में भी भजन लाल शर्मा ने जयपुर की सड़कों पर उतरकर जयपुर शहर के हालातो को अपनी आंखों से देखा और फिर मौके पर ही मौजूद नगर निगम, जयपुर विकास प्राधिकरण, राजस्थान आवासन मंडल और अन्य विभागों के संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के निस्तारण के निर्देश भी दिए जिसमें काफी कुछ सुधार भी हुआ लेकिन अभी भी राजधानी जयपुर में कई बड़ी-बड़ी चुनौतियां और कई बड़ी-बड़ी समस्याएं है जिन्हें दूर करने की बड़ी चुनौती अब संदेश नायक के कंधों पर आ गई है।

## सिर्फ 25 साल की आयु में ही बन गए थे आईएएस अधिकारी

: संदेश नायक मुख्य रूप से कर्नाटक के रहने वाले हैं और बीटेक डिग्री धारी है, वर्ष 2010 में भारतीय प्रशासनिक सेवा परीक्षा में इनकी 129 रैंक थी, वर्ष 2011 में इन्हें भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी के रूप में कार्य करने के लिए राजस्थान स्टेट दिया गया इनका जन्म 1986 में हुआ था इसलिए सिर्फ 25 साल की आयु में ही इन्हें भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी के रूप में कार्य करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ बीटेक के अलावा संदेश नायक कांट्रेक्चुअल डिस्प्यूट रेजोल्यूशन का डिप्लोमा भी लिए हुए हैं इस डिप्लोमा से इन इनकी पर्सनालिटी में और भी चार चांद लगे प्रदेश में वर्ष 2011 से लेकर अब तक प्रशासनिक अधिकारी के रूप में संदेश नायक ने खुद को एक उत्कृष्ट और प्रभावी अधिकारी के रूप में साबित किया इसी वजह से प्रदेश में भाजपा और कांग्रेस पार्टी की सरकारों के दौरान भी इन्हें काफी अच्छे महत्वपूर्ण विभाग और जिले काम करने के लिए दिए गए जिनमें हर जगह पर और हर पद पर इन्होंने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके सरकारों को भी प्रभावित किया और आमजन में भी काफी लोकप्रिय साबित हुए हालांकि संदेश नायक काफी तेज तर्रार और दबंग अधिकारी माने जाते हैं लेकिन भरतपुर सिरोही और चुरु जिला कलेक्टर पद पर रहने के दौरान इन्होंने अपने जनसुनवाई कार्यक्रमों से लोगों के दिलों में अलग मुकाम बनाया आज भी भरतपुर, चूरू और सिरोही जिले के लोग और व्यापार जगत से जुड़े लोग इन्हें उनके अच्छे कार्यों और नवाचारों से याद करते हैं भारतीय प्रशासनिक सेवा की सर्विस में शुरू में एसडीएम पद पर रहते हुए ही अपनी वर्किंग स्टाइल से सबको प्रभावित कर दिया था, संदेश नायक के लिए जयपुर कोई नया शहर नहीं है क्योंकि जयपुर में वर्ष 2016 में शहरी विकास विभाग में अवर सचिव पर इन्हें नियुक्ति दी गई इसके अलावा जुलाई 2020 से अक्टूबर 2021 तक कॉलेज शिक्षा के निदेशक पद पर रहे तथा वर्ष 2022 से अक्टूबर 2023 तक भूविज्ञान और खान विभाग में डायरेक्टर पद पर रहे और अक्टूबर 2023 से जनवरी 2024 तक राजफेड़ के प्रबंध निदेशक भी रहे बड़ी बात यह है कि जयपुर स्मार्ट सिटी परियोजना के प्रबंध निदेशक पद पर भी इन्हें नियुक्ति दी गई इसलिए जयपुर के विकास को गति देने में संदेश नायक को कहीं भी किसी भी समस्या को समझने में और उसे दूर करने में दिक्कत नहीं आएगी क्योंकि जयपुर की समस्याओं और चुनौतियों को संदेश नायक पहले से ही अच्छी तरह से जानते हैं कुल मिलाकर वर्ष 2011 से लेकर अब तक संदेश नायक का राजस्थान में सर्विस रिकॉर्ड काफी बेमिसाल और शानदार रहा है इसीलिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पहले खुद का मुख्य सचिव बनाया और फिर इन्हें जयपुर जैसे जिले की बड़ी जिम्मेदारी दी।

## जयपुर में कई बड़े-बड़े प्रोजेक्ट, ओवर ब्रिज और पुलिया निर्माण को समय पर कंप्लीट करवाना है बड़ी जिम्मेदारी

राजधानी जयपुर में इस समय अनेक प्रोजेक्ट, ओवरब्रिज और पुलियाओं इत्यादि के निर्माण कार्य चल रहे हैं इसके अलावा बजट में भी प्रदेश की भजनलाल सरकार ने जयपुर में वर्ल्ड क्लास व्यवसायिक संस्थानों और वर्ल्ड क्लास हॉस्पिटैलिटी संस्थाओं इत्यादि के निर्माण की घोषणा की है इसलिए जो प्रोजेक्ट अभी निर्माणधीन है उन सभी प्रोजेक्ट का समय पर कंप्लीट होना और जो प्रोजेक्ट अब शुरू होने जा रहे हैं उनका निर्धारित अवधि में कंप्लीट हो जाना इन सब कार्यों की जिम्मेदारी संदेश नायक के कंधों पर है जानकारी के अनुसार वर्तमान में जयपुर में अलग-अलग इलाकों में दर्जन भर से ज्यादा बड़े-बड़े प्रोजेक्ट पर कार्य चल रहा है इन सब का निर्माण कार्य समय पर पूरा हो और यह सब निर्माण कार्य गुणवत्ता के मामले में भी बिल्कुल परफेक्ट हो इसलिए इन सब कार्यों पर कड़ी मॉनिटरिंग रखना अपने आप में संदेश नायक के लिए एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी है इनमें कई निर्माण प्रोजेक्ट जयपुर विकास प्राधिकरण के तहत तो कई प्रोजेक्ट राजस्थान आवासन मंडल और कई प्रोजेक्ट जयपुर स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत संपादित हो रहे हैं इसलिए इन सभी संस्थाओं के साथ बेहतर तरीके से नियमित संवाद करके सभी कार्यों को निर्धारित अवधि में पूरा करने की दिशा में जयपुर कलेक्टर संदेश नायक को काफी कड़ी मेहनत करनी होगी।

## खूबसूरत शहर जयपुर पर ना लगे कोई दाग, संदेश नायक को कुछ करना होगा खास

पूरी दुनिया में जयपुर शहर अपनी सुंदरता, अच्छी बसावट, अपनी मेहमाननवाजी, ऐतिहासिक किले और ऐतिहासिक पर्यटन स्थलों, अपने खान-पान, रहन-सहन वेशभूषा, लोक संगीत लोक नृत्य इत्यादि को लेकर काफी पॉपुलर है इसीलिए यहां हर साल बड़ी संख्या में देसी और विदेशी पर्यटक घूमने आते हैं, पर्यटक ही नहीं देश और विदेश के बड़े-बड़े राजनेता, बड़े-बड़े उद्योगपति, बड़े-बड़े खिलाड़ी और विभिन्न क्षेत्रों में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नाम कमा रहे विशिष्ट व्यक्ति जयपुर घूमने जरूर आते हैं ऐसे में राजधानी जयपुर में अति विशिष्ट लोगों के भ्रमण का सिलसिला करीब करीब रोजाना ही देखने को मिलता है जो जयपुर पुलिस और जिला प्रशासन के लिए रोजाना एक चुनौती बनी हुई है इसलिए जयपुर शहर में प्रशासन और पुलिस की थोड़ी सी भी लापरवाही और शिथिलता की वजह से खूबसूरत शहर जयपुर शहर को कहीं दाग न लग जाए इसके लिए नए कलेक्टर संदेश नायक को न केवल पर्यटकों और देश-विदेश से आने वाले विशिष्ट जनों की सुरक्षा प्रबंध पर कड़ी निगरानी रखने की जरूरत है बल्कि विभिन्न पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों को अच्छी से अच्छी सुविधा उपलब्ध हो इसके लिए भी संबंधित विभागों के साथ जिला प्रशासन को समन्वय और तालमेल बनाते हुए उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश देते रहना है क्योंकि पिछले दोनों विदेशी पर्यटकों के साथ अभद्र व्यवहार होने जैसे वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुई जो जयपुर शहर की छवि के लिए ठीक नहीं कहे जा सकते इस दिशा में कलेक्टर होने के नाते संदेश नायक को जयपुर पुलिस के साथ मिलकर कुछ इस तरह से नवाचार और नए प्रयोग करने होंगे जिससे जयपुर में रहने वाला और जयपुर में घूमने आने वाला हर व्यक्ति खुद को सुरक्षित और सहज महसूस कर सके।

## *जनसुनवाई कार्यक्रमों को लेकर शुरू से ही गंभीर रहे हैं संदेश नायक*

*संदेश नायक के जिला कलेक्टर पद पर नियुक्त होने के बाद जयपुर जिला प्रशासन की ओर से संपादित किए जा रहे जनसुनवाई के कार्यक्रमों के प्रभावित तरीके से संपादित होने के प्रबल आसार दिख रहे हैं क्योंकि विभिन्न जिलों में जिला कलेक्टर पद पर रहने के दौरान संदेश नायक ने लोगों की समस्याओं के निस्तारण के लिए बहुत ही शानदार तरीके से जनसुनवाई कार्यक्रमों का आयोजन किया था इन जनसुनवाई कार्यक्रमों में संदेश नायक ने खुद उपस्थित होकर बड़े स्तर पर लोगों की समस्याओं को सुना और उनकी समस्या के निदान के लिए हर तरह से सरकारी स्तर पर प्रयास भी किया जिसकी वजह से नायक की वर्किंग स्टाइल की लोगों ने खूब तारीफ भी की, संदेश नायक ने विभिन्न जिलों में जिला कलेक्टर रहने के दौरान गांव में रात्रि चौपाल का भी आयोजन किया और ग्रामीणों के साथ जाजम पर बैठकर इन्होंने ग्रामीणों की शिकायतों को सुना और उनके निदान के प्रयास किया और गांव में ही उन्होंने रात्रि विश्राम भी किया इसलिए अपने प्रभावी जनसुनवाई कार्यक्रमों को लेकर संदेश नायक पहले से ही काफी पॉपुलर हैं अब जयपुर में भी जनसुनवाई कार्यक्रमों को नई गति और नई दिशा आने वाले दिनों में मिल सकती है भले ही संदेश नायक दबंग और कड़क मिजाज वाले अधिकारी माने जाते हो लेकिन भोले भाले ग्रामीण लोगों से मुलाकात के दौरान संदेश नायक बिल्कुल सहज भाव में उनके साथ पेश आते हैं और उनकी बातों को और शिकायतों को ऐसे सुनते हैं जैसे वे उनके परिवार के सदस्य ही हो इसलिए संदेश नायक के व्यवहार और कार्य शैली को देखकर भोला भाला अनपढ़ व्यक्ति भी बिना किसी डर और घबराहट के अपनी पीड़ा उन्हें बता देता है यह संदेश नायक की एक अच्छी खूबी है जिसकी वजह से जहां भी वे पोस्टेड रहे वहां के लोग उनकी खूब तारीफ करते नजर आए*

## पंचायत और नगर निकाय चुनाव की आहट

शहरी और ग्रामीण इलाकों में सरकार की योजनाओं के प्रचार प्रसार के कार्य को जोरदार तरीके से गति देना भी जरूरी : प्रदेश में आने वाले दिनों में पंचायत और नगर निकाय के चुनाव आयोजित होंगे जयपुर जिले में जयपुर नगर निगम और कई नगर पालिका और बड़ी संख्या में ग्राम पंचायत, पंचायत समितियां, जिला परिषद इत्यादि में चुनाव होना निश्चित है जानकार लोगों का कहना है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की भरपूर कोशिश है कि केंद्र सरकार और राजस्थान सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जन-जनतक पहुंचे मुख्यमंत्री शर्मा को अब भी कहीं ना कहीं ऐसा लगता है कि सरकार की योजनाओं की जानकारी कई लोगों को नहीं है जिसकी वजह से उन्हें ना तो सरकार की उपलब्धियां का पता चल पाता है और ना ही ऐसे लोग सरकार की योजनाओं का फायदा उठा पाते हैं इसलिए जयपुर जिले में एक बड़ा इलाका ग्रामीण इलाका भी है ऐसे में ग्रामीण इलाके में गांव-गांव और छोटी-छोटी ढाणी में बैठे किसान मजदूर, दलित ,अल्पसंख्यक इत्यादि सभी को सरकार की योजनाओं की जानकारी प्रभावी तरीके से दी जाए इसके लिए जिला प्रशासन के माध्यम से भी सरकार कई तरह के उपाय और तरीकों के माध्यम से योजनाओं के बारे में प्रचार प्रसार कर रही है लेकिन कहीं ना कहीं यह भी सत्य है कि प्रशासनिक शिथिलता की वजह से कई बार कई जगहों पर लोगों को इन योजनाओं की जानकारी नहीं मिल पाती जिसकी वजह से वांछित व्यक्ति सरकार की इन योजनाओं का जानकारी नहीं होने की वजह से फायदा नहीं उठा पाए इसलिए नए कलेक्टर संदेश नायक के लिए यह काफी महत्वपूर्ण हो गया है कि जयपुर जिले में हर घर और हर व्यक्ति तक केंद्र और राजस्थान सरकार की योजनाओं की जानकारी पहुंचे इसके लिए एक व्यापक कार्य योजना और रणनीति जयपुर जिला प्रशासन को अपने स्तर पर भी तैयार करनी होगी हालांकि सरकार और जिला प्रशासन ग्राम पंचायत, पंचायत समिति दफ्तर जिला परिषद दफ्तर इत्यादि के माध्यम से सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार कर रही है लेकिन यह प्रचार प्रसार ठीक तरह से संपादित हो रहा है या नहीं इस पर संदेश नायक को कड़ी मॉनिटरिंग और कड़ी मेहनत करने की जरूरत है अगर इस काम में संदेश नायक सफल हो जाते हैं तो यह उनके लिए सोने पर सुहागा जैसा साबित होगा क्योंकि पिछले सवा दो साल में प्रदेश की भजनलाल सरकार ने प्रदेश के शहरी और ग्रामीण इलाकों में लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए शहरी और ग्रामीण स्तर पर विभिन्न तरह के कैंप और शिविर का आयोजन करके लोगों को राहत पहुंचाने का प्रयास भी किया है जिसमें जयपुर जिले की उपलब्धि भी सही मानी जा रही है लेकिन अभी इस काम को और गति देने की जरूरत है।

## जयपुर के ट्रैफिक मैनेजमेंट को मजबूत करने और कानून व शांति व्यवस्था की मजबूती के लिए जयपुर पुलिस से बेहतर तालमेल बहुत जरूरी



राजधानी जयपुर आबादी और विस्तार के मामले में बहुत ही तेजी से राजस्थान में नहीं बल्कि पूरे देश में आगे बढ़ रहा है जयपुर शहर के आसपास ग्रामीण इलाकों में जयपुर की चारों दिशाओं में बड़े-बड़े प्रोजेक्ट, बड़े-बड़े हॉस्पिटल, अंतरराष्ट्रीय प्लेग्राउंड, बड़े-बड़े व्यावसायिक और शिक्षण संस्थान स्थापित हो गए हैं कॉलोनाइजर शहर के चारों तरफ शानदार कॉलोनिया डेवलप कर रहे हैं जिसकी वजह से जयपुर में जमीन जायदाद और रियल एस्टेट का कारोबार भी पिछले कई सालों से लगातार गति पकड़े हुए हैं ऐसे में जयपुर पुलिस की लाख कोशिश के बावजूद भी जयपुर में ट्रैफिक मैनेजमेंट कई वजह से मजबूत नहीं हो पा रहा है हालांकि प्रदेश की भजनलाल सरकार ने जयपुर में ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने के लिए कई बड़े कदम उठाए हैं कई जगहों पर ओवरब्रिज, पुलिया और अंडरग्राउंड सड़क और रास्तों का निर्माण करके जिन रास्तों पर ट्रैफिक का अत्यधिक बोझ होता है वहां ट्रैफिक के बोझ को कम करने का प्रयास किया जा रहा है लेकिन यह तमाम प्रयास भी जयपुर की ट्रैफिक व्यवस्था के सुधार के लिए बोने साबित हुए हैं, जयपुर के चारदिवारी इलाके और शहर में चारों तरफ कई जगहों पर बरसात के दिनों में पानी भरने और जल भराव की जो समस्या पैदा हो जाती है उसके हमेशा हमेशा के निस्तारण के लिए प्रदेश की भजनलाल सरकार पूरे जतन के साथ कार्य कर रही है इसलिए इस कार्य में कलेक्टर संदेश नायक को भी अपने नवाचार और नवीन प्रयोग के माध्यम से शहर में जल भराव जैसी समस्याओं का निस्तारण करवानी में अपनी अहम भूमिका निभानी होगी इसके लिए जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर नगर निगम, राजस्थान हाउसिंग बोर्ड, सार्वजनिक निर्माण विभाग इत्यादि संस्थाओं और विभागों के साथ मिलकर संदेश नायक इन विकट चुनौतियों और समस्याओं का हमेशा हमेशा के लिए निस्तारण करवाने में सफल होते हैं तो यह अपने आप में उनके लिए तो एक बहुत बड़ी उपलब्धि मानी जाएगी ही इसके अलावा शहर के लोगों के लिए यह एक अच्छे सपने के पूरे होने जैसा साबित होगा वैसे जयपुर की ट्रैफिक व्यवस्था को मजबूती देने के लिए समय-समय पर विभिन्न विभागों की सामूहिक बैठक होती रहती है जिसमें कलेक्टर भी मौजूद रहते हैं बैठक में कई निर्णय भी लिए जाते हैं लेकिन निर्णय की क्रियान्वती कहीं ना कहीं नहीं हो पाती जिसकी वजह से यह बैठक सिर्फ कागजी कार्रवाई बनकर ही रह जाती है इसलिए इस तरह की बैठकों पर संदेश नायक को गंभीरता से काम करने की जरूरत है जयपुर शहर और जयपुर ग्रामीण की पापुलेशन लगातार बढ़ रही है जयपुर शहर को संवेदनशील शहर माना जाता है यहां अब सड़क रेल और वायु यातायात कनेक्टिविटी में जबरदस्त सुधार हुआ है।

## सम्पादकीय

# ब डॉक्टर मौजूद नहीं, तब मरीजों की सुरक्षा किसके हाथ में



उत्तर प्रदेश में अयोध्या जिले के फैजाबाद स्थित एक निजी अस्पताल में अप्रशिक्षित कर्मचारियों द्वारा प्रसव कराए जाने के बाद महिला और उसके नवजात शिशु की मौत की घटना ने स्वास्थ्य सेवाओं एवं सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। खबरों के मुताबिक, घटना के वक्त संबंधित डाक्टर अस्पताल में मौजूद नहीं थीं और फोन पर ही कर्मचारियों को दिशा-निर्देश दे रही थीं। सवाल है कि कोई भी चिकित्सक किसी मरीज या गर्भवती महिला की जान के साथ ऐसा खिलवाड़ कैसे कर सकता है? क्या किसी चिकित्सक को प्रसव के दौरान होने वाली जटिलता और जोखिम का अंदाजा नहीं होता? यह अत्यंत गंभीर लापरवाही है कि अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सक की वैकल्पिक व्यवस्था के बिना ही फोन पर दिशा-निर्देश लेकर एक महिला का प्रसव कराया गया। विचित्र यह भी है कि जब संबंधित अस्पताल में कोई विशेषज्ञ डाक्टर मौजूद नहीं था, तो गर्भवती महिला को नियमानुसार किसी दूसरे अस्पताल में क्यों नहीं भेजा गया? गौरतलब है कि अस्पतालों में इस तरह नियम-कायदों को ताक पर रखकर मरीजों की जान जोखिम में डालने के मामले अक्सर सामने आते रहते हैं। कई बार तो मरीज की जान तक चली जाती है, लेकिन कार्रवाई के नाम पर महज खानापूर्ति ही की जाती है। इस मामले में भी शिकायत के बाद स्वास्थ्य विभाग ने संबंधित निजी अस्पताल को सील कर दिया है और मृतका के परिजनों को जांच का आश्वासन दिया है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि जांच में लापरवाही साबित होने पर पुलिस प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। सरकारी स्तर पर दावा किया जाता है कि देश में स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे और सुविधाओं में काफी प्रगति हुई है, लेकिन क्या फोन पर अप्रशिक्षित कर्मियों को दिशा-निर्देश देकर किसी महिला का प्रसव कराने के जोखिम को तरक्की कहा जा सकता है! असली प्रगति तो तभी होगी, जब आधुनिक सुविधाओं के साथ-साथ चिकित्सकों और उनके सहकर्मियों को अपने कर्तव्य के प्रति जिम्मेदार, संवेदनशील और जवाबदेह बनाया जाएगा। बहरहाल, उम्मीद की जानी चाहिए कि फैजाबाद के मामले में निष्पक्ष एवं गहन जांच की जाएगी और लापरवाही बरतने के दोषियों को कानून के कठघरे में लाया जाएगा। उत्तर प्रदेश के अयोध्या जिले के एक निजी अस्पताल में अप्रशिक्षित कर्मचारियों द्वारा प्रसव कराए जाने के बाद कथित चिकित्सीय लापरवाही के कारण एक महिला और उसके नवजात शिशु की मौत हो गई।

---

हर वर्ष 7 अप्रैल को पूरे विश्व में World Health Day मनाया जाता है। इस दिन की शुरुआत World Health Organization (WHO) ने वैश्विक स्तर पर लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से की थी। यह दिन हमें याद दिलाता है कि स्वस्थ जीवन ही सुखी और समृद्ध समाज की आधारशिला है।

आज के समय में स्वास्थ्य केवल बीमारियों से मुक्त रहने तक सीमित नहीं है, बल्कि शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से स्वस्थ होना भी उतना ही आवश्यक है। आधुनिक जीवनशैली, बढ़ता तनाव, असंतुलित खान-पान और प्रदूषण जैसी समस्याएँ लोगों के स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल रही हैं। ऐसे में विश्व स्वास्थ्य दिवस का महत्व और भी बढ़ जाता है।

रूटीन वार्षिक हेल्थ ब्लड चेक-अप एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य आदत है, जो शरीर की आंतरिक स्थिति को समझने में मदद करता है। कई बीमारियाँ जैसे मधुमेह, थायरॉयड असंतुलन, एनीमिया, लिवर और किडनी संबंधी समस्याएँ शुरुआती चरण में बिना लक्षण के होती हैं। नियमित रक्त जांच के माध्यम से इनका समय रहते पता लगाया जा सकता है।

इस चेक-अप में सामान्यत: हीमोग्लोबिन, ब्लड शुगर, लिपिड प्रोफाइल (कोलेस्ट्रॉल), लिवर फंक्शन, किडनी फंक्शन और थायरॉयड जैसे टेस्ट शामिल होते हैं। इससे न केवल बीमारियों की पहचान होती है, बल्कि शरीर की समग्र फिटनेस का भी आकलन किया जा सकता है. महिलाओं के लिए सर्वाइकल कैंसर स्क्रीनिंग टेस्ट और मैमोग्राफी बहुत महत्वपूर्ण जांचें हैं, जो सर्वाइकल कैंसर और स्तन कैंसर के शुरुआती बदलावों का पता लगाने में मदद करती हैं। इन परीक्षणों के माध्यम से बीमारी को प्रारंभिक अवस्था में पहचान कर समय पर उपचार किया जा सकता है, जिससे गंभीर जटिलताओं और मृत्यु के जोखिम को कम किया जा सकता है।

इसलिए महिलाओं को नियमित रूप से ये जांचें करवानी चाहिए, ताकि वे अपने स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकें।

वार्षिक जांच कराने से डॉक्टर समय पर सही सलाह और उपचार दे सकते हैं, जिससे गंभीर जटिलताओं से बचाव संभव होता है। इसलिए हर व्यक्ति को वर्ष में कम से कम एक बार ब्लड चेक-अप अवश्य कराना चाहिए.

विश्व स्वास्थ्य दिवस का उद्देश्य केवल सरकारों और संस्थाओं को ही नहीं, बल्कि आम नागरिकों को भी अपनी सेहत के प्रति सजग करना है। संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, पर्याप्त नींद और मानसिक शांति—ये सभी स्वस्थ जीवन के आवश्यक तत्व हैं।

इस दिन का एक महत्वपूर्ण संदेश यह भी है कि स्वास्थ्य सेवाएँ सभी के लिए समान रूप से उपलब्ध होनी चाहिए।

अंततः, विश्व स्वास्थ्य दिवस हमें यह सोचने के लिए प्रेरित करता है कि 'स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है।' यदि हम स्वस्थ रहेंगे, तो ही अपने परिवार, समाज और देश के विकास में योगदान दे सकेंगे। आइए, इस अवसर पर हम सब मिलकर एक स्वस्थ और जागरूक समाज बनाने का संकल्प लें।

**लेखक के निजी विचार**



**डॉ. रितिका गुप्ता**
डीएनबी, डीजीओ
प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
फर्टीलिटी कंसल्टेंट
कमला आईवीएफ, अलवर, राजस्थान

# विश्व में शांति बनाए रखने की चुनौती

*द्वितीय विश्व युद्ध के पश्चात स्थापित संयुक्त राष्ट्र (यूएन) और उसकी सुरक्षा परिषद अपना आभामंडल बहुत पहले से ही खो चुके हैं। दुनिया में मारकाट मची है, लेकिन वे कहां हैं, क्या कर रहे हैं किसी को पता नहीं। वे निस्तेज होकर कहीं पड़े हैं। जबकि उसकी शिक्षा और संस्कृति से जुड़ी संस्था यूनेस्को का सूत्र वाक्य है कि युद्ध मनुष्य के मस्तिष्क में निर्मित होते हैं। अतः शांति का संरक्षण भी वहीं से प्रारंभ होगा। बड़ी उम्मीदों से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का गठन किया गया था, परंतु अपनी श्रेष्ठता के अहंकार में डूबे पूर्व उपनिवेशवादी देशों ने अपने स्वार्थ में अंधे होकर इसे प्रभावहीन कर दिया है। साम्राज्यवाद समाप्त हो गया। उपनिवेशवाद अपने को बचा नहीं सका, लेकिन जिन्होंने केवल अन्य देशों को लूटना ही लक्ष्य बनाया था, वे आज भी अपने वर्चस्व की जकड़न से निकल नहीं पा रहे हैं, लोकतंत्र के सार-तत्व को स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं। कितने ही उदाहरण दिए जा सकते हैं। मिस्र ने जब स्वेज नहर का राष्ट्रीयकरण किया, तब ब्रिटेन, फ्रांस और इजरायल ने उस पर चढ़ाई कर दी। इसके लिए उन्होंने तर्क दिया कि यह उनकी सुरक्षा और रणनीतिक दृष्टि से आवश्यक है, विश्व हित में भी है, लेकिन उस आक्रमण से ब्रिटेन की जो वैश्विक साख गिरी, वह आज तक भी बहाल नहीं हो पाई है। उस समय दूसरे विश्व युद्ध को समाप्त हुए केवल दस वर्ष ही हुए थे। यूएन आज के मुकाबले अधिक प्रभावशाली था। तब*



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इतिहासकारों का कार्य सरल कर दिया है। वे खुद को महान शांतिदूत बताते हैं। फिर भी, अपने युद्ध मंत्री की इच्छापूर्ति के लिए ईरान पर आक्रमण कर दिया। हमले के बाद से वे लगभग प्रतिदिन विजय की घोषणा करते आ रहे हैं। वे कहते हैं कि अमेरिकी सुरक्षा के लिए कनाडा एवं ग्रीनलैंड पर भी आधिपत्य आवश्यक है। उन्होंने वेनेजुएला के राष्ट्रपति को सपत्नीक उठवा लिया है। क्यूबा उनकी जकड़न में पहले से ही है। वे भारत पर भी इन दिनों अपनी मनमानी चलाने की कोशिश कर रहे हैं। उनकी बातों को कोई मानता है या नहीं, उनकी प्रतिष्ठा एवं उनके देश की साख पर इसका कैसा असर होता है, इस सब पर वे ध्यान नहीं देते। उनके लिए इस तथ्य का भी कोई महत्व नहीं है कि विश्व का हर देश, परिवार और व्यक्ति अमेरिका-इजरायल एवं ईरान युद्ध की विभीषिका से प्रभावित है, कष्ट में है और भविष्य को लेकर आशंकाओं से घिरा है। इस युद्ध ने भारत सहित विश्व के सौ से अधिक देशों को कष्टपूर्ण ढंग से प्रभावित किया है।

द्वितीय विश्व युद्ध के पश्चात स्थापित संयुक्त राष्ट्र (यूएन) और उसकी सुरक्षा परिषद अपना आभामंडल बहुत पहले से ही खो चुके हैं। दुनिया में मारकाट मची है, लेकिन वे कहां हैं, क्या कर रहे हैं किसी को पता नहीं। वे निस्तेज होकर कहीं पड़े हैं। जबकि उसकी शिक्षा और संस्कृति से जुड़ी संस्था यूनेस्को का सूत्र वाक्य है कि युद्ध मनुष्य के मस्तिष्क में निर्मित होते हैं। अतः शांति का संरक्षण भी वहीं से प्रारंभ होगा। बड़ी उम्मीदों से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का गठन किया गया था, परंतु अपनी श्रेष्ठता के अहंकार में डूबे पूर्व उपनिवेशवादी देशों ने अपने स्वार्थ में अंधे होकर इसे प्रभावहीन कर दिया है। साम्राज्यवाद समाप्त हो गया। उपनिवेशवाद अपने को बचा नहीं सका, लेकिन जिन्होंने केवल अन्य देशों को लूटना ही लक्ष्य बनाया था, वे आज भी अपने वर्चस्व की जकड़न से निकल नहीं पा रहे हैं, लोकतंत्र के सार-तत्व को स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं। कितने ही उदाहरण दिए जा सकते हैं। मिस्र ने जब स्वेज नहर का राष्ट्रीयकरण किया, तब ब्रिटेन, फ्रांस और इजरायल ने उस पर चढ़ाई कर दी। इसके लिए उन्होंने तर्क दिया कि यह उनकी सुरक्षा और रणनीतिक दृष्टि से आवश्यक है, विश्व हित में भी है, लेकिन उस आक्रमण से ब्रिटेन की जो वैश्विक साख गिरी, वह आज तक भी बहाल नहीं हो पाई है। उस समय दूसरे विश्व युद्ध को समाप्त हुए केवल दस वर्ष ही हुए थे। यूएन आज के मुकाबले अधिक प्रभावशाली था। तब अमेरिका ने सुरक्षा परिषद में युद्ध विराम का प्रस्ताव पास कराया, यह आशंका व्यक्त करते हुए कि कहीं तीसरा विश्व युद्ध प्रारंभ न हो जाए। आज ट्रंप का अमेरिका खुद ही विश्व को तीसरे विश्व युद्ध की आग में झोंक रहा है। 20वीं सदी में दो विश्व युद्ध, रूसी गृहयुद्ध तथा चीनी गृहयद्ध में करोड़ों निर्दोष नागरिक और सैनिक मारे गए थे। आज भी उस विभीषिका के दोहराए जाने का भय लगातार बना हुआ है।

गत दिनों अमेरिका और इजरायल ने बिना किसी से कोई संवाद किए ईरान पर आक्रमण कर दिया। इसीलिए विश्व का कोई भी अन्य देश खुलकर उनका साथ नहीं दे रहा है। इस समय हर देश में युवा वर्ग के दृष्टिकोण में परिवर्तन हो रहा है। उसमें मानव की समानता की व्यावहारिक समझ बढ़ी है। अपने स्वार्थ के लिए शांति, समानता और राष्ट्रीय सार्वभौमिकता जैसे विचारों को तिलांजलि देने का समय अब नहीं रहा। विश्व के अन्य देशों का इस युद्ध से दूर रहना इसी बड़े ऐतिहासिक परिवर्तन को स्थापित करता है। भारतीय नेतृत्व ने इस कठिन समय में भी धैर्य का परिचय देते हुए राष्ट्रहित और जनहित को प्राथमिकता दी है। इसकी सामान्यजन में सराहना हो रही है, लेकिन इस युद्ध से आम लोगों को हो रहे कष्ट को दूर करने के लिए जरूरी है कि दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सभी पार्टियां एकजुट हों। जो केवल सरकार की आलोचना कर रहे हैं, वे कोई व्यावहारिक विकल्प प्रस्तुत करते नजर नहीं आ रहे हैं। मनुष्यमात्र की एकता के पक्षधर समय-समय पर न केवल शांति, सहयोग और समन्वय की महती आवश्यकता का मानवहित में प्रचार-प्रसार करते रहे, बल्कि वे उसकी व्यावहारिकता भी सिद्ध करने में सफल हुए। महात्मा गांधी, मार्टिन लूथर किंग जूनियर, नेल्सन मंडेला जैसे महापुरुषों से लोग प्रभावित हुए, उनका साथ दिया, लक्ष्य प्राप्त करने में सफलताएं भी मिलीं, लेकिन हिंसा, अविश्वास, पंथक कट्टरता, वर्चस्व की अमिट आकांक्षा कम होने के स्थान पर बढ़ती ही रही। हिंसा और युद्ध न रुके, न ही समाप्त हुए।

मानव इतिहास की यह कैसी विडंबना है कि विश्व में शिक्षा और साक्षरता का सराहनीय प्रसार हुआ है, मनुष्य की मानवीय प्रवृत्तियों की समझ भी बढ़ी है। इनके मनोवैज्ञानिक, सामाजिक पक्ष की गहराई तक शोध और अध्ययन हो चुके हैं

# द्वितीय विश्व युद्ध के पश्चात स्थापित संयुक्त राष्ट्र

*यदि वे केवल जिताऊ महिला प्रत्याशी तलाशेंगे, तो वही होगा जिसकी आशंका है। यह भी सुनिश्चित करना होगा कि महिलाओं की हिस्सेदारी केवल उपस्थिति तक सीमित न रहे। वे विधायिका की संरचना, उसकी कार्यप्रणाली, उसे संचालित करने वाले नियम-परिनियम, वाद-विवाद कौशल, नीति-निर्माण की जटिलताओं, सरकार के विभिन्न मंत्रालयों की कार्यप्रणालियों, निर्णयन हेतु वांछित संवैधानिक एवं विधिक ज्ञान, देश-विदेश के गंभीर मुद्दों की समझ और सत्ता पक्ष एवं विपक्ष की लोकतांत्रिक मर्यादाओं को भी जाने-समझें। वे अपने निर्वाचन क्षेत्र की समस्याएं उठाने के साथ ही प्रदेश एवं देश के विकास और सुरक्षा जैसे मुद्दों पर भी अपनी राय रख सकें। नवनिर्वाचित महिला जनप्रतिनिधियों को यह भी समझना होगा कि वे सदन में किसी महिला दल के रूप में काम न कर सकेंगी। संविधान के 52वें संशोधन अर्थात दल-बदल*

मोदी सरकार लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं की 33 प्रतिशत हिस्सेदारी की संवैधानिक व्यवस्था को शीघ्र लागू करना चाहती है। इस क्रम में नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 आगामी जनगणना के पश्चात होने वाले परिसीमन के बाद ही लागू होना है। वर्ष 2027 में जनगणना और 2028 में परिसीमन होगा। इसमें दो वर्ष का समय लगेगा। इस स्थिति में 2030 से ही महिला आरक्षण लागू हो सकेगा और लोकसभा चुनाव में तो 2034 से लागू हो पाएगा। इस हिसाब से महिलाओं को 33 प्रतिशत राजनीतिक हिस्सेदारी देने में 8 से 11 वर्ष का समय लगेगा। ऐसे में, मोदी सरकार परिसीमन की अनिवार्यता से महिला आरक्षण को मुक्त कर उसे जल्द लागू करना चाहती है।


आधी आबादी को विधानसभा एवं लोकसभा में प्रतिनिधित्व देने की यह पहल स्वागतयोग्य है। लागू परिसीमन के अनुसार सभी राज्यों में अभी 4,123 विधायक हैं, जिनमें 392 महिलाएं हैं। 33 प्रतिशत आरक्षण से उनकी संख्या बढ़कर 1,300 से अधिक हो जाएगी। वर्तमान लोकसभा में 75 महिलाएं हैं। आरक्षण के प्रविधान के बाद 2029 के लोकसभा चुनाव में 181 महिलाएं चुनी जाएंगी। यह महिलाओं के राजनीतिक सशक्तीकरण का ऐतिहासिक अवसर होगा। इस बीच यह भी एक प्रश्न है कि क्या आम महिलाओं को इसकी जानकारी है? क्या उन्हें इस अवसर का लाभ उठाने हेतु किसी प्रेरणा, शिक्षण-प्रशिक्षण की व्यवस्था है? कहीं ऐसा न हो कि महिलाओं के लिए आरक्षित स्थान केवल राजनीतिक घरानों की महिलाओं से ही भर जाएं? क्या वर्तमान सांसदों, विधायकों, कद्दावर नेताओं के घरों की महिलाएं ही इसका लाभ उठाएंगी? पंचायतों-नगर निकाय में ऐसा ही हुआ। बहुत कुछ निर्भर करेगा कि राजनीतिक दल महिला प्रत्याशियों के चयन में क्या दृष्टिकोण अपनाते हैं। यदि वे केवल जिताऊ महिला प्रत्याशी तलाशेंगे, तो वही होगा जिसकी आशंका है। यह भी सुनिश्चित करना होगा कि



महिलाओं की हिस्सेदारी केवल उपस्थिति तक सीमित न रहे। वे विधायिका की संरचना, उसकी कार्यप्रणाली, उसे संचालित करने वाले नियम-परिनियम, वाद-विवाद कौशल, नीति-निर्माण की जटिलताओं, सरकार के विभिन्न मंत्रालयों की कार्यप्रणालियों, निर्णयन हेतु वांछित संवैधानिक एवं विधिक ज्ञान, देश-विदेश के गंभीर मुद्दों की समझ और सत्ता पक्ष एवं विपक्ष की लोकतांत्रिक मर्यादाओं को भी जाने-समझें। वे अपने निर्वाचन क्षेत्र की समस्याएं उठाने के साथ ही प्रदेश एवं देश के विकास और सुरक्षा जैसे मुद्दों पर भी अपनी राय रख सकें। नवनिर्वाचित महिला जनप्रतिनिधियों को यह भी समझना होगा कि वे सदन में किसी महिला दल के रूप में काम न कर सकेंगी। संविधान के 52वें संशोधन अर्थात दल-बदल निरोधक कानून (1985) के कारण वे अपने-अपने दल के निर्देशों से बंधी रहेंगी। उन्हें अपने-अपने दल के 'सचेतकों'(व्हिप) के निर्देशों के अनुरूप ही सदन में व्यवहार एवं मतदान करना पड़ेगा। अन्यथा उनकी सदस्यता समाप्त हो जाएगी। महिला आरक्षण लागू होने का एक पहलू यह भी होगा इससे प्रत्येक राज्य में पुरुष प्रत्याशियों के लिए उपलब्ध सीटें और विकल्प घट जाएंगे। महिलाएं तो सभी सीटों से चुनाव लड़ सकती हैं, लेकिन पुरुष केवल 'गैर-महिला' सीटों से ही चुनाव लड़ पाएंगे। यह स्थिति सभी दलों के लिए चुनौतीपूर्ण होगी। इससे राजनीतिक दलों में असंतोष और विखंडन की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। एक समस्या निर्वाचन आयोग के समक्ष भी आएगी।

# बेलगाम अमेरिकी राष्ट्रपति

यह सही है कि अमेरिका ने एक साहसिक कार्रवाई में ईरान में मार गिराए गए अपने विमान के पायलट को बचाकर अपनी सैन्य क्षमता का प्रदर्शन किया, पर इसकी भी अनदेखी नहीं की जा सकती कि ईरान जवाबी कार्रवाई करने में सक्षम बना हुआ है। अमेरिका और ईरान के रवैये को देखते हुए यही लगता है कि यह युद्ध जारी रहेगा। यदि ऐसा होता है तो पहले से ही दुनिया के लिए समस्या बना ऊर्जा संकट और अधिक गंभीर रूप ले सकता है। इस ऊर्जा संकट का कारण समुद्री मार्ग होर्मुज का बाधित होना और साथ ही ईरान की ओर से खाड़ी देशों में अमेरिकी सैन्य ठिकानों समेत वहां के ऊर्जा संयंत्रों को निशाना बनाना भी है। बाधित होर्मुज विश्व के साथ-साथ अमेरिका के लिए एक बड़ी चुनौती बन गया है। यदि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप



होर्मुज मार्ग खुलवाने के लिए अपने दावे के अनुसार ईरान पर भीषण हमले करते हैं तो भी यह कहना कठिन है कि वे अपने लक्ष्य को हासिल करने में सफल हो जाएंगे। ऐसे आसार इसलिए नहीं दिखते, क्योंकि ईरान अनुमान से अधिक घातक सैन्य क्षमता का प्रदर्शन कर रहा है। उसने अपनी मारक क्षमता से अमेरिका को चौंकाया ही है। यह मानने के पर्याप्त कारण हैं कि अमेरिका ने इजरायल के साथ मिलकर ईरान पर हमला बोलने के पहले उसकी सैन्य क्षमता का सही तरह आकलन नहीं किया। यदि अमेरिका इजरायल का साथ नहीं देता तो इस युद्ध की नौबत ही नहीं आती। स्पष्ट है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने ईरान को वेनेजुएला समझा और अपने अहंकार के चलते बिना कुछ ज्यादा सोचे-विचारे उस पर हमला बोल दिया। ट्रंप कुछ भी दावा करें, ईरान में न तो सत्ता परिवर्तन होता दिख रहा है और न ही यह कहा जा सकता है कि परमाणु हथियार निर्माण की उसकी क्षमता पूरी तौर पर नष्ट हो गई है। ट्रंप पहले ऐसे अमेरिकी राष्ट्रपति नहीं, जिन्होंने मनमाने तरीके से किसी अन्य राष्ट्र में सैन्य हस्तक्षेप किया हो, लेकिन इतना अवश्य है कि वे कुछ ज्यादा ही मनमानी का परिचय दे रहे हैं। इसका कारण अमेरिकी राष्ट्रपति का आवश्यकता से अधिक अधिकारसंपन्न और एक तरह से निरंकुश होना है। अमेरिकी राष्ट्रपति की निरंकुशता लोकतंत्र में एक असंतुलनकारी व्यवस्था ही है। यह लोकतांत्रिक मूल्यों और आदर्शों के विपरीत है। ट्रंप का रवैया शायद ही बदले, लेकिन अमेरिका के लिए इस पर विचार करना आवश्यक है कि अपार शक्तियों से लैस अमेरिकी राष्ट्रपति कैसे पूरी दुनिया के समक्ष संकट खड़ा कर देता है। यह ठीक है कि लोकतंत्र होने के नाते आगामी मध्यावधि चुनाव में ट्रंप को राजनीतिक रूप से नुकसान उठाना पड़ सकता है

## रक्तदान शिविर में 106 यूनिट रक्त संग्रहित



जयपुर टाइम्स

**पावटा(निस)।** क्षेत्र में समाजसेवा का प्रेरणादायक उदाहरण पेश करते हुए उमेश फौजी के नेतृत्व में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का आयोजन पावटा के एस के अस्पताल में आयोजित किया गया।शिविर में युवाओं और ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया, जिसके परिणामस्वरूप कुल 106 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।कार्यक्रम में कई व्यक्तियों की उपस्थिति रही। मुख्य अतिथियों के रूप में योगेश पटेल, संदीप हुसड़ा, जीडी टोरडा, कुलदीप यादव, डॉ वीरेंद्र गड़वाल,अशोक पटेल, करण कोटपुतली, अखिलेश यादव, देशराज यादव, कृष्ण यादव, रोहित यादव, जलेसिंह थालोद, अभिषेक यादव, सचिन ककराना, सचिन कादिया, अभिषेक खोस्या, पंकज पंडितपुरा, संदीप व मोहित सहित अनेक लोग मौजूद रहे।इस अवसर पर वक्ताओं ने रक्तदान को महादान बताते हुए अधिक से अधिक लोगों को इस पुण्य कार्य से जुड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि एक यूनिट रक्त कई जिंदगियों को बचा सकता है, इसलिए हर स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान करना चाहिए। शिविर को सफल बनाने में बानसूर ब्लड बैंक की टीम का विशेष सहयोग रहा, जिन्होंने पूरी प्रक्रिया को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया।कार्यक्रम के अंत में आयोजकों द्वारा सभी रक्तदाताओं व सहयोगियों का आभार व्यक्त किया गया और भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी आयोजन करते रहने का संकल्प लिया गया।

## जमीन से अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर ग्रामीणों का धरना जारी, आज से आमरण अनशन!





जयपुर टाइम्स

**चाकसू(निस)।** कोटखावदा तहसील के ग्राम पंचायत राडोली के जगरामपुरा स्थित खसरा नंबर 94 पर अतिक्रमण को हटवाने को लेकर ग्रामीणों ने 30 मार्च से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जा रहा था। वही कोटखावदा तहसील कार्यालय के सामने सोमवार को धरना प्रदर्शन करते हुए 8 दिन हो गए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि जमीन से अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो हम आमरण अनशन शुरू कर देंगे। इस दौरान अतिक्रमण हटवाने को लेकर तहसीलदार और वीडीओ अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। मैसी गुर्जर ने बताया कि जगरामपुरा, राडोली, महेशपुरा, नैनुपूरा आदि गांवों के लोगों की ओर से 8 दिन से धरना प्रदर्शन कर रहे अतिक्रमण हटवाने को लेकर लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। ऐसे में ग्रामीणों में गहरा आक्रोश है। सभी उच्चाधिकारी को अतिक्रमण हटवाने को लेकर लिखित में दिया जा चुका है। लेकिन समय अनुसार कारवाई नहीं हुई तो ग्रामीणों की ओर से 7 अप्रैल से आमरण अनशन शुरू करके अनिश्चित कालीन निर्णय लिया है।

## सीएचसी में आरएमआरएस बैठक आयोजित, व्यवस्थाओं में सुधार के निर्देश



जयपुर टाइम्स

**विराटनगर(निस)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जयसिंहपुरा में ब्लॉक स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक अधिकारी ने की। जिसमें आरएमआरएस (रोगी कल्याण समिति )की बैठक भी संपन्न हुई।बैठक के दौरान स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं एवं आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। इस दौरान चिकित्सा प्रभारी व अन्य अधिकारियों ने अस्पताल में संसाधनों की कमी तथा सुधार से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा करते हुए प्रस्ताव प्रस्तुत किए।वहीं उपखंड अधिकारी की ओर से भी स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया गया और अस्पताल में साफ-सफाई व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। इस दौरान पक्के भवन निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए व्यवस्थाओं में सुधार लाने के निर्देश दिए। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने तथा आमजन को सुगम सुविधाएं उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया। इस दौरान ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी सुनील मीणा सहित आनेको लोग मौजूद रहे।

### भैराणा धाम पर औद्योगिक गतिविधियों का साया

# संतों की आस्था आहत, हरियाली और वन्यजीवों पर संकट

जयपुर टाइम्स

**फुलेरा(निस)।** दादू सम्प्रदाय की आस्था के केंद्र और संत शिरोमणि संत दादू दयाल की मोक्षस्थली माने जाने वाले भैराणा धाम क्षेत्र में इन दिनों चल रही औद्योगिक गतिविधियों ने संत समाज और स्थानीय लोगों की चिंता गहरा दी है। श्रद्धालु जिस धाम को अपने सम्प्रदाय का 'हरिद्वार' मानते हैं, उसी पावन भूमि पर हो रहे बदलाव अब आस्था और प्रकृति–दोनों पर संकट बनते नजर आ रहे हैं।



### आस्था का केंद्र, अब आशंका का स्थल:

भैराणा धाम वर्षों से दादू सम्प्रदाय के अनुयायियों के लिए श्रद्धा और साधना का प्रमुख स्थल रहा है। यहां देशभर से श्रद्धालु संत दादू दयाल की समाधि के दर्शन करने पहुंचते हैं। संतों का कहना है कि यह धाम केवल एक धार्मिक स्थान नहीं, बल्कि आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र है, जहां शांति और साधना का अद्भुत वातावरण मिलता है।

### औद्योगिक गतिविधियों से बदलता स्वरूप:

हाल ही में धाम के आसपास कई किलोमीटर क्षेत्र में भूमि समतलीकरण का कार्य किया गया है। इस प्रक्रिया में बड़ी संख्या में पेड़-पौधों को हटाया गया और प्राकृतिक वनस्पतियां नष्ट हो गईं। संत समाज का आरोप है कि औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने वाली संस्था की ओर से भूमि आवंटन और विकास कार्य किए जा रहे हैं, जिससे पूरे क्षेत्र की पवित्रता पर प्रश्नचिन्ह खड़ा हो गया है।

### हरियाली और वन्यजीवों पर संकट:

भैराणा धाम का क्षेत्र पर्यावरणीय दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील माना जाता है। यहां मोर, सियार, लोमड़ी, नीलगाय और खरगोश जैसे वन्यजीवों का प्राकृतिक आवास है विविध औषधीय वनस्पतियां और घनी हरियाली क्षेत्र की पहचान रही है स्थानीय लोगों का कहना है कि लगातार हो रही गतिविधियों से यह प्राकृतिक संतुलन बिगड़ रहा है और वन्यजीवों का अस्तित्व खतरे में पड़ता जा रहा है।

### संतों की पीड़ा: 'पवित्रता पर आंच बर्दाश्त नहीं:

संत समाज ने गहरी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि जिस भूमि को वे वर्षों से तपोभूमि मानते आए हैं, वहां इस तरह के औद्योगिक हस्तक्षेप उनकी भावनाओं को आहत कर रहे हैं। उनका कहना है कि यदि समय रहते इन गतिविधियों पर रोक नहीं लगी, तो आने वाली पीढ़ियां इस पवित्र धाम की मूल पहचान से वंचित हो जाएंगी।

### ग्रामीणों की आजीविका पर भी असर:

स्थानीय ग्रामीणों ने भी चिंता जताई है कि क्षेत्र में हो रहे बदलाव का सीधा असर उनकी आजीविका पर पड़ेगा। आसपास के कई परिवार पशुपालन और प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भर हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि इसी प्रकार कार्य जारी रहा, तो न केवल पर्यावरण बल्कि उनकी जीवनशैली भी प्रभावित होगी।

### संवेदनशीलता के साथ विकास की मांग:

संत समाज और ग्रामीणों ने एक स्वर में मांग की है कि भैराणा धाम की धार्मिक और पर्यावरणीय महत्ता को ध्यान में रखते हुए किसी भी विकास कार्य से पहले सभी पक्षों से संवाद किया जाए। उन्होंने प्रशासन से अपील की है कि इस पवित्र स्थल की गरिमा, आस्था और प्रकृति की रक्षा के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।

## पार्क की सुरक्षा व अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

जयपुर टाइम्स

**चाकसू(निस)।** चाकसू उपखंड क्षेत्र कोटखावदा तहसील ग्राम पंचायत राडोली क्षेत्र के जगरामपुरा स्थित बिरसा मुंडा मूर्ति स्थापित पार्क पर राजस्थान मीणा सेवा संघ तहसील कोटखावदा के तत्वाधान में सोमवार को मीणा समाज के लोगों की बैठक आयोजित हुई। वही सोमवार को मीटिंग आयोजित के दौरान तहसीलदार व पंचायत समिति विकास अधिकारी भी पहुंचकर लोगों की समस्या सुनी गई। वही मीणा समाज के लोगों ने बताया कि बिरसा मुंडा मूर्ति पार्क की सुरक्षा को कैमरे लगवाने को लेकर इंतजाम किया जाए और जगरामपुरा गांव में चारागाह पर हो रहे अवैध अतिक्रमण हटवाने को लेकर मीणा समाज के लोगों प्रशासन को मुख्यमंत्री ने नाम ज्ञापन सौंपा गया। वही ज्ञापन में बताया कि चारागाह भूमि पर अवैध अतिक्रमण को अभिलंब हटाकर चारागाह भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया जाए और दोषी व्यक्तियों के विरोध सख्त कार्रवाई की जाए। भविष्य में कोई सार्वजनिक संपत्ति पर अवैध कब्जा नहीं करें। बेजुबान





पशुओं के हितों की रक्षा करने एवं न्यायपूर्ण त्वरित कार्रवाई करने की मांग की गई। यदि निर्धारित सीमा समय पर प्रशासन द्वारा कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया तो हम कोटखावदा निवासियों को मुख्यमंत्री निवास को घेराव करने के लिए विवश होना पड़ेगा।

## सांभर में विप्रोत्सव 12 को, तैयारियां तेज; घर-घर पीले चावल से निमंत्रण

जयपुर टाइम्स

**सांभरलेक(निस)।** ब्राह्मण समाज के प्रतिष्ठित आयोजन विप्रोत्सव को लेकर सांभर में तैयारियां अब जोरों पर हैं। 12 अप्रैल को होने वाले इस भव्य व ऐतिहासिक समारोह को लेकर समाज के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पूरी ताकत झोंक दी है। इसी क्रम में सोमवार को सांभर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित कर कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा तय की गई और विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक का शुभारंभ भगवान गणेश की पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इसके बाद परंपरा अनुसार पीले चावल का आयोजन कर समाजजनों को निमंत्रण देने की शुरुआत की गई। आयोजकों ने बताया कि आने वाले दिनों में घर-घर जाकर पीले चावल वितरित किए जाएंगे, जिससे अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित हो सके। आयोजक कुलदीप व्यास ने बताया कि इस वर्ष का विप्रोत्सव विशेष रूप से भव्य और ऐतिहासिक होगा। समारोह में विप्र फाउंडेशन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी का अभिनंदन किया जाएगा, जो कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहेगा। उन्होंने जानकारी दी कि कार्यक्रम में विप्र फाउंडेशन के फाउंडर सुशील ओझा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। वहीं राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्यनारायण श्रीमाली व पद्मश्री से सम्मानित हास्य कवि सुरेंद्र शर्मा



विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। इसके अलावा जयपुर के प्रसिद्ध मोती डूंगरी गणेश मंदिर के महंत कैलाश शर्मा भी कार्यक्रम में विशेष रूप से शामिल होंगे। आयोजकों के अनुसार, समारोह में देशभर से ब्राह्मण समाज के प्रमुख लोगों के पहुंचने की संभावना है, जिससे यह आयोजन राष्ट्रीय स्तर का स्वरूप लेगा और सांभर की पहचान को नई ऊंचाई देगा। बैठक में सांभर ब्राह्मण समाज अध्यक्ष हरिदास शर्मा, अरुण व्यास, विक्की शर्मा, बसंत जोशी, फुलेरा तहसील अध्यक्ष दीपक शर्मा, शंकर शर्मा, प्रमोद जोशी, रूपनारायण शर्मा, रमेश पारीक, धार्मिक आयोजन समिति अध्यक्ष सत्यनारायण जोपट, मनीष सूंठवाल, गोरधन शर्मा, हेमंत व्यास, निर्मल शर्मा, राजू दाधीच सहित बड़ी संख्या में विप्र बंधु उपस्थित रहे।

## हाईवे पर एथेनॉल टैंकर पलटा, बड़ा हादसा टला

जयपुर टाइम्स

**सांगानेर(निस)।** जयपुर के बगरू हाईवे पर सोमवार को एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया, जब एथेनॉल से भरा एक टैंकर अनियंत्रित होकर पलट गया। इस दौरान पास से गुजर रही एक थार गाड़ी उसकी चपेट में आ गई। हालांकि गनीमत रही कि इस दुर्घटना में कोई जनहानि नहीं हुई और सभी लोग सुरक्षित बच गए। घटना



होटल हाईवे किंग के पास की बताई जा रही है, जहां अचानक टैंकर का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क पर पलट गया। टैंकर के पलटते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई और हाईवे पर कुछ समय के लिए यातायात बाधित हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टैंकर के पास से गुजर रही थार गाड़ी को साइड दबाने के कारण यह हादसा हुआ। सूचना मिलते ही पुलिस जाब्ता तुरंत मौके पर पहुंचा और हालात को संभालते हुए राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहन को हटवाकर यातायात सुचारू कराया। साथ ही एथेनॉल से भरे टैंकर को सुरक्षित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए गए, ताकि किसी प्रकार की आगजनी या अन्य खतरा उत्पन्न न हो।

पुलिस मामले की जांच कर रही है और हादसे के सही कारणों का पता लगाया जा रहा है।

## ब्लॉक स्तर पर 'विकास का अलर्ट': अधिकारियों की साप्ताहिक बैठक में कसा शिकंजा

जयपुर टाइम्स



**सुमेरपुर(निस)।** ब्लॉक स्तर पर विकास कार्यों को गति देने के लिए को उपखंड अधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में अधिकारियों पर जवाबदेही का शिकंजा कस दिया गया। बैठक में स्पष्ट संकेत दिए गए कि अब योजनाएं केवल कागजों तक सीमित नहीं रहेंगी, बल्कि धरातल पर परिणाम दिखाना अनिवार्य होगा। बैठक की शुरुआत में विकास अधिकारी ने मुख्यमंत्री विकसित ग्राम एवं शहरी वार्ड अभियान को लेकर ब्लॉक के सभी विभागों, पटवारियों और ग्राम विकास अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की। अभियान के लक्ष्यों, कार्यप्रणाली और जमीनी क्रियान्वयन को लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए, ताकि हर स्तर पर कार्यों में तेजी लाई जा सके। इसके बाद राज्य सरकार की ओर से अभियान के प्रभावी संचालन के लिए ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस दौरान सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी, पटवारी एवं ग्राम विकास अधिकारी ऑनलाइन जुड़कर तकनीकी जानकारी और कार्यप्रणाली से अवगत हुए। बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि अभियान के तहत गांव और वार्ड स्तर पर विकास कार्यों की निगरानी और प्रगति रिपोर्टिंग को प्राथमिकता दी जाएगी। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में समस्त ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे और सभी को अपने-अपने विभागों में अभियान को गंभीरता से लागू करने के निर्देश दिए गए।

## जयपुर में पहली बार क्षेत्रीय कृषि सम्मेलन आज, 5 राज्यों के मंत्री-अधिकारी जुटेंगे

### आत्मनिर्भरता व डिजिटल खेती पर मंथन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** राजस्थान में कृषि क्षेत्र को नई दिशा देने और बदलती जलवायु परिस्थितियों के अनुरूप प्रभावी रणनीति तैयार करने के उद्देश्य से 7 अप्रैल को जयपुर में पहली बार पश्चिम जोनल क्षेत्रीय कृषि सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इस भव्य सम्मेलन की अध्यक्षता केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान करेंगे, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 10 बजे वंदे मातरम् के साथ होगा। आयुक्त कृषि नरेश कुमार गोयल ने बताया कि सम्मेलन में राजस्थान की समृद्ध संस्कृति की झलक भी देखने को मिलेगी। अतिथियों का स्वागत सांगानेरी प्रिंट के दुपट्टों से किया जाएगा तथा मिलेट्स (श्री अन्न) से बने उत्पाद भेंट किए जाएंगे। भोजन में बाजरे का चूरमा, रागी हलवा और दाल-बाटी-चूरमा जैसे पारंपरिक व्यंजन परोसे जाएंगे। अतिथियों को गोविंद देव जी मंदिर एवं काले हनुमान जी मंदिर के दर्शन भी कराए जाएंगे। सम्मेलन में गोवा, महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश और राजस्थान सहित पांच राज्यों के कृषि मंत्री, प्रमुख सचिव, निदेशक व वरिष्ठ अधिकारी भाग लेंगे। विभिन्न सत्रों में राष्ट्रीय कृषि योजनाओं की समीक्षा के साथ तिलहन उत्पादन बढ़ाने, दलहन आत्मनिर्भरता, प्राकृतिक खेती और डिजिटल कृषि मिशन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा होगी। कार्यक्रम के दौरान 'पर ड्रॉप मोर क्रॉप' पहल के तहत सूक्ष्म सिंचाई को बढ़ावा देने, एग्री-स्टैक, डिजिटल किसान डेटाबेस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रिमोट सेंसिंग जैसी तकनीकों के उपयोग पर भी विशेष फोकस रहेगा। साथ ही नकली कीटनाशकों पर रोक, उर्वरकों के संतुलित उपयोग और बाजार व्यवस्था को मजबूत करने जैसे मुद्दों पर भी मंथन किया जाएगा। सम्मेलन में विभिन्न राज्यों की श्रेष्ठ कृषि पद्धतियों का आदान-प्रदान किया जाएगा, जिससे किसानों की आय बढ़ाने और कृषि को अधिक टिकाऊ व तकनीकी रूप से सशक्त बनाने की दिशा में ठोस रणनीति तैयार हो सके। अंत में केंद्रीय कृषि मंत्री द्वारा प्रेस वार्ता कर सम्मेलन के निष्कर्ष साझा किए जाएंगे। यह सम्मेलन कृषि क्षेत्र में समन्वय, नवाचार और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## 2 साल बाद मिला सुराग: सुमेरपुर पुलिस ने यूपी से महिला को किया दस्तयाब

**सुमेरपुर/पाली(निस)।** करीब दो वर्ष से लापता महिला को सुमेरपुर थाना पुलिस ने उत्तर प्रदेश से दस्तयाब कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्य, साइबर ट्रैकिंग और सटीक रणनीति के दम पर बदायूं जिले के सिसरका क्षेत्र से महिला को सुरक्षित बरामद किया। मामले में प्रार्थी की ओर से दायर हैबियस कॉर्पस याचिका पर संज्ञान लेते हुए तत्कालीन पुलिस अधीक्षक चूनाराम जाट के निर्देशन एवं उच्च अधिकारियों के मार्गदर्शन में विशेष टीम का गठन किया गया। थानाधिकारी सवाई सिंह राठौड़ के नेतृत्व में टीम ने मोबाइल लोकेशन, कॉल डिटेल रिकॉर्ड और संदिग्ध संपर्कों का गहन विश्लेषण किया। लगातार कई दिनों तक अलग-अलग स्थानों पर पड़ताल के बाद महिला की लोकेशन उत्तर प्रदेश में ट्रेस की गई।

पुलिस जांच में सामने आया कि महिला को योजनाबद्ध तरीके से राज्य से बाहर ले जाया गया था। इसके बाद टीम ने गोपनीय तरीके से कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर महिला को सुरक्षित दस्तयाब कर लिया।

उप निरीक्षक दिनेश कुमार, कांस्टेबल दिलीप सिंह मीणा और रमेश कुमार ने पूरी कार्रवाई में सक्रिय भूमिका निभाई। दस्तयाब महिला को नियमानुसार राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर में पेश किया गया, जहां आगे की विधिक प्रक्रिया पूरी की गई।

## राशन डीलरों को 15 मार्च तक के बकाया कमीशन व राशन परिवहनकर्ताओं को 31 मार्च तक के बकाया बिलों का मिला भुगतान

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** खाद्य व नागरिक आपूर्ति विभाग माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सार्वजनिक वितरण प्रणाली को सुदृढ़ बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है। इसी क्रम में खाद्य व नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने बताया कि राज्य के राशन विक्रेताओं को बकाया कमीशन और राशन परिवहनकर्ताओं के बकाया बिलों का भुगतान कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि राशन विक्रेताओं को दिसंबर माह से 15 मार्च तक के कमीशन और राशन परिवहनकर्ताओं को दिसंबर माह से 31 मार्च तक के परिवहन बिलों का भुगतान पूर्ण रूप से कर दिया गया है, जिससे लंबे समय से प्रतीक्षित राहत राशन विक्रेताओं और राशन परिवहनकर्ताओं को मिली है। गोदारा ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से अप्रैल माह के कमीशन एवं परिवहन बिलों के भुगतान के लिए भी वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इससे राज्य में राशन वितरण व्यवस्था को निरंतरता और मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि समय पर वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता से परिवहन और वितरण प्रणाली में किसी प्रकार की बाधा नहीं आएगी। उन्होंने बताया कि यह पहली बार है जब मार्च माह के डीलर कमीशन व परिवहन बिलों का भुगतान मार्च माह में ही कर दिया गया है। इससे पूर्व प्रत्येक वित्तीय वर्ष में औसतन लगभग 04 माह का डीलर कमीशन एवं परिवहन से सम्बंधित भुगतान लंबित रहता था जो कि अगले वितीय वर्ष में ही संभव हो पाता था जिससे राशन डीलर्स एवं परिवहनकर्ता को आर्थिक कठिनाईयो का सामना करना पड़ता था। इस पहल से राशन विक्रेताओं और राशन परिवहनकर्ताओं का मनोबल बढ़ेगा तथा वे और अधिक दक्षता के साथ कार्य कर सकेंगे। इससे राज्य में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना का और प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित होगा। खाद्य व नागरिक आपूर्ति मंत्री ने कहा कि समय पर डीलर कमीशन व परिवहन बिल भुगतान से राशन वितरण में पारदर्शिता और नियमितता बनी रहेगी, जिससे प्रदेश के करोड़ों खाद्य सुरक्षा लाभार्थियों को बिना किसी बाधा के खाद्यान्न उपलब्ध होता रहेगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि राज्य सरकार राशन डीलरों व राशन परिवहनकर्ताओं को कमीशन व बिलों का समयबद्ध व नियमित भुगतान सुनिश्चित करती रहेगी।

## शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर कसा तंज

### कहा- अली बाबा और 40 चोरों ने जमकर किया था भ्रष्टाचार

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं)** शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने पूर्ववर्ती गहलोत सरकार को अली बाबा 40 चोर की संज्ञा दी और तंज कसते हुए कहा कि गहलोत टीम में सभी ने जमकर भ्रष्टाचार किया था। खासतौर पर पूर्व शिक्षा मंत्री एवं कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने शिक्षकों के ट्रांसफरों में बहुत भ्रष्टाचार किया था, जिसे शिक्षकों ने खुलेआम स्वीकारा भी था। उन्होंने कहा कि इस भ्रष्टाचारी गैंग के सरदार गहलोत थे, लेकिन गहलोत सहित सभी के पास पहुंचता था, इसलिए डोटासरा पर कोई एक्शन नहीं लिया गया। मंत्री दिलावर ने कहा कि ये सब दलाल थे और गहलोत को कमाकर देते थे।

## मंदिर माफी भूमि पर कब्जे का मामला तूल पकड़ने लगा, संत समाज ने दी चेतावनी

जयपुर टाइम्स

**पाटन(निस)।** उपखंड क्षेत्र के हसामपुर के निकट ग्राम बक्शीपुरा में मंदिर माफी भूमि पर कथित अवैध कब्जे का मामला अब तूल पकड़ने लगा है। प्रशासनिक स्तर पर अब तक कार्रवाई नहीं होने से संत समाज में नाराजगी बढ़ती नजर आ रही है। मंदिर के महंत बलवीर दास ने बताया कि ठाकुर जी मंदिर की करीब 9.70 हेक्टेयर भूमि राजस्व रिकॉर्ड में मंदिर के नाम दर्ज है। इसके बावजूद उक्त भूमि पर अन्य व्यक्ति की ओर से कब्जा कर लिया गया है। इस संबंध में उपखंड अधिकारी व जिला कलक्टर को शिकायत भी दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। महंत ने बताया कि मंदिर का जीर्णोद्धार कर इसे भव्य स्वरूप दिया गया था और नियमित पूजा-अर्चना की जा रही है। इसके बावजूद मंदिर की भूमि पर कब्जा होना चिंताजनक है। कार्रवाई नहीं होने पर उन्होंने साधु-संतों को मामले की जानकारी दी, जिसके बाद अब संत समाज के समर्थन में वीडियो भी सामने आने लगे हैं। संत समाज ने चेतावनी देते हुए कहा कि या तो प्रशासन अवैध कब्जा हटाकर भूमि मंदिर को सुपुर्द करे, अन्यथा वे स्वयं कार्रवाई करने को बाध्य होंगे। संतों ने यह भी स्पष्ट किया कि वे क्षेत्र में शांति बनाए रखना चाहते हैं, लेकिन न्याय नहीं मिलने पर आंदोलन किया जाएगा। इधर, क्षेत्र में इस मामले को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं और लोगों की नजरें अब प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी हैं।

## साहित्यकार सामौर का सम्मान 13 को

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सुजला संस्थान की ओर से रामेश्वरलाल खटीक की स्मृति में -सुजला गौरव सम्मान - 2026 कार्यक्रम का आयोजन 13 अप्रेल को राजकीय गणेशीराम झंवर बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य सचेतक, राजस्थान सरकार जोगेश्वर गर्ग होंगे। अरविन्द विश्वेन्द्रा ने बताया कि कार्यक्रम में मूर्धन्य साहित्यकार प्रो. भंवर सिंह सामौर को सम्मानित किया जाएगा।

# भारत विकास परिषद् अलवर शाखा के शपथ ग्रहण समारोह में पदाधिकारियो ने ली शपथ

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं)।** भारत विकास परिषद् अलवर शाखा का शपथ ग्रहण समारोह विवेकानन्द महिला स्वावलम्बी केन्द्र वैशाली नगर अलवर में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री संजय शर्मा रहे। साथ ही भारत विकास परिषद् राजस्थान प्रान्त के उपाध्यक्ष विजय खुटेटा, प्रांतीय महासचिव ओ पी रावत ने जयपुर से आकर कार्यकारिणी को शपथ दिलवाई।

कार्यक्रम का प्रारम्भ माँ सरस्वती एवं विवेकानन्द जी की तस्वीर पर अतिथियों द्वारा पुष्पमाला चढ़ाकर एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। अतिथियों व मंच आसीन पदाधिकारियों तथा ट्रस्ट के पदाधिकारियों एवं अरावली शाखा से आये पदाधिकारियों का कुमकुम तिलक लगाकर एवं अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किया गया। डॉ. अनुरिता झा एवं डॉ. अशोक द्वारा तैयार बच्चियों ने मंत्रमुग्ध करने वाले राम धुन पर कत्थक नृत्य की प्रस्तुति द्वारा अतिथियों का स्वागत किया। दोनों बच्चियों को डॉ. कुमकुम कपूर द्वारा अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया।

स्वागत भाषण में निवर्तमान अध्यक्ष सुरेश गोयल ने सभी का सहयोग हेतु धन्यवाद दिया। वहीं नई कार्यकारिणी का स्वागत करते हुए यथसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। निवर्तमान सचिव राधेश्याम ने भी सभी का धन्यवाद देते हुए वर्ष 2025-26 के हुए कार्यो को संक्षिप्त प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। निवर्तमान कोषाध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता ने आय एवं खर्च का लेखा जोखा सदन के समक्ष प्रस्तुत किया।

राज. प्रांतीय महासचिव ओ पी रावत द्वारा अध्यक्ष गिरीश गुप्ता , सचिव अशोक कुमार गुप्ता , कोषाध्यक्ष लोकेश गोयल को शपथ दिलवाई गयी तद्पश्चात राजस्थान प्रान्त के उपाध्यक्ष विजय खुटेटा ने सभी शाखा संयोजको एवं प्रकल्प प्रमुखों को शपथ दिलवाई।

राज. प्रांतीय महासचिव ओ पी रावत द्वारा नए सदस्यों मिठ्ठन लाल गुप्ता-शकुन गुप्ता, रुपेश गुप्ता-कविता गुप्ता, कपिल शर्मा-निशा शर्मा को शपथ दिलवाकर भारत विकास परिषद् अलवर शाखा का सदस्य मनोनीत किया।

नवनियुक्त अध्यक्ष गिरीश गुप्ता ने अपने कार्यकाल 2026-27 की विस्तृत योजनाओ को सदन के समक्ष प्रस्तुत किया। राज. प्रांतीय महासचिव ओपी रावत,राज. प्रान्त के उपाध्यक्ष विजय खुटेटा ने अपने अपने उद्बोधन में पुरानी कार्यकारिणी के कार्यो की प्रशंसा करते हुए नई टीम को अग्रीम बधाई प्रेषित की, साथ ही ये भी बताया कि अलवर शाखा प्रान्त की पहली शाखा है जिसका दायित्व ग्रहण समारोह सबसे पहले किया जा रहा है !

राज.सरकार के राज्यमंत्री संजय शर्मा ने अपने उद्बोधन में पुरानी टीम के कार्यो की प्रशंसा एवं नई टीम को हार्दिक शुभकामनाये प्रेषित करते हुए रणथम्भोर अभ्यारण में वन भ्रमण हेतु निमंत्रण दिया, साथ ही वनों को गन्दा ना करने, पेड़ लगाने जैसे कई कार्यो के लिए परिषद् सदस्यों से आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में सचिव अशोक कुमार गुप्ता द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। मंच संचालन दीक्षा अग्रवाल एवं नीना गुप्ता द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में डॉ.के.के.गुप्ता, डॉ.कुमकुम कपूर, के.जी.खण्डेलवाल, अशोक मित्तल, डॉ.आर.पी.गुप्ता, डॉ.राजीव सक्सेना, प्रदीप गोयल, दिलीप गोयल, उमाशंकर गुप्ता, राधा रमन सोनी, च्यवन भार्गव, चंद्रप्रकाश गुप्ता, डॉ वी.के.अग्रवाल, रामबाबू गुप्ता, विनोद अग्रवाल, प्रह्लाद अग्रवाल, डॉ.सुशिल बंसल, डॉ.जयंत थरेजा, महिपाल सिंह शेखावत, केदार गोयल, घनश्याम अग्रवाल, पी.के.शर्मा, सुरेश गोयल, राधेश्याम, नीरज गुप्ता, इंजी.सुभाष जोशी, हेमेन्द्र अग्रवाल, शशांक झालानी, हरीश जसोरिया, अनुपमा गोयल आशा मित्तल शोभा अग्रवाल, सुनीता बंसल, यामिनी गुप्ता, संध्या अग्रवाल, चंचल सक्सेना, सुधा अग्रवाल, डॉ.मंजू अग्रवाल, नीना गुप्ता, नीना सोनी , सीमा गुप्ता इत्यादि थे।

## डिग्गी में डूबने से बालक की मौत

जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** डिग्गी से पानी भरने गए बालक की डूबने से मौत हो गई। घटना को लेकर मृतक के चाचा ने राजलदेसर पुलिस में मर्ग दर्ज करवाई है, जिस पर पुलिस ने मर्ग दर्ज कर सोमवार को लाश का पोस्टमार्टम करवाकर शव अंतिम संस्कार के लिए परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस ने बताया कि गांव आलसर बास निवासी 35 वर्षीय सहीराम पुत्र मांगूराम नायक ने रिपोर्ट दी कि उसका भाई देवाराम नायक गांव आलसर निवासी हनुमानाराम के खेत को काश्त करता है। देवाराम परिवार सहित खेत में बनी ढाणी में ही रहता है। रविवार की शाम उसका बेटा पंकज खेत में बनी डिग्गी से पानी भरने के लिए गया था। इस दौरान उसका पैर फिसल गया, जिससे डूबने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग को दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है। मामले की जांच सीआई सुरेंद्र कुमार कर रहे हैं।

## ट्रोले की टक्कर से बाइक सवार अध्यापक घायल

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ(निस)।** गांव पड़िहारा के माताजी मंदिर फाटक के पास मेगा हाइवे पर सोमवार की सुबह बाइक व ट्रोला की टक्कर में बाइक पर सवार 50 वर्षीय व्यक्ति घायल हो गया। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रैफर कर दिया। हैड कांस्टेबल हंसराज मीणा ने बताया कि पिलानी निवासी 50 वर्षीय नरेंद्र पुत्र महिपाल जाट बीदासर तहसील के सूड़ बड़ी गांव की स्कूल में अध्यापक है। वह सुबह अपनी बाइक से स्कूल जा रहा था कि पड़िहारा में माताजी मंदिर फाटक के पास ट्रोला ने उसकी बाइक के टक्कर मार दी, जिससे नरेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को जिला अस्पताल लेकर आए, जहां पर डॉक्टरों ने उसे हायर सेंटर रैफर कर दिया। समाचार लिखे जाने तक इस संबंध में मुकदमा दर्ज नहीं हुआ है।

## 2 हजार रुपए का किया कैरिंग चार्ज वसूल, 2 केन्टर सामान जब्त

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** नगर निगम जयपुर आयुक्त ओम कसेरा के निर्देशानुसार व पूर्व से प्राप्त शिकायतों पर उपायुक्त सतर्कता के नेतृत्व में सोमवार को सतर्कता शाखा की ओर से नगर निगम जयपुर क्षेत्राधिकार में सात नंबर चैराहा, सुरेश ज्ञान विहार कॉलेज के सामने, सेक्टर 26 द्वारिकापुरी श्योपुर रोड़ व सेक्टर 6, धौलाई पत्रकार कॉलोनी मानसरोवर, पांच्यावाला सिरसी रोड़ से अस्थाई अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध 2 हजार रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल कर 2 केन्टर सामान जब्त किया गया।उपायुक्त सतर्कता ने बताया कि नगर निगम जयपुर क्षेत्राधिकार में सात नंबर चोराहा, सुरेश ज्ञान विहार कॉलेज के सामने, सेक्टर 26 द्वारिकापुरी श्योपुर रोड़ व सेक्टर 6, धौलाई पत्रकार कॉलोनी मानसरोवर, पांच्यावाला सिरसी रोड़ से अस्थाई अतिक्रमण हटवाया गया। उपरोक्त कार्रवाई के दौरान 2 केन्टर सामान जब्त कर गोदाम में भिजवाया गया व अस्थाई अतिक्रमण करने वालों से मौके पर 2 हजार रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल किया गया तथा दौरे के दौरान कार्यवाही सतर्कता टीम की ओर से मौके पर समझाइश करते हुए मौखिक पाबंद करवाया कि भविष्य में अस्थाई अतिक्रमण समय से हटा ले अन्यथा नगर निगम जयपुर के क्षेत्राधिकार में अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध भारी चालान या प्रभावी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## डोकण में जोहड़ बचाओ के लिए भरी हुंकार, आंदोलन के लिए संघर्ष समिति गठित

जयपुर टाइम्स

**पाटन(निस)।** हनुमान जयंती के अवसर पर डोकण ग्राम पंचायत में आयोजित बैठक में बाबा मीठाराम जोहड़ को बचाने के लिए संघर्ष समिति का गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस नेता व पर्यावरण प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष मनीष चतुर्वेदी ने की। बैठक में सर्वसम्मति से बाबा मीठाराम जोहड़ बचाओ संघर्ष समिति का गठन किया गया। समिति के अध्यक्ष महामंडलेश्वर बजरंगदास महाराज, उपाध्यक्ष पूर्व सरपंच भंवर सिंह तंवर, सचिव बलराम गिराटी तथा महासचिव रामोतार मीणा को बनाया गया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि जोहड़, सरकारी अस्पताल और गोशाला में किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समिति अध्यक्ष बजरंगदास महाराज ने कहा कि पूर्वजों की धरोहर को किसी भी स्थिति में सड़क में परिवर्तित नहीं होने दिया जाएगा। बताया गया कि इस संबंध में पूर्व में एसडीएम को ज्ञापन भी सौंपा जा चुका है। मनीष चतुर्वेदी ने कहा कि अधिकारियों से वार्ता के बाद कार्य रुकवाने के निर्देश दिए गए हैं, लेकिन समिति ने कार्य दोबारा शुरू होने की आशंका जताते हुए सतर्क रहने का निर्णय लिया। पूर्व सरपंच भंवर सिंह तंवर ने जोहड़ को 'अमृत सरोवर' बताते हुए इसके संरक्षण पर जोर दिया। वहीं, बैठक में स्टेट हाईवे की स्थिति को लेकर भी चिंता व्यक्त की गई। वक्ताओं ने कहा कि अधूरे निर्माण के कारण सड़क पर धूल व हादसों का खतरा बना हुआ है। टोल वसूली पर भी सवाल उठाए गए। समिति ने मांग की है कि सड़क के खतरनाक मोड़ों को सुधारा जाए तथा फोरलेन निर्माण कार्य शीघ्र शुरू किया जाए। बैठक में एडवोकेट रामजीलाल गुर्जर, शंकर वर्मा, पुरुषोत्तम शर्मा, हेमराज गुर्जर, वीरेंद्र कुमावत, दशरथ स्वामी, रॉकी गुर्जर ढोबाला, विकास योगी, सरजीत वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## प्यार में सात समंदर पार से आई दुल्हन

प्यार करने वालों के लिए सरहदें मायने नहीं रखतीं। ऐसी ही प्रेम कहानी है बेल्जियम की रहने वाली केमिली की है, सोशल मीडिया पर उनकी दोस्ती कर्नाटक के अनंतराजू से बढ़ी, जो बाद में प्यार में बदल गई। इसके बाद केमिली ने प्यार के लिए सात समंदर पार से कर्नाटक आ गई। यहां उसने प्रेमी अनंतराजू से शादी कर ली। गौरतलब है कि 30 साल के अनंतराजू ऑटो चलाने के साथ टूरिस्ट गाइड का काम करते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, साल 2019 में केमिली अपने परिवार के साथ कर्नाटक के हंपी में घूमने आई थीं। तब अनंतराजू उनके गाइड बने थे। अनंतराजू ने ही उन्हें कर्नाटक में घुमाया था और उनके रहने-खाने की व्यवस्था कराई थी। इसके बाद जब वे वापस बेल्जियम लौट गई तो सोशल मीडिया के जरिए दोनों के बीच बात-चीत होती रही। धीरे-धीरे दोनों के बीच नजदीकी बढ़ने लगी और दोस्ती प्यार में बदल गई। केमिली ने इंडिया आकर मिलने का वादा भी किया, लेकिन फिर कोरोना आ गया और दोनों की मुलाकात अधूरी रह गई। जब दोनों के बीच प्यारा ज्यादा बढ़ गया तो दोनों ने अपने परिवारों को इसके बारे में बताया और शादी करने की इच्छा जताई। जब दोनों के परिवार वालों ने अपनी सहमति दे दी तो बेल्जियम से इंडिया आकर केमिली ने कल यानी शुक्रवार को अनंतराजू के साथ शादी कर ली। अनंतराजू ने बताया कि जब वे लोग हम्पी से वापस गए थे तो मुझसे बेहद प्रभावित हुए थे। उन्होंने दोबारा इंडिया आने की बात भी कही थी। उन्होने बताया कि हमने बीते साल ही शादी करने का निर्णय लिया था, लेकिन कोरोना के कारण इसमें देरी हो गई। अब जबकि कोरोना के बाद स्थिति सामान्य हुई तो हमने हिंदू-रीतिरिवाजों के मुताबिक शादी कर ली। अनंतराजू ने यह भी बताया कि शादी के लिए केमिली के करीब 40 रिश्तेदार और दोस्त हम्पी आए थे। हम दोनों ने शादी करके सह साबित कर दिया है कि प्यार की कोई सीमा नहीं होती। वहीं, केमिली ने कहा कि बेल्जियम से वापस आकर और अनंतराजू से शादी करना एक बहुत अच्छा अहसास है।



## गंभीर स्वास्थ्य जटिलताओं का कारण बन सकती है थायरॉइड की समस्या

थायरॉइड विकारों की समस्या वैश्विक स्तर पर बढ़ती हुई रिपोर्ट की जा रही है, यह शरीर में कई प्रकार की जटिलताओं को बढ़ाने वाली स्थिति हो सकती है। अध्ययनकर्ताओं ने पाया है कि थायरॉइड कुछ स्थितियों में गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का भी कारण बन सकती है, ऐसे में इससे बचाव के उपाय करते रहना सभी के लिए आवश्यक है। लाइफस्टाइल और आहार में बदलाव करके थायरॉइड विकारों से बचा जा सकता है। थायरॉइड, गले में स्थित तितली के आकार की ग्रंथि होती है जो शरीर के लिए आवश्यक ट्राईआयोडोथायरोनिन (टी3) और थायरोक्सिन (टी4) जैसे हार्मोंस का उत्पादन करती है। अध्ययनों में पाया गया है कि थायरॉइड विकारों में शरीर का वजन बढ़ने या कम होने का दिक्कत हो सकती है, कुछ गंभीर स्थितियों में इसके कारण कोमा जैसे मामले भी विकसित होते देखे गए हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने पाया कि दिनचर्या में योगासनों को शामिल करके थायरॉइड विकारों और इसकी जटिलताओं को कम करने में मदद मिल सकती है। योगासन, थायरॉइड ग्रंथि के कार्य को बेहतर करने और हार्मोंस के स्राव को नियंत्रित रखने में मददगार हो सकते हैं। आइए जानते हैं कि इसके लिए किन योगासनों के अभ्यास की आदत लाभकारी हो सकती है। सेतुबंधासन, जिसे ब्रिज पोज के नाम से भी जाना जाता है यह थायरॉइड विकारों, विशेषकर हाइपोथायरायडिज्म (अंडरएक्टिव थायरॉइड) के लिए एक प्रभावी योग है। यह गर्दन को स्ट्रेच करने के साथ थायरॉइड ग्रंथि में रक्त परिसंचरण को सुधारने में सहायक है। सेतुबंधासन योग के अभ्यास से थायरॉइड रोग की जटिलताओं को कम करने में लाभ मिल सकती है। यह मुद्रा अस्थमा और सिरदर्द की समस्या को कम करने और मांसपेशियों को मजबूत करने के लिए भी प्रभावी है। हलासन योग के दौरान गर्दन की बेहतर स्ट्रेचिंग हो जाती है, यह थायरॉइड ग्रंथि को उत्तेजित करने में मददगार अभ्यास है।

## गाजर फेस पैक से निखारें अपनी त्वचा

सर्दी के मौसम में गाजर का सेवन खूब किया जाता है। इसमें विटामिन और मिनरल भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। यह सेहत के साथ स्किन के लिए भी फायदेमंद होता है। आप अपने स्किन केयर रूटिन में गाजर को शामिल कर सकते हैं। यह विटामिन सी और एंटी ऑक्सीडेंट गुणों से भरपूर होता है। ग्लोइंग स्किन के लिए आप गाजर फेस पैक का इस्तेमाल कर सकते हैं। तो चलिए जानते हैं, घर पर गाजर से फेस पैक कैसे बनाएं।

**मुल्तानी मिट्टी और गाजर :** अगर आप चेहरे से पिंपल्स की छुट्टी करना चाहते हैं, तो इस पैक का इस्तेमाल जरूर करें। इसके लिए 1 चम्मच मुल्तानी मिट्टी में गाजर का जूस और गुलाब जल मिलाकर पेस्ट बना लें। इस मिश्रण को चेहरे पर लगाएं, 15 मिनट बाद पानी से धो लें। इस प्रक्रिया को हफ्ते में 1-2 बार कर सकते हैं।

**शहद और गाजर का पैक :** अगर आपकी स्किन ड्राई है, तो इस फेस पैक से राहत पा सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले गाजर को कद्दूकस कर लें, इसमें एक चम्मच शहद और कच्चा दूध मिला दें। इस मिश्रण को अच्छी तरह फेंट लें। अब इस पैक को चेहरे पर लगाएं, 10-15 मिनट बाद पानी से धो लें।

**चावल और गाजर का फेस पैक :** इसे बनाने के लिए सबसे पहले चावल को पीस लें, अब इसमें घिसे गाजर को डालें। इस मिश्रण में कच्चे दूध डालकर पेस्ट बना लें। चाहें तो इसमें एक चुटकी हल्दी भी मिला सकते हैं। अब इसे चेहरे पर लगाएं, 15 मिनट बाद पानी से धो लें। ये पैक झुर्रियों से राहत दिलाने में मदद कर सकता है।

**दही और गाजर :** इसके लिए दो चम्मच दही में गाजर का जूस मिलाएं। इस मिश्रण में अंडे की सफेदी डालकर अच्छी तरह फेंट लें। अब पेस्ट को चेहरे पर लगाएं, 15 मिनट बाद पानी से धो लें। सप्ताह में एक बार इस फेस पैक का इस्तेमाल कर सकते हैं।




# पहाड़ों को नजदीक से देखने की चाह में ऐसे भटके कि दोबारा नहीं मिले



कुल्लू, मनाली व लाहुल के पहाड़ों में हर साल कई पर्यटक मनमानी व जानकारी के अभाव में जान से हाथ धो रहे हैं। पर्यटन विभाग ने हिमाचल प्रदेश में आने वाले ट्रैकर के लिए दिशा-निर्देश भी जारी किए हैं। दुर्घटना का शिकार होने वाले ट्रैकर विभाग के दिशा-निर्देश का पालन नहीं करते हैं। पहाड़ों में कदमताल के शौकीन लाखों देशी-विदेशी सैलानी हर साल कुल्लू-मनाली आते हैं। जो ट्रैकर अनुभवी गाइड व पंजीकृत ट्रैवल एजेंसी के माध्यम से पुलिस को बताकर ट्रैकिंग पर जाते हैं, उनके साथ दुर्घटना बहुत कम होती है। जो लोग मनमाने तरीके से इन चोटियों को हल्के में लेते हैं, बिना तैयारी व बिना अनुभवी गाइड के ट्रैकिंग के लिए निकल पड़ते हैं, उनमें से ही अधिकतर दुर्घटना का शिकार होते हैं।

कुल्लू-मनाली सहित लाहुल-स्पीति भी ट्रैकर की पहली पसंद रही है मगर डेढ़ दशक में कई देशी-विदेशी ट्रैकर जान गंवा चुके हैं। सैकड़ों देशी-विदेशी ट्रैकर पहाड़ों में ऐसे गुम हुए कि आज तक उनका कोई पता नहीं चला है। इसी साल 15 जून को लाहुल-स्पीति के सीबी 13 में बेंगलुरु के पर्वतारोही वेद व्यास ग्लेशियर की दरार में गिर गए थे। रेस्क्यू अभियान चलाए और कड़ी मशक्कत के बाद पर्वतारोहण संस्थान की टीम तीन महीने बाद उनका शव निकालने में सफल हुई थी। इसी साल आठ सितंबर को मलाणा के माउंट अली रतनी टिब्बा में बंगाल के चार पर्वतारोही रास्ता भटक गए थे। प्रशासन ने उन्हें भी पर्वतारोहण संस्थान मनाली की मदद से सुरक्षित तलाश लिया था। हालांकि पुलिस ने अधिकतर ट्रैकर के शव बरामद किए लेकिन कई सैलानियों का पता नहीं लगा है। 23 मार्च 2018 को मलाणा की पहाड़ियों में गुम हुए दिल्ली के अमन अवस्थी का कोई सुराग नहीं लग पाया है। हामटा की पहाड़ी में गुम दिल्ली के युवा ट्रैकर अखिल का शव भी सप्ताह बाद बरामद किया गया था। इसलिए पर्यटकों को पर्यटन विभाग से पंजीकृत ट्रैवल एजेंसियों से ही सुरक्षित ट्रैकिंग करनी चाहिए। एसडीएम मनाली डाक्टर सुरेंद्र ठाकुर का कहना है प्रशासन व पर्यटन विभाग देशी-विदेशी पर्यटकों को दिशानिर्देश जारी करता है। कुछ पर्यटक मनमाने तरीके से पहाड़ों की ओर अकेले निकल जाते हैं। ऐसे पर्यटक दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। ट्रैकर से आग्रह है कि वे दिशानिर्देशों का पालन करें। निर्धारित समय में ही पंजीकृत ट्रैवल एजेंसियों के माध्यम से अनुभवी गाइड के साथ ट्रैकिंग पर जाएं।

## नहीं रहे दिग्गज फिल्म अभिनेता विक्रम गोखले



दिग्गज फिल्म अभिनेता विक्रम गोखले का शनिवार को दीनानाथ मंगेशकर अस्पताल में निधन हो गया पुणे के अस्पताल में जहां उनकी हालत गंभीर थी। वह 77 वर्ष के थे। अभिनेता गोखले पिछले कुछ समय से अस्पताल में भर्ती थे और *लाइफ सपोर्ट* थे। उनके शरीर के कई अंगों ने पहले ही काम करना बंद कर दिया था। इसके कारण वह पिछले चार दिनों से वेंटिलेटर पर थे। उनके पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शन के लिए बालगंधर्व रंगमंच में रखा जाएगा। अस्पताल ने एक बयान में कहा कि उनका अंतिम संस्कार शाम छह बजे पुणे के वैकुंठ संस्कार भूमि में किया गया। गुरुवार को दिग्गज की मौत की अफवाह उड़ी जिसके बाद अजय देवगन, रितेश देशमुख, एली गोनी, जावेद जाफरी सहित कई बॉलीवुड हस्तियों ने शोक व्यक्त करने के लिए ट्विटर का सहारा लिया। दीनांत मंगेशकर अस्पताल के डॉ धनंजय केलकर और अभिनेता की बेटी ने बाद में अफवाहों का खंडन किया, 40 से अधिक वर्षों के करियर में, गोखले विभिन्न मराठी और बॉलीवुड फिल्मों में दिखाई दिए, जिनमें *अग्निपथ,* 1990 में अमिताभ बच्चन अभिनीत, और 1999 में सलमान खान और ऐश्वर्या राय बच्चन के साथ *हम दिल दे चुके सनम*। उन्हें आखिरी बार शिल्पा शेट्टी और अभिमन्यु दासानी के साथ *निकम्मा* में देखा गया था।

# धौलपुर में एसआई भर्ती परीक्षाः 16 केंद्रों पर शांतिपूर्ण आयोजन



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित उप-निरीक्षक भर्ती परीक्षा 5 अप्रैल से शुरू होकर 5 व 6 अप्रैल को जिले में आयोजित की गई। 6 अप्रैल को परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों को सुबह 9:00 बजे से प्रवेश दिया गया, जबकि परीक्षा 11:00 बजे शुरू हुई। अभ्यर्थियों को एक घंटे पहले ही परीक्षा केंद्रों में प्रवेश दिलाया गया। परीक्षा प्रभारी मांगीलाल ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में कुल 16 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की जा रही है। 6 अप्रैल को आयोजित परीक्षा में कुल 4427 अभ्यर्थियों में से 3270 अभ्यर्थी उपस्थित रहे, जबकि 1157 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार कुल उपस्थिति प्रतिशत 73.86' दर्ज किया गया। जिला प्रशासन की ओर से परीक्षा को लेकर कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। सभी केंद्रों पर पुलिस बल तैनात रहा और परीक्षाओं को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराया जा रहा है। प्रशासन की ओर से परीक्षा व्यवस्था पर लगातार निगरानी रखी जा रही है, जिससे किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न हो।

# नर्बदेश्वर महादेव मंदिर समिति का गठन



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** नर्बदेश्वर महादेव मंदिर परिसर में बैठक आयोजित कर सर्वसम्मति से समिति का गठन किया गया व विकास कार्यों पर चर्चा की गई। अध्यक्ष दीपक सोनी, उपाध्यक्ष ललित चित्तौड़ा व नरेंद्र जैन, कोषाध्यक्ष जगदीश धाकड़, सचिव अशोक धाकड़, सहसचिव रवि सोनी, संगठन मंत्री आयुष शर्मा को मनोनीत किया गया। बैठक में कुंदन सोनी, मुकेश पारीक, नंदन सोनी, नितिन कोली, विनोद सोनी, रोहित जीनगर सहित सदस्य मौजूद रहे।

# कार्यालय में जड़ें जमाकर बैठा जमादार-अधिशासी अधिकारी के आदेश भी दरकिनार



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राजाखेड़ा नगर पालिका में जमादार अपनी मनमर्जी से उच्च अधिकारीयो के आदेशो को भी दरकिनार कर रहे हैं! ऐसे ही एक प्रकरण में राजाखेड़ा नगर पालिका अधिशासी अधिकारी विष्णु कुमार परमार की ओर से 30 मार्च को सचिन कुमार जमादार को वार्ड नंबर 1 से 5 तक सफाई व्यवस्था संभालने के आदेश जारी किये गये थे। जिसमे सचिन कुमार जमादार को आदेशित किया जाता है कि आप वार्ड नं. 01 से 05 तक सम्पूर्ण सफाई व्यवस्था देखेंगे एवं उक्त वार्डों में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखते हुए सफाई से संम्बधित प्रतिदिन की सूचना अधोहस्ताक्षरकर्ता को देने को आदेशित किया गया है । उक्त वार्डों में स्वच्छता से संम्बधित कोई भी लापरवाही पाई जाती है तो आपके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। लेकिन उच्च अधिकारियों के आदेशों की जमादार सचिन कुमार की ओर से धज्जियां उड़ाई गई ओर जमादार ने आदेश को ले लिए और अपनी मर्जी से कार्यालय में जमकर व कुर्सी पर बैठकर कार्य कर रहा है। जिस पर स्टोर जैसा महत्वपूर्ण प्रभार है।

# पोषाहार ट्रैकर ऐप बंद करने की मांग, आंगनबाड़ी कर्मचारियों ने सौंपा ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** भारतीय मजदूर संघ के तत्वाधान में आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ धौलपुर ने पोषाहार ट्रैकर ऐप को बंद करने की मांग को लेकर महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक को ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्रों पर एफआरएस प्रक्रिया में तकनीकी दिक्कतें आ रही हैं, जिससे कार्य प्रभावित हो रहा है और समय पर वेतन भी नहीं मिल पा रहा। उन्होंने कहा कि ऐप के कारण कार्य जटिल हो गया है और इस संबंध में पूर्व में भी कई बार शिकायत की जा चुकी है। संघ ने स्पष्ट किया कि जब तक केंद्र सरकार इस मुद्दे पर वार्ता नहीं करती, तब तक पोषाहार ट्रैकर ऐप का उपयोग बंद रखा जाएगा। संगठन ने चेतावनी दी कि 6 अप्रैल 2026 से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ऑफलाइन तरीके से केंद्र संचालन करेंगी। इस दौरान यदि कोई समस्या उत्पन्न होती है तो उसकी जिम्मेदारी आईसीडीएस विभाग और सरकार की होगी।

# नगर पालिका में अनियमितताओं का आरोप, सीएम से जांच की मांग

जयपुर टाइम्स




**बिजौलियां(निस)।** बिजौलियां नगर पालिका में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए ग्रामवासियों की ओर से मुख्यमंत्री को पत्र भेज कर उच्च स्तरीय जांच करवाने की मांग की गई। पत्र में आरोप लगाया कि अधिशाषी अधिकारी पंकज कुमार मंगल की ओर से जनता को नियम, कानून व पुलिस का भय दिखाकर आए दिन परेशान किया जा रहा है। साथ ही सूचना के अधिकार का उपयोग करने वाले सक्रिय नागरिकों की आवाज को दबाने के प्रयास का आरोप भी लगाया। पत्र में बताया कि अधिशासी अधिकारी की ओर से शुरू करवाए गए करोड़ों रुपये के बजट के विकास कार्य भी अधूरे पड़े हैं।नगर पालिका द्वारा मुख्यमंत्री विकसित शहर अभियान के अंतर्गत किए जा रहे वार्ड सभाओं के आयोजन भी आमजन की नगण्य सहभागिता के कारण ये निष्प्रभावी साबित हो रहे हैं। वार्ड सभाओं में समस्याओं एवं विकास से संबंधित मुद्दों पर चर्चा के दौरान आमजन को अपनी बात रखने से रोकने का आरोप भी लगाया गया।बोहरा जी की बगीची से उपजिला चिकित्सालय मार्ग तक की आरसीसी सड़क में कथित भ्रष्टाचार, ग्राम पंचायत से नगर पालिका बनने के पश्चात पट्टों के रूपांतरण के नाम पर नागरिकों को परेशान करने के आरोप व पथिक पार्क में जीर्णोद्धार के नाम पर हरे पेड़ों को काटने के मामले की जांच की मांग की गई। वहीं नगर पालिका की ओर से जारी किए गए टेंडर, कर्मचारियों के चयन,पट्टा वितरण व सार्वजनिक हित से संबंधित मांगी गई सूचनाओं का उत्तर सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत नहीं दिए जाने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की गई। अधिशाषी अधिकारी पंकज कुमार मंगल का कहना हैं कि वार्ड सभाएं विकास और वार्ड समस्याओं के लिए हैं,यहां निजी समस्याएं उठाना अनुचित हैं। नगरपालिका की ओर से आरटीआई के तहत अब तक मांगी गई सभी सूचनाओं के जवाब दिए गए हैं कोई पेंडेंसी नहीं हैं। जवाब से संतुष्टि नहीं होने पर अपील का प्रावधान हैं।बोहरा जी की बगीची वाले रोड का नियमों के तहत टेंडर और वर्क ऑर्डर जारी किए गए।निर्माण में शिकायत आने पर सम्बंधित फर्म को नोटिस जारी कर जहां रोड खराब था वहां तोड़ कर दोबारा निर्माण करवाया गया हैं।

# ग्रीष्मावकाश व संस्था प्रधानों के अधिकृत अवकाशों में की गई कटौती के विरोध में उतरे शिक्षक

## राजस्थान पंचायती राज व माध्यमिक शिक्षक संघ का राज्य व्यापी प्रदर्शन कल

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राजस्थान पंचायती राज व माध्यमिक शिक्षक संघ ने एक जुलाई के स्थान पर इस बार 21 जून से स्कूल खोलने व छात्रों व शिक्षकों के ग्रीष्मावकाश व संस्था प्रधानों के अधिकृत अवकाशों में की गई कटौती के विरोध में 8 अप्रैल से राज्यव्यापी आंदोलन का ऐलान किया है। संगठन के पूर्व प्रदेश महामंत्री राजेश शर्मा का कहना है कि जिस तत्परता से विभाग ने एक अप्रैल से नवीन सत्र शुरू कर छात्रों एवं शिक्षकों की छुट्टियों में कटौती की है, उतनी तत्परता से विभाग यदि सरकारी स्कूलों में वरिष्ठ अध्यापक ,व्याख्याता प्रिंसिपल के खाली पद भरने समय पर शिक्षक संवर्ग के प्रमोशन कर जर्जर स्कूल भवनों की स्थिति सुधारने में लगाता तो छात्र छात्राओं को बेहतर शिक्षा मिल पाती। स्थिति यह है कि 4 साल पहले क्रमोन्नत उच्च माध्यमिक एवं महात्मा गांधी विद्यालयों में व्याख्याओं तथा शिक्षकों के पद तक सृजित नहीं किए गए हैं। आज तक ट्रांसफर पॉलिसी नहीं लागू की गई,स्कूलों में शिक्षकों के रिक्त पदों को भरने की बजाय विभाग शिक्षा को प्रयोगशाला बनने पर आमादा है। यही नहीं खुद जिम्मेदार अधिकारी शिक्षकों को स्कूलों से उठाकर अपने-अपने कार्यालयों में लगाने के साथ तमाम गैर शैक्षणिक कार्यों में लगाया जा रहा है। ऐसे में छुट्टियों में कटौती एवं शैक्षिक सत्र बदलाव की नीति व्यावहारिक नहीं है। वहीं शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष हरी सिंह गुर्जर का कहना है कि राजस्थान जैसे विषम जलवायु वाले प्रदेश में 21 जून से स्कूल खुलने व्यावहारिक नहीं है। प्रदेश में जून की तपती दुपहरी में 45 से 50 डिग्री सेल्सियस तक तापमान में छात्र-छात्राओं को स्कूल बुलाने से उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। फिर भी सरकार 21 जून को स्कूल खोलती है तो शिक्षकों को प्रत्येक कलेंडर वर्ष में 30 पीएल देनी चाहिए ।संघ के पूर्व प्रदेश महामंत्री राजेश शर्मा ने बताया कि छात्रों एवं शिक्षकों की गर्मियों की छुट्टियों कम करने व संस्था प्रधान अधिकृत अवकाश में की गई कटौती आदेश को वापस लेने सहित स्कूलों व शिक्षकों की ज्वलंत मांगों को लेकर राज्य व्यापी आंदोलन के प्रथम चरण में 8 अप्रैल को प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन कर सरकार को ज्ञापन भेजे जाएँगे। सभाध्यक्ष अलिंद चौहान जिलामंत्री चंद्र शेखर शर्मा ने बताया कि प्रमुख मांगों में शिक्षा विभाग में पारदर्शी तबादला नीति लागू कर तबादलों पर लगी रोक हटाकर तृतीय श्रेणी शिक्षकों सहित सभी संवर्ग के स्थानांतरण शुरू करने, तृतीय श्रेणी शिक्षकों की 6 सालों से अटकी पदोन्नति करने, स्कूलों में लंबे समय से खाली पड़े सभी रिक्त पदों को भरे जाने, जर्जर स्कूल भवनों के निर्माण व मरम्मत के लिए जल्द पर्याप्त बजट आवंटन करने, साल 2011 से पहले नियुक्त शिक्षकों को टीईटी पास करने की अनिवार्यता से मुक्त करने के लिए केंद्र सरकार को अभिशंसा भेजकर संसद में क़ानून पारित कर राहत दिलाने, सेवारत शिक्षकों की ओर से पत्राचार से बीएड करने पर इंटर्नशिप अवधि को ऑन ड्यूटी मानने की मांग की जाएगी।

# सुमेरपुर में 'विकास का रोडमैप' अब जनता के हाथः वार्ड शिविरों में उठी समस्याओं की गूंज



जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर/पाली।** अब सुमेरपुर का विकास कागजों में नहीं, बल्कि जनता की आवाज से तय होगा। नगर पालिका ने मुख्यमंत्री विकसित शहरी वार्ड अभियान के तहत एक नया प्रयोग शुरू किया है, जिसमें अधिकारी खुद वार्डों में जाकर लोगों से विकास की दिशा तय करवा रहे हैं। मंगलवार को वार्ड संख्या 12 स्थित सेनजी महाराज मंदिर में लगे शिविर में कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिला। यहां लोग केवल सुनने नहीं, बल्कि अपनी समस्याओं का हिसाब मांगने पहुंचे। पानी, सफाई, टूटी सड़कों और नालियों की बदहाली को लेकर लोगों ने खुलकर अपनी बात रखी। नगरपालिका अधिशासी अधिकारी नरपतसिंह राजपुरोहित ने साफ कहा कि 'अब विकास योजनाएं ऊपर से नहीं थोपी जाएंगी, बल्कि जनता के सुझावों के आधार पर ही तैयार होंगी।' उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत सुमेरपुर के हर वार्ड में शिविर लगाकर 2030, 2035 और 2047 तक के विकास का पूरा खाका तैयार किया जा रहा है। इन शिविरों में जहां 2030 तक बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने पर फोकस है, वहीं 2035 तक रोजगार और कौशल विकास पर जोर रहेगा। इसके साथ ही 2047 तक सुमेरपुर को आत्मनिर्भर और आधुनिक शहर बनाने की दीर्घकालीन योजना तैयार की जा रही है। शिविर में मौजूद लोगों ने भी इस पहल को सराहा, लेकिन साथ ही यह भी साफ कर दिया कि अब केवल वादे नहीं, जमीन पर काम दिखना चाहिए। इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष पूनमसिंह परमार, पूर्व पार्षद दिलीप कुमार गांधी, कनिष्ठ अभियंता कैलाश कुमार मीणा, स्वास्थ्य निरीक्षक यशवंत परिहार, पीएचईडी के कनिष्ठ अभियंता कलेश कुमार सहित कई अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# पांच साल से 'सजा' भुगत रहा वेरारामपुराः दलदल में धंसा गांव

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर/शिवगंज (निस)।** एक तरफ देश विकसित भारत के सपने बुन रहा है, दूसरी तरफ सिरोही जिले का वेरारामपुरा गांव पिछले 5 वर्षों से बदहाली की ऐसी मार झेल रहा है, जिसे देखकर हर कोई यही सवाल कर रहा है–क्या यही विकास है? गांव की गलियां कीचड़ और गंदगी में इस कदर तब्दील हो चुकी हैं कि पैदल चलना भी जोखिम भरा हो गया है। जगह-जगह जलभराव और दलदल ने हालात ऐसे बना दिए हैं कि हर कदम पर हादसे का डर बना रहता है।





## पानी की टंकी के पास 'बीमारी का अड्डा':

गांव के बीच स्थित पानी की टंकी के आसपास हालात सबसे ज्यादा भयावह हैं। सड़ांध, गंदगी और जमा पानी ने पूरे क्षेत्र को बीमारी फैलाने वाले जोन में बदल दिया है। मच्छरों का प्रकोप बढ़ चुका है और ग्रामीण संक्रामक बीमारियों की आशंका जता रहे हैं।

## पांच साल में एक काम नहीं:

ग्रामीणों का कहना है कि पिछले पांच वर्षों में गांव में कोई ठोस विकास कार्य नहीं हुआ। न सड़कों की मरम्मत, न नालियों की व्यवस्था, न सफाई–हर स्तर पर लापरवाही साफ नजर आती है।

## प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री तक गुहार

आक्रोशित ग्रामीणों ने सीधे नरेंद्र मोदी और भजनलाल शर्मा से गुहार लगाते हुए कहा कि 'साहब, हम कौन से जन्म की सजा भुगत रहे हैं, जो पांच साल से पूरा गांव झेल रहा है? ' ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि उनके साथ 'वोट की राजनीति' की जा रही है और मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखा गया है। ग्रामीणों ने क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की भूमिका पर भी गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि पंचायती राज मंत्री ओटाराम देवासी, सांसद लुम्बाराम चौधरी और स्थानीय जनप्रतिनिधि चुनाव के बाद गांव की ओर लौटकर नहीं आए। सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों को उठानी पड़ रही है। कीचड़ से भरी गलियों से गुजरना उनके लिए रोज का खतरा बन चुका है। कई बार बच्चे गिरकर घायल हो चुके हैं, जिससे अभिभावकों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

# भारुन्दा में 21 अप्रैल को सजेगा श्री सरियादेवी माताजी का वार्षिक मेला

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(पाली)।** मारवाड़ की आस्था का केंद्र भारुन्दा नगर आगामी 20-21 अप्रैल को भक्ति, परंपरा और उत्साह से सराबोर नजर आएगा। श्री सरियादेवी माताजी के वार्षिक मेला महोत्सव को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं और पूरे क्षेत्र में श्रद्धा का माहौल बना हुआ है। सुमेरपुर निकटवर्ती गांव भारुन्दा में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सरिया देवी ट्रस्ट के तत्वाधान में वार्षिक मेला बड़े धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। मेला महोत्सव की शुरुआत 20 अप्रैल (सोमवार) को सुबह 7:15 बजे हवन के साथ होगी। रात 9:15 बजे भजन संध्या व चढ़ावा की बोलियां आयोजित होंगी, जिसमें भक्त भक्ति रस में डूबेंगे। 21 अप्रैल (मंगलवार) को सुबह 8:30 बजे ध्वजा चढ़ाने की रस्म होगी, इसके बाद 9:30 बजे भव्य वरघोड़ा निकाला जाएगा। सुबह 11:15 बजे भामाशाहों का सम्मान समारोह आयोजित होगा और 11:30 बजे महाप्रसादी के साथ आयोजन का समापन होगा। मेला महोत्सव को लेकर सरिया देवी ट्रस्ट के पदाधिकारियो ने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को आमंत्रण देने का अभियान भी तेज कर दिया है। इसी क्रम में कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत, डॉ विकास कुमार मारवाल सीएमएचओ पाली सहित अन्य अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को मेले की आमंत्रण पत्रिका भेंट कर ससम्मान आमंत्रित किया गया। इस दौरान मेला समिति के अध्यक्ष शंकरलाल कुमावत, रमेश कुमार सचिव, भूबाराम कोषाध्यक्ष, और जवानाराम सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। इस बार मेले को और अधिक आकर्षक बनाने के लिए मंदिर परिसर में विशेष सजावट की जा रही है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पेयजल, सुरक्षा, पार्किंग और प्रसादी वितरण की व्यापक व्यवस्था की जा रही है। खास बात यह है कि मेला महोत्सव का सीधा प्रसारण यूट्यूब के माध्यम से भी किया जाएगा, जिससे दूर-दराज के भक्त भी दर्शन का लाभ ले सकेंगे।

# अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ कार्यवाही, आरोपी गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** अवैध हथियारों की धरपकड़ के लिए चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत धौलपुर पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान (आईपीएस) के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एडीएफ (बाड़ी) डॉ कमल कुमार एवं महेन्द्र मीणा वृत्ताधिकारी वृत्त बाड़ी के निकटतम पर्यवेक्षण में व सदर थानाधिकारी मोहर सिंह मीणा पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में बाडी सदर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए एक आरोपी धर्मचन्द को गिरफ्तार किया व उसके कब्जे से एक अवैध देशी कट्टा 315 बोर व एक अपाचे मोटरसाइकिल को जब्त किया। घटना 6 अप्रैल को बाड़ी सदर पुलिस ने अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए शराब ठेका खानपुर के पास बाड़ी धौलपुर रोड के पास से एक व्यक्ति धर्मचंन्द पुत्र ओमप्रकाश जाति जाटव उम्र 35 साल निवासी गढीसुक्खा थाना कंचनपुर जिला धौलपुर को हल्केराम हेड कांस्टेबल ने मय जाप्ता के घेरा देकर पकड़ा और उसकी तलाशी ली। तो पहने हुए जीन्स के पेन्ट की दाहिने आंट में एक अवैध देशी कट्टा 315 बोर मिला। मुल्जिम धर्मचंद के कब्जे से एक कट्टा 315 बोर व घटना करने के लिए काम में ली जा रही एक अपाचे मोटरसाइकिल को जब्त किया गया और मुल्जिम धर्मचन्द को गिरफ्तार किया गया। जिसके विरूद्ध थाना बाडी सदर पर आयुध अधिनियम संशोधन 2019 की धाराओं में मामला दर्ज कर अभियुक्त के खिलाफ विधिक कार्यवाही जारी है।

प्रपत्र संख्या 7
(देखिए नियम 21)

## कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग, बीकानेर

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1980 की धारा 18/(2) के अधीन

मु.न. 104/2026/949 दिनांक-25-3-26

### नोटिस

समस्त संबंधित व्यक्तियों को
( नाम, वर्णन तथा निवास स्थान )

चूंकि रामानंद पाटोदिया पुत्र श्री डूंगरमल पाटोदिया पंचवटी झारिया मोरी चुरू ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अंतर्गत श्री हनुमान मंदिर चेरिटेबल ट्रस्ट रामनगर चुरू के सबंध में जांच किये जाने के लिये आवेदन पत्र दिया है।

अतएव अधिनियम की धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तिओं के नाम व्यापक जानकारी के लिये यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के संबंध में आपत्ति यदि कोई हो, प्रस्तुत करें।

और यह भी सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त अवधि के भीतर कोई आपत्तियों प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निष्कर्ष किया जावेगा तथा जांच ग्रसित नामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जायेगा।

आज दिनांक 24.03.2026 को नेरे हस्ताक्षर व कार्यालय की मोहर के अधीन जारी किया गया।

प्रकरण की सुनवाई दिनांक 26.05.2026 निश्चित है ।

तहसीलदार (राजस्व) चुरू

सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग बीकानेर

## कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग जिला खण्ड, शाहपुरा जयपुर

क्रमांकः- अअशा / निविदा / 2025-26 / 4399 दिनांक :- 31.03.2026

### ई - निविदा सूचना संख्या 15 / 2025-26 प्रकाशन बाबत् ।

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से सिविल कार्य (दो) अनुमानित राशि रू. 46.65 लाख (मय डीएलपी अवधि) के लिए निर्धारित प्रपत्र में दिनांक 16.04.2026 सांय 6:00 बजे तक ई- निविदा आमंत्रित की जाती हैं। संबंधित पूर्ण विवरण वेब साईट http // dipr.rajasthan gov .in tenders.asp. http// eproc.rajasthan.gov.in एवं http//sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

1. UBN No. PWD2526WSOB26398
2. UBN No. PWD2526WSOB26399

भवदीय
अधिशाषी अभियन्ता,
सा0नि0वि0 जिला खण्ड, शाहपुरा ( जयपुर )

DIPR/C/6432/2026

## कार्यालय चिकित्सा अधीक्षक सवाई मानसिंह चिकित्सालय, जयपुर

### ई-बोली आमंत्रण सूचना (NIB) (UBNMMCI 2627SSOB00002

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्नांकित सेवाओ के उपापन हेतु एक वर्ष की दर संविदा के लिये निर्माताओं / आयातकों/ विपणनकर्ताओ / अधिकृत डीलर सेवा प्रदाता फर्म से एकल प्रकमी द्वि भाग पद्धति बोली दिनांक 10-4-2026 सायं 3.00 pm बजे तक आमंत्रित की जाती है।

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (राशि लाखों में) | बोली प्रतिभूति | बोली दस्तावेज शुल्क (रुपये) | ई-प्रोसेसिंग शुल्क (रूपये) | UBN No |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Providing and fixing for large size Jumbo cool-er on rent basis | 10.00 | 20,000/- | 1000/- | 1000/- | |

NIB का विवरण, बोली की शर्ते, बोली दस्तावेज एवं बोली की दिनांक इत्यादि राज्य लोक उपापन पोर्टल http// sppp.rajasthan.gov.in एवं http//eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है एवं डाउनलोड़ किया जा सकता है।

DIPR/C/6416/2026

चिकित्सा अधीक्षक

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मिले रामलाल शर्मा, वीर हनुमान जी मंदिर के लिए 17 करोड़ की स्वीकृति पर जताया आभार

जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता व पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने जयपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने चौमूं विधानसभा क्षेत्र के विकास और युवाओं की ज्वलंत समस्याओं को लेकर विस्तृत चर्चा की। रामलाल शर्मा ने चौमूं के सुप्रसिद्ध धार्मिक स्थल श्री वीर हनुमान जी मंदिर (सामोद) के समग्र विकास हेतु 17 करोड़ की राशि स्वीकृत करने पर क्षेत्र की जनता



की ओर से मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। इसके साथ ही बजट में चौमूं विधानसभा क्षेत्र के लिए की गई अन्य महत्वपूर्ण घोषणाओं के लिए भी मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। मुलाकात के दौरान शर्मा ने नर्सिंग भर्ती-2023 से वंचित रहे अभ्यर्थियों की पीड़ा को मुख्यमंत्री के समक्ष प्रमुखता से रखा। उन्होंने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि बड़ी संख्या में पात्र अभ्यर्थी इस भर्ती में नियुक्ति की प्रतीक्षा कर रहे हैं। शर्मा ने मांग की कि युवाओं के भविष्य को ध्यान में रखते हुए इस समस्या का त्वरित और न्यायोचित निराकरण किया जाए। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रामलाल शर्मा की मांगों पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए आश्वस्त किया कि श्री वीर हनुमान जी मंदिर के विकास कार्यों को तीव्र गति प्रदान की जाएगी। साथ ही, नर्सिंग भर्ती-2023 के मामले में सरकार सहानुभूतिपूर्वक विचार कर जल्द ही समाधान निकालने का प्रयास करेगी। मुलाकात के पश्चात रामलाल शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार जनभावनाओं के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है। चौमूं के विकास और प्रदेश के युवाओं के हितों की रक्षा करना हमारी प्राथमिकता है।

## एसआई व प्लाटून कमांडर की परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** रतनगढ़ में सोमवार को दूसरे दिन भी 9 सेंटरों पर एसआई व प्लाटून कमांडर की परीक्षा का आयोजन किया गया। राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित यह परीक्षा शहर के 9 सेंटरों पर दो पारियों में संपन्न हुई। परीक्षा को देखते हुए प्रशासन ने पुलिस, शिक्षा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों की ड्यूटी लगाई थी। शहर की राजकीय कॉलेज, राजकीय गर्ल्स कॉलेज, बंशीधर जालान स्कूल, बाजोरिया स्कूल, हनुमान बालिका स्कूल, दुर्गाप्रसाद धानुका आदर्श विद्या मंदिर, मारूति स्कूल, प्रकाश पाठशाला व टैगोर पब्लिक स्कूल में स्थापित सेंटरों में दो हजार 832 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिसमें सबसे ज्यादा मारुति स्कूल में 720 अभ्यर्थियों की संख्या थी। परीक्षा को लेकर पुलिस व प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए थे। केंद्र पर गहन जांच के बाद ही परीक्षार्थियों को अंदर प्रवेश दिया गया तथा सभी स्टाफ का मोबाइल के साथ प्रवेश वर्जित रखा गया। सुबह 11 बजे शुरू होने वाली पारी के लिए सुबह 9 से 10 बजे के बीच तथा दोपहर तीन बजे से शुरू होने वाली द्वितीय पारी की परीक्षा के लिए दोपहर दो बजे तक केंद्र में परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया गया। इस दौरान रंगीन फोटो, फोटो युक्त मूल आईडी एवं प्रवेश पत्र साथ लाना अनिवार्य था। वहीं केंद्र के बाहर ही मोबाइल, बैग, दुपट्टा आदि को रखवा दिया गया। उल्लेखनीय है कि रविवार को भी शहर में उक्त परीक्षा का आयोजन किया गया था, जो शांतिपूर्ण तरीके से संपादित हुई थी।

## सरदारशहर में दिखा डबल इंद्रधनुष का सुंदर नजारा



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर में सोमवार शाम 5 बजे के बाद एकाएक मौसम ने करवट बदली और हल्की आंधी और बूंदाबांदी के बाद गर्मी से राहत मिली। वहीं हल्की बूंदाबांदी के बाद आसमान में छाए काले बादलों में डबल इंद्रधनुष का सुंदर नजारा देखने को मिला। कई रंगों से बना डबल इंद्रधनुष देखने के लिए हर कोई शहर वासी अपने घर से बाहर या छत पर पहुंच गया और इंद्रधनुष के सुंदर नजारे को नजारे को अपने मोबाइल में कैद करने लगा। शहर के लोगों ने बताया कि बारिश के मौसम में कई बार इंद्रधनुष का सुंदर नजारा देखने को मिलता है। लेकिन डबल इंद्रधनुष पहली बार देखा है।वहीं मौसम विभाग की माने तो मंगलवार को तेज आंधी के साथ बारिश की संभावना भी जताई जा रही है। मौसम विभाग के अनुसार ओलावृष्टि की चेतावनी भी जारी की गई है। ओलावृष्टि की आशंका के चलते किसान चिंतित नजर आ रहे हैं।

## सड़क हादसे में तीन की मौत, एक घायल


जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** नजदीकी छापर कस्बे में एक भीषण सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई तथा एक घायल हो गया। जानकारी के मुताबिक छापर के पास ट्रक और पल्सर बाइक की आमने-सामने की जबरदस्त भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भयानक थी कि बाइक पर सवार तीन लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं इस हादसे में एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही बीदासर डीएसपी नेमीचंद और छापर थानाधिकारी इंद्रलाल शर्मा पुलिस जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायल को तुरंत सुजानगढ़ के राजकीय बगड़िया अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने मृतकों के शवों को सुजानगढ़ के राजकीय बगड़िया उप जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। परिजनो की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस आगामी कार्यवाही करेगी।

## बीकन बैग फ्री स्कूल में 'बीकन स्टेप्स टू सक्सेस डे' का भव्य आयोजन

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** झुंझुनूं स्थित बीकन बैग फ्री स्कूल में सोमवार को वार्षिक उत्सव 'बीकन स्टेप्स टू सक्सेस डे' का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में हर्षोल्लास का माहौल देखने को मिला। विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के



दौरान विद्यालय की ओर से आयोजित स्कॉलरशिप परीक्षा के परिणाम भी घोषित किए गए। कक्षा 1 के छात्र अथर्व अग्रवाल व कक्षा 4 की छात्रा चहक राणासरिया को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 21,000 की नकद राशि देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि सभी पुरस्कार अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी हैप्पी कुमारी ने वितरित किए, जिससे विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। इसके साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कई अन्य विद्यार्थियों को भी पुरस्कार प्रदान किए गए। विद्यालय परिवार ने सभी विजेताओं को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन ने सभी अभिभावकों व अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## कथा-कहन की सृजन यात्रा का समापन: कानोता में तीन दिवसीय हिंदी नेस्ट कार्यशाला रही यादगार

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** शहर के समीप कानोता कैम्प में आयोजित तीन दिवसीय हिंदी नेस्ट कथा-कहन कार्यशाला का सफल व प्रेरणादायी समापन हुआ। देश के विभिन्न हिस्सों से आए प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर कहानी कहने की कला के विविध आयामों को सीखा और अपनी रचनात्मकता को नई दिशा दी। इस वर्ष कार्यशाला का आयोजन दिग्गज साहित्यकार रघुनंदन त्रिवेदी की स्मृति में किया गया, जिसने कार्यक्रम को भावनात्मक और साहित्यिक ऊंचाई प्रदान की।

### उद्घाटन सत्र: प्रेरणा के स्वर:

कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में रिजॉर्ट के संचालक डॉ. बहादुर सिंह राठौड़ ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि इस कार्यशाला की प्रेरणा से उन्होंने स्वयं दो पुस्तकें लिखीं। वहीं वरिष्ठ कथाकार मनीषा कुलश्रेष्ठ ने कहा कि कहानी सिखाई नहीं जाती, लेकिन रचनात्मकता का बीज जरूर बोया जा सकता है। कुश वैष्णव ने इसे छह वर्षों की साधना का परिणाम बताया।

### विमोचन और साहित्यिक श्रद्धांजलि:

कार्यक्रम में प्रतिभागियों की श्रेष्ठ कहानियों के संकलन 'सीपियां' का विमोचन किया गया, साथ ही 'धनक-5' के किंडल संस्करण का भी लोकार्पण हुआ। पहले सत्र में डॉ. सत्यनारायण, विनोद भारद्वाज और मनीषा कुलश्रेष्ठ ने रघुनंदन त्रिवेदी की रचनात्मक विरासत पर चर्चा की। गीत चतुर्वेदी ने फिक्शन लेखन में आंतरिक द्वंद्व को अपनाने की सलाह दी। जयप्रकाश पांडे और यतीन्द्र मिश्र ने कथेतर लेखन में भी 'कहानीपन' की अनिवार्यता बताई। डॉ. विनय कुमार ने कहा कि अंधेरों से बचोगे तो रच नहीं पाओगे। प्रभात रंजन ने भाषा के देसीपन को उसकी शक्ति बताया। पंकज सुबीर और मनीषा कुलश्रेष्ठ ने कथानक को कहानी में ढालने की प्रक्रिया समझाई।

### रचनात्मक सत्रों की विविधता:

दूसरे दिन कला, अपराध कथा, अंतरराष्ट्रीय साहित्य, ग्राफिक नॉवेल और कहानी-उपन्यास के अंतर जैसे विषयों पर समृद्ध संवाद हुए। तीसरे दिन रघुनंदन त्रिवेदी की कहानी पर आधारित नाटक 'एल्बम' का मंचन अरु व्यास के निर्देशन में हुआ, जिसमें स्वाति व्यास ने प्रभावशाली अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### समकालीन विषय और समापन:

अंतिम सत्रों में लेखन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, पटकथा लेखन और 'परकाया प्रवेश' जैसे विषयों पर गहन चर्चा हुई। फिल्म स्क्रिप्ट राइटर पुनीत शर्मा ने प्रतिभागियों को पटकथा लेखन के व्यावहारिक गुर सिखाए। कार्यशाला के अंत में प्रतिभागियों को मंच प्रदान कर उनके कथानकों पर चर्चा की गई और प्रमाण-पत्र वितरण के साथ कार्यक्रम का सफल समापन हुआ।

## पेंशनर समाज की मासिक बैठक का आयोजन

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** राजस्थान पेंशनर समाज उप शाखा सुजानगढ़ की बैठक सोमवार को कर्मचारी कल्याण केंद्र में आयोजित की गई। माह अप्रैल 2026 में जन्म दिवस वाले पेंशनर छोटी कुमारी प्रतिनिधि राम चंद्र जाट, दीने खां कायमखानी, प्रहलाद सिंह, राज कुमार तंवर का जन्मदिन माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर मनाया गया। बैठक मे रेखा राम मेहरड़ा अध्यक्ष, सूरजाराम डाबरिया मंत्री, विद्याधर पारीक, मन्ना लाल भींचर, तिलोकाराम दूधवाल, हरदेवाराम स्वामी, हुकमीचंद भोजक, नंदकिशोर टेलर, सत्यनारायण स्वामी, हुसैनखान, रजाक खान, सुखलाल सोनी, रामचंद्र टेलर, विनोद कुमार सोनी, सूरजाराम बीरड़ा, श्रवण कुमार स्वामी, श्याम सुंदर माली, सुरेंद्र पाण्डे, गोविंदराम माली, आनंदी लाल सोनी, हाकम अली, किसनलाल कटारिया, रामचन्द्र गुर्जर, रामचन्द्र गोदारा, कुंदनमल जांगिड़, श्याम सुंदर शर्मा आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर स्वतंत्रता सेनानी गिरीश मिश्र की धर्मपत्नी भगवती देवी व गिरधर गोपाल शर्मा की धर्मपत्नी सत्यभामा का स्वर्गवास हो जाने पर समस्त पेंशनरो ने 2 मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि दी। नगरपरिषद सुजानगढ़ में एक शिष्ट मंडल जाकर पेंशनर समाज के लिए भूमि के आवंटन के सम्बन्ध वार्ता की गई।

## देवनानी ने किशोर कुमार के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

द्जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सोमवार को यहां मालवीय नगर स्थित अणु विभा केंद्र में भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी किशोर कुमार के निधन पर गहरा दु:ख व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। देवनानी ने कुमार के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया और दिवंगत की आत्म शांति के लिए प्रार्थना की। देवनानी ने स्वर्गीय कुमार के परिजनों को ढांढस बंधाया और उनके प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। देवनानी ने कहा कि स्व. कुमार कुशल प्रशासनिक अधिकारी थे। देवनानी ने दिवंगत की आत्म शांति और



परिजनों को इस दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिए परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना की।

## निजी स्कूलों में महंगी किताबें-यूनिफॉर्म की मनमानी पर विभाग सख्त: स्कूल में स्टेशनरी बेचने पर भी मान्यता भी हो सकती है रद्द

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** झुंझुनूं में निजी स्कूलों की मनमानी अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शिक्षा विभाग ने साफ कर दिया है कि NCERT या RBSE की बजाय कमीशन के चक्कर में महंगी किताबें खरीदवाने वाले स्कूलों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। इसके अलावा तीन साल से पहले बिना सूचना ड्रेस बदलने, स्कूल के अंदर जूते, टाई, बेल्ट या स्टेशनरी बेचने और अभिभावकों को किसी विशेष दुकान या ब्रांड से सामान खरीदने के लिए मजबूर करने पर भी जुर्माना लगाया जाएगा और जरूरत पड़ने पर स्कूल की मान्यता रद्द की जा सकती है। बीकानेर शिक्षा निदेशालय के सख्त निर्देशों के बाद शिक्षा विभाग ने जिले के सभी निजी स्कूलों में ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों के नेतृत्व में औचक निरीक्षण के लिए टीमों का गठन किया है। 15 अप्रैल तक पूरी जांच पूरी करने के बाद रिपोर्ट 20 अप्रैल को निदेशालय को भेजी जाएगी और नियमों का उल्लंघन करने वाले स्कूलों के खिलाफ भारी जुर्माना या मान्यता रद्द जैसी कार्रवाई की जाएगी।

### बीईओ के नेतृत्व में औचक निरीक्षण:

निजी स्कूलों की मनमानी रोकने के लिए जिले में एक शक्तिशाली निगरानी तंत्र तैनात किया गया है। अब ब्लॉक स्तर पर ब्लॉक शिक्षा अधिकारी की सीधी निगरानी में कमेटियां मैदान में उतरेंगी। प्रत्येक ब्लॉक में बीईओ स्वयं इस जांच दल का नेतृत्व करेंगे। बीईओ के अधीन तीन सदस्यीय विशेष टीमों का गठन किया गया है, जो स्कूलों में जाकर औचक निरीक्षण करेंगी। टीम यह सुनिश्चित करेगी कि स्कूल प्रशासन किसी भी सूरत में अभिभावकों का आर्थिक शोषण न कर सके।

### 15 अप्रैल तक जिले के सभी स्कूलों की 'स्कैनिंग':

शिक्षा विभाग ने जांच की समय-सीमा तय कर दी है। झुंझुनूं के सभी ब्लॉकों में संचालित निजी स्कूलों की सघन जांच के लिए 33 अधिकारियों की टीम को सक्रिय किया गया है। इन टीमों को 15 अप्रैल तक अपनी निरीक्षण रिपोर्ट पूरी करनी होगी। विभाग का लक्ष्य है कि सत्र की शुरुआत में ही इन गतिविधियों पर रोक लगाई जाए ताकि अभिभावकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ न पड़े।

### इन चार बातों पर रहेगी पैनी नजर:

क्या स्कूल किसी विशेष दुकान या ब्रांड से ही सामान खरीदने के लिए अभिभावकों को मजबूर कर रहा है? क्या स्कूल के अंदर ही जूते, टाई, बेल्ट या स्टेशनरी बेची जा रही है? क्या बिना तीन साल का अंतराल पूरा किए या बिना सूचना के ड्रेस बदली गई है? क्या NCERT/RBSE के बजाय निजी प्रकाशकों की महंगी किताबें लगाई गई हैं, केवल कमीशन के चक्कर में? रिपोर्ट 20 अप्रैल तक निदेशालय को भेजी जाएगी जांच प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए निदेशालय ने विशेष 'परफॉर्मा' जारी किया है। बीईओ के नेतृत्व वाली टीमें अपनी रिपोर्ट तैयार कर 20 अप्रैल तक निदेशालय को प्रेषित करेंगी। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अशोक शर्मा ने स्पष्ट किया कि शिक्षा का व्यवसायीकरण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर स्कूल पर भारी जुर्माना लगाया जा सकता है और जरूरत पड़ने पर मान्यता रद्द भी की जा सकती है।

### अभिभावक ऐसे करें शिकायत:

यदि झुंझुनूं जिले का कोई भी निजी स्कूल अभिभावकों को किसी खास दुकान से सामान लेने के लिए बाध्य करता है या नियमों का उल्लंघन करता है, तो आप अपने क्षेत्र के बीईओ कार्यालय में लिखित शिकायत दर्ज करवा सकते हैं।

## डॉ.अंबेडकर जयंती की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** झुंझुनूं मार्ग स्थित दहलीज़ रेस्टोरेंट में सोमवार को डा. अम्बेड़कर सेवा समिति की बैठक हुई। बैठक में आगामी 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती के उपलक्ष में भव्य रैली आयोजन को लेकर मंडावा, तेतरा, मौजास, टोडरवास, बाजीसर, मीठवास समेत आसपास के गांवों के ग्रामीण बैठक में शामिल हुए और 14 अप्रैल को नगरपालिका चौक से लेकर बिसाऊ चौराहे स्थित आंबेडकर भवन तक शांतिपूर्ण तरीके भव्य रैली निकालने को लेकर विचार विमर्श किया गया। इस बैठक में नथमल चौपड़ा ने अपने विचार भी रखे। उन्होंने सभी से नशे से दूर रहने को कहा। मीटिंग में जीवनराम मीणा, राजेंद्र प्रसाद आर्य, नथमल चौपड़ा, हरदयाल काला, अभय काला, दिनेश कुमार काला, पेंटर चंद्रभान आर्य, कपिलदेव आर्य, अमित मीणा, कृष्ण कुमार राठी, सुदर्शन महरिया, अशोक खटनावलिया, अशोक किरोड़ीवाल, प्रवीण खोवाल, मौजास सरपंच मुकेश झाझड़िया, विक्रम नायक, आर्यन राठी, अर्पित लूनिया ललित राठी, अनिल गहैलोनिया पवन मौर्य एडवोकेट, नेमीचंद मोजास, कमलेश महरिया, अशोक किरोड़िया मनोहर बोयल, रूपचंद कांटीवाल, विक्रम नायक बाजिसर, परमेश्वर मिटवास, विजेंद्र वहीदपुरा ओमप्रकाश भूकल, सुनील मोजास, बृजेश सेवदा सरपंच फुशकानी आदि मौजूद रहे।

## लेफ्टिनेंट एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर वीरेंद्र सिंह राठौड़ का किया स्वागत

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** कामठी नागपुर स्थित ऑफिसर ट्रेनिंग एकेडमी से पीआरसीएन एनसीसी कोर्स सफलतापूर्वक पूर्ण कर प्री कमीशन प्राप्त करने के उपरांत महाविद्यालय लौटने पर लेफ्टिनेंट विरेंद्र सिंह राठौड़ का संस्थान परिवार की ओर से भव्य स्वागत व अभिनंदन किया गया। इस गौरवपूर्ण अवसर पर केकेसी महाविद्यालय की एनसीसी यूनिट सहित समस्त स्टाफ व केकेसी इंटरनेशनल स्कूल के शिक्षक व कर्मचारियों ने माल्यार्पण कर उनका आत्मीय अभिनंदन किया। कार्यक्रम के दौरान परिसर देशभक्ति के नारों और उत्साहपूर्ण वातावरण से गूंज उठा। विद्यार्थियों में अपने प्रिय एनसीसी




अधिकारी की इस उपलब्धि को लेकर विशेष उत्साह देखा गया। केकेसी ग्रुप ऑफ एजुकेशन चेयरमैन डॉ किशोर सिंह राठौड़ ने अपने संबोधन में कहा कि लेफ्टिनेंट विरेंद्र सिंह राठौड़ की यह उपलब्धि समर्पण, अनुशासन और कठोर परिश्रम का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने यह सिद्ध कर दिया कि दृढ़ निश्चय और निरंतर प्रयास से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। उनकी सफलता से न केवल महाविद्यालय, बल्कि संपूर्ण क्षेत्र गौरवान्वित हुआ है। यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों को भी देश सेवा के लिए प्रेरित करेगी। इस अवसर पर लेफ्टिनेंट विरेंद्र सिंह राठौड़ ने अपने प्रशिक्षण के अनुभव साझा करते हुए बताया कि ऑफिसर ट्रेनिंग एकेडमी में मिला प्रशिक्षण जीवन का सबसे महत्वपूर्ण और चुनौतीपूर्ण चरण रहा। यहां शारीरिक क्षमता के साथ-साथ मानसिक दृढ़ता, नेतृत्व कौशल, अनुशासन और टीम वर्क की भावना का विकास हुआ। कठिन परिस्थितियों में कार्य करने की क्षमता और देश सेवा का जज्बा इस प्रशिक्षण की सबसे बड़ी देन है। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ प्रदीप चौहान ने कहा कि विरेंद्र सिंह राठौड़ की यह सफलता महाविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणादायक मिसाल है। एनसीसी के माध्यम से उन्होंने जो उपलब्धि हासिल की है वह यह दर्शाती है कि शिक्षा के साथ-साथ व्यक्तित्व विकास और राष्ट्र सेवा की भावना कितनी महत्वपूर्ण है। हमें विश्वास है कि वह भविष्य में भी देश की सेवा करते हुए नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेंगे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों ने लेफ्टिनेंट वीरेंद्र सिंह राठौड़ के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दीं। अंत में आभार ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। समारोह का वातावरण गर्व, सम्मान और देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत रहा। इस अवसर पर उपप्राचार्य महबूब अली चौहान, स्कूल प्राचार्य कोमल शेखावत, सुरेश लाटा, दौलत जोशी, श्रीराम प्रजापत, नरेश कुमार, पुनीत वर्मा, गोपाल भाकर, मालम सिंह, मनोज नाई आदि मौजूद रहे।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।

## 180 बच्चों को अभ्यास पुस्तिकाओं का वितरण



जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निस)।** ग्राम बेनाथा जोगलिया स्थित उच्च माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को कक्षा 1 से 5 तक के करीब 180 छात्र-छात्राओं को सुप्रीम फाउंडेशन की ओर से अभ्यास पुस्तिकाओं का वितरण किया गया। कार्यक्रम विद्यालय की प्रधानाचार्य आरती मेहरा के नेतृत्व में आयोजित हुआ। इस दौरान विद्यालय स्टाफ के साथ सुप्रीम फाउंडेशन की ओर से गजेंद्र सिंह एवं मुकेश मंडार भी मौजूद रहे। विद्यार्थियों को पुस्तिकाएं मिलने पर उनके चेहरे पर उत्साह साफ नजर आया। प्रधानाचार्य आरती मेहरा ने संस्था का आभार जताते हुए कहा कि इस प्रकार की पहल विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास में सहायक सिद्ध होती है। वहीं, खूबचंद बांठिया राजकीय उच्च माध्यमिक अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में भी सुप्रीम फाउंडेशन जसवंतगढ़ के सौजन्य से कक्षा 1 से 5 तक के 110 विद्यार्थियों को निःशुल्क नोटबुक वितरित की गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य नरसी राम ने विद्यालय परिवार की ओर से सुप्रीम फाउंडेशन के मुख्य ट्रस्टी महावीर तापड़िया, मुख्य समन्वयक श्याम बाबू शर्मा, ब्लॉक समन्वयक दीपक कौशिक एवं योगेश सिंगोदिया का आभार व्यक्त किया।

## मीना की नांगल में अवैध रास्ता रोका, भारी वाहनों की आवाजाही बंद



जयपुर टाइम्स

**पाटन(निस)।** राजस्व ग्राम मीना की नांगल में चारागाह भूमि पर अवैध रास्ते के उपयोग को प्रशासन ने रोक दिया है। यह कार्रवाई उच्च न्यायालय जयपुर के आदेश की पालना में की गई। जानकारी के मुताबिक एसबी सिविल रिट याचिका संख्या 25152/2018 में पारित निर्णय के तहत खसरा नंबर 808/1, 948, 807, 149, 951/1156, 928, 928/1157 स्थित चारागाह भूमि की सुरक्षा सुनिश्चित करने और अतिक्रमण व अवैध उपयोग रोकने के निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में 6 अप्रैल को तहसीलदार सुभाष चंद्र, पुलिस जाब्ता तथा अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में मौके पर कार्रवाई की गई। प्रशासन ने लीज क्षेत्र में भारी वाहनों की आवाजाही रोकने के लिए तीन स्थानों पर गहरे गड्ढे करवाकर रास्ता बंद कर दिया। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि संबंधित खसरा नंबरों में किसी भी प्रकार का अवैध रास्ता नहीं बनाया जाएगा। हालांकि आम रास्ता और पशुओं के आवागमन के लिए मार्ग सुचारु रूप से चालू रहेगा। इसके साथ ही ग्राम पंचायत को चारागाह भूमि के संरक्षण व पौधरोपण के निर्देश दिए गए हैं।

## राजल बिंदल दादीजी के मंगल महिमा पाठ में उमड़ा आस्था का सैलाब



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** शहर के डिडवानिया भवन में जाजोदिया परिवार की कुलदेवी राजल बिंदल दादीजी के मंगल महिमा पाठ व सालासर बालाजी महाराज की भव्य भजन संध्या का आयोजन श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन दीपक जाजोदिया की ओर से किया गया। इस अवसर पर नवसारी (महाराष्ट्र) से पधारे महामंडलेश्वर जगद्गुरु आचार्य धर्मदास जी व जुगलपुरा से आए दादीजी के अनन्य भक्त मुरारी जाजोदिया के पावन सानिध्य में दादीजी का विशेष फूलों से आकर्षक श्रृंगार, अखंड ज्योति व छप्पन भोग सजाया गया, जिसका श्रद्धालुओं ने भावपूर्वक दर्शन किया।कार्यक्रम की शुरुआत पवन शर्मा 'निर्मल' की ओर से गणेश वंदना व पितर जी महाराज की अर्जी के साथ हुई। इसके पश्चात नागपुर के योगेश कुमार रचित श्री राजल बिंदल दादीजी के मंगल महिमा पाठ की सुरमयी प्रस्तुति ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया।भजन संध्या में सालासर बालाजी धाम के पुजारी व सुप्रसिद्ध भजन गायक मनोहर ने अपनी मधुर व भक्तिमय प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। देर शाम तक चले इस आयोजन में श्रद्धालु भजनों पर झूमते नजर आए और पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा।समारोह के दौरान जाजोदिया परिवार के मनोज जाजोदिया सहित अन्य सदस्यों ने उपस्थित अतिथियों का दुपट्टा व माला पहनाकर सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन विनोद बनाईवाला ने किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## विद्युत करंट की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय खिचड़ कॉलोनी में रहने वाले एक व्यक्ति की घरेलू उपकरण में विद्युत करंट के चलते मौत हो जाने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार खिचड़ कॉलोनी निवासी प्रकाशचन्द्र माली (60) की विद्युत करंट लगने से मौत हो गई। इसी प्रकार निकटवर्ती गांव आबसर मे भी विनोद स्वामी (37) की भी पानी के कुंड में डूब जाने से मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शवों को आवश्यक कार्यवाही के बाद परिजनो को सौंप दिया है।

# अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने दिया शिक्षामंत्री के नाम ज्ञापन

जयपुर टाइम्स




**सुजानगढ़(नि.सं.)।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान (विद्यालय शिक्षा) उपशाखा सुजानगढ़ की ओर से शिक्षामंत्री राजस्थान सराकार को उपखण्ड अधिकारी, सुजानगढ़ के माध्यम से प्रदेश के समस्त शिक्षकों की व्यथा को प्रकट करते हुए व शिक्षकों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन दिया गया है। ज्ञापन में बताया गया है कि शिक्षा मंत्री स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तत्काल हस्तक्षेप कर शिक्षा व शिक्षकों से जुड़ी समस्याओं पर ठोस कार्यवाही कर निर्देश प्रदान करें, ताकि अध्यापको को राहत मिल सके।

ज्ञापन में मांग की गई है कि आरटीई एक्ट लागू होने से पूर्व नियुक्त सेवारत शिक्षकों को अध्यापक पात्रता परीक्षा टेट व रीट से मुक्त रखा जाए। इसी प्रकार ग्रीष्मा अवकाश में की गई 10 दिनों की कटौती हटाई जाकर ग्रीष्मावकाश पूर्ववत 17 मई से 30 जून तक किया जावे। संस्थाप्रधान की ओर से घोषित साधिकार अवकाश में की एक दिन की कटौती वापस लिए जाने, शिक्षा विभाग में तृतीय श्रेणी अध्यापको (7वर्षो से लम्बित) सहित समस्त संवर्गो के स्थानान्तरण यथाशीघ्र किए जाने, शिक्षकों के सभी स्तर की लंबित पदोन्नतियां किए जाने, न्यायालय में लम्बित तृतीय वेतन श्रृंखला के शिक्षकों की पदोन्नति पर विधि एवं शिक्षा विभाग को त्वरित निस्तारण करवाने के निर्देश प्रदान करने, पदौन्नत प्रधानाचार्य व उप-प्रधानाचार्यों का पदस्थापन यथाशीघ्र किए जाने की मांगे की गई है। इसी प्रकार सभी विद्यालयों में रिक्त पदों को तत्काल भरे जाने, शिक्षकों को समस्त गैर शैक्षणिक कार्यो से मुक्त किए जाने, एसएनए के माध्यम से जारी होने वाले समस्त बजट सत्रारम्भ में ही जारी किए जाने की मांगे की गई है। जनगणना कार्य में व्याख्याताओं (राजेन्द्र शर्मा, रणजीत न्यौल, हनुमान दास, पवन कुमार मीणा, प्रेम लाटा, दलवीर सिंह, हेमन्त कुमार आदि को) प्रगणक लगाया गया है, उन्हें सुपरवाईजर लगाने, दोनों पैरों से दिव्यांग सीताराम नाई की जनगणना ड्यूटी काटी जाने और जनसंख्या के अनुपात में गाँव में प्रगणक लगाने की माँग भी की गई है। इस दौरान प्रदेश विभाग संगठन मंत्री रामेश्वर लाल खीचड, उपशाखा अध्यक्ष कमल जाखड़, मंत्री मनोज शर्मा, प्रधानाचार्य केशरी सिंह, रामावतार शर्मा, महमूद हसन, रिंकू सोनी, पप्पूराम मीणा, धर्मसिंह मीणा, अंजू गुर्जर, रगिनी सोनी, मोनिका झूरिया शिवभगवान रोहिला, इकबाल खान, अशोक कुमार, अभिषेक चैधरी, जगदीश जाट, गोवर्धनलाल जान्दू, रंजन अत्रि, सुखाराम डुकिया, मानव भारती, कमल स्वामी, गौतम सिंह तंवर, नानूराम मेघवाल कुलदीप शर्मा, मनीष जाट, पूनम चन्द रेगर, नरेश कुमार, बसन्त चैधरी, गोविन्द राम प्रजापत, बजरंगलाल प्रजापत, पुरूषोतम कुमार, मुकेश कुमार, अनिल कुमार लाम्बा, अजय सैनिक, रामलाल कासौटिया, अब्दुल सत्तार पड़िहार, धनराज सिंगोदिया, जीवणदान, रामलाल मेघवाल, नरेन्द्र कुमार, ओमप्रकाश मेघवाल, जयप्रकाश शर्मा, रामनिवास बाकोलिया सहित अनेक शिक्षक व शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# जब्त किए अवैध होर्डिंग्स :शहर के मुख्य सर्किलों को कराया साफ

### सड़कों से हटाया अस्थाई अतिक्रमण, नगर परिषद और यातायात पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने और सड़क हादसों पर अंकुश लगाने के लिए सोमवार को जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया। जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक (SP) के विशेष निर्देशों पर नगर परिषद और यातायात पुलिस की टीम ने शहर के विभिन्न मुख्य मार्गों और चौराहों पर संयुक्त रूप से बड़े स्तर पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। प्रशासन की टीम ने शहर के उन हिस्सों को टारगेट किया जहां अवैध होर्डिंग्स और अस्थाई दुकानों के कारण यातायात बाधित हो रहा था। कार्रवाई के दौरान हवाई पट्टी मार्ग, पीरू सिंह सर्किल, कलेक्टरट सर्किल, मण्डावा मोड़ ओर गांधी चौक से होल्डिंग हटाए गए। शहर के मुख्य सर्किल मंडावा मोड पर कार्रवाई करते हुए जेसीबी और ट्रैक्टर ट्राली के साथ ट्रैफिक पुलिस और नगर परिषद की संयुक्त कार्रवाई शहर में हुई। जेसीबी और ट्रैक्टर ट्राली के साथ ट्रैफिक पुलिस




### *हादसों को दावत दे रहे थे अवैध बैनर और होल्डर:*

*शहर के मुख्य सर्किलों पर लगे बड़े-बड़े बैनर, पोस्टर और होल्डर लंबे समय से चालकों के लिए मुसीबत बने हुए थे। प्रशासन को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि इन होर्डिंग्स के कारण मोड़ पर चालकों को सामने से आने वाले वाहन नजर नहीं आते थे। इससे 'विजिबिलिटी' कम हो जाती थी और हर वक्त गंभीर हादसे की संभावना बनी रहती थी। संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए इन सभी अवैध प्रचार सामग्रियों को जब्त कर लिया और मार्ग को पूरी तरह साफ करवाया। कार्रवाई के दौरान नगर परिषद के वरिष्ठ अधिकारी, अतिक्रमण निरोधक दस्ते के सदस्य और यातायात पुलिस के जवान भारी जाब्ते के साथ मौजूद रहे। टीम ने न केवल होर्डिंग्स हटाए, बल्कि सड़क किनारे अस्थाई रूप से रेहड़ी-पटरी लगाने वालों को भी हिदायत दी कि वे भविष्य में सड़क सीमा के भीतर अतिक्रमण न करें। ट्रैफिक इंचार्ज राधेश्याम सांखला ने बताया कि शहर की सुंदरता और सुरक्षा के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सड़कों पर विजिबिलिटी बाधित करने वाले विज्ञापनों और अस्थाई अतिक्रमण के खिलाफ यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।*

और नगर परिषद की संयुक्त कार्रवाई शहर में हुई।

## राजलदेसर में 'संगठन बढ़ाओ, लोकतंत्र बचाओ' अभियान के तहत बैठक, बूथ स्तर तक मजबूती पर जोर

**राजलदेसर(निस)।** कांग्रेस की ओर से चलाए जा रहे 'संगठन बढ़ाओ, लोकतंत्र बचाओ' अभियान के तहत सोमवार को आनंद कॉम्प्लेक्स, गांधी चौक राजलदेसर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने और आमजन तक पार्टी की विचारधारा पहुंचाने पर जोर दिया गया। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष मोहम्मद जब्बार खोखर ने की, जबकि क्षेत्रीय विधायक पूसाराम गोदारा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मोहम्मद शरीफ छींपा ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए विधायक पूसाराम गोदारा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी लोकतंत्र की रक्षा के लिए निरंतर संघर्षरत है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे गांव-गांव और वार्ड-वार्ड जाकर लोगों को कांग्रेस की नीतियों और विचारधारा से जोड़ें तथा संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाएं। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष अरविन्द चाकलान, देहात अध्यक्ष भानीराम मेघवाल, चौधरी चरण सिंह, पूर्व सरपंच मनफूल टांडी, मौलाना खलील अहमद, मोहन लाल मेघवाल, भागीरथ रैगर, इदरीस खत्री, नब्बीबक्स निर्बाण, राजेश स्वामी, गजानंद खटीक, शरीफ बेहलीम, भंवर लाल सुनिया, हमीद चौहान, आलम मनियार, सत्तार जिंद्रान, भैयाराम बिजारणियां, सरवन मेघवाल, रामचंद्र आचार्य, सत्तार किलानिया सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कार्यालय ग्राम पंचायत सालासर प.स. सुजानगढ़ (चुरू)

क्रमांक :- ग्रा.प./ सा./2026/171 दिनांक :- 01/04/2026

## आपत्ति नोटिस

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री जयप्रकाश शर्मा पुत्र मुरलीधर व दिव्या पत्नी जय प्रकाश शर्मा जाति ब्राह्मण निवासी सालासर पंचायत समिति सुजानगढ़ जिला चुरू द्वारा ग्राम पंचायत सालासर द्वारा जारी पट्टा स. 11 पट्टा जारी दिनांक 03/07/1969 पट्टा धारी का नाम श्री रामकिशन पुत्र ओंकारमल जाति ब्रह्मण निवासी सालासर के नाम से जारी पट्टे को आवासीय से व्यावसायिक प्रयोजनार्थ सपरिवर्तन का आवेदन पत्र राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के नियम 173 क के तहत प्रस्तुत किया गया है आवासीय सम्पति का विवरण निम्न प्रकार है

1. सम्पति का विक्रय विलेख ग्राम पंचायत सालासर द्वारा जारी पट्टा स. 11 पट्टा जारी दिनांक 03/07/1969 पट्टा धारी का नाम श्री रामकिशन पुत्र ओंकारमल जाति ब्रह्मण निवासी सालासर के नाम से जारी किया गया है । पट्टाधारी श्री रामकिशन पुत्र ओंकारमल जाति ब्राह्मण निवासी सालासर द्वारा उक्त पट्टे शुदा सम्पूर्ण भूखंड को जरिये विक्रय पत्र पंजीकृत द्वारा उप पंजीयन कार्यालय सुजानगढ़ में श्री कमला देवी पत्नी मालचंद जाति ब्राह्मण निवासी सालासर के पक्ष में विक्रय किया गया। कमला देवी पत्नी मालचंद जाति ब्राह्मण की मृत्यु उपरांत उनके वारिस छोटूलाल पुत्र मालचंद जाति ब्राह्मण के द्वारा उक्त पट्टे शुदा सम्पूर्ण भूखंड को जरिये विक्रय पत्र पंजीकृत द्वारा उप पंजीयन कार्यालय सुजानगढ़ श्री जयप्रकाश शर्मा पुत्र मुरलीधर पुजारी व दिव्या शर्मा पत्नी जयप्रकाश शर्मा जाति ब्राह्मण निवासी सालासर के पक्ष में विक्रय किया गया । वर्तमान कब्जाधारी जयप्रकाश शर्मा पुत्र मुरलीधर व दिव्या पत्नी जयप्रकाश शर्मा जाति ब्राहमण निवासी सालासर पंचायत समिति सुजानगढ़ जिला चुरू द्वारा उक्त पट्टे शुदा भूखण्ड को वाणिज्यिक सपरिवर्तन हेतु आवेदन किया गया है

2. आवासीय सम्पत्ति का क्षेत्रफल :- 645 वर्ग गज (5806'00" वर्ग फूट ) है

3 सम्पति के पडौसान (पट्टे के अनुसार) :-(क) पूर्व :- मकानात नंदकिशोर पुत्र गुलाबचंद सोनी (ख) पश्चिम :- मकानात कन्हैयालाल पुत्र दुर्गादत्त शर्मा (ग) उत्तर:- मकानात व दुकाने सुगनाराम पियाराम प्रजापत वगैरह (घ) दक्षिण :- मकानात रामरतन पुजारी व आम रास्ता तथा सार्वजानिक चौक

उक्त पडौसन के मध्य स्थित आवासीय सम्पति के व्यावसायिक सपरिवर्तन के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति, संस्था, विधिक व्यक्ति आदि को कई आपत्ति हो तो दिनांक 05/05/2026 तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपति को प्रस्तुत करे। समय सीमा समाप्ति के पश्चात प्राप्त आपति को स्वीकार नही किया जायेगा

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत सालासर**
**प.स. सुजानगढ़ (चुरू)**

**प्रशासक**
**ग्राम पंचायत सालासर**
**प.स. सुजानगढ़ (चुरू)**

विवाधकों के स्थिरीकरण के लिये सम्मन
(आदेश 5 सीपीसी)

## न्यायालय अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश तारानगर (चूरू)

प्रा.पत्र सं.-05 सन्-2026
नागरमल बनाम सर्व साधारण

**प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम**

**सर्वसाधारण**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी नागरमल पुत्र सुलतानगिर गोस्वामी निवासी वार्ड नं. 12 धीरवास बड़ा तहसील तारानगर जिला चूरू के पिता सुलतानगिर का स्वर्गवास हो चुका है। स्व. सुलतानगिर के राजस्थान ग्रामीण बैंक शाखा धीरवास बड़ा के केसीसी खाता संख्या में क्लेम राशि 1,28,000 रूपये जमा है जिसको अब प्रार्थी प्राप्त करना चाहता है। इस बाबत प्रार्थी ने न्यायालय एडीजे तारानगर में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये आवेदन किया है। इस सम्बध में किसी को भी आपत्ति हो तो वह उक्त न्यायालय में दिनांक 05.05.2026 को स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेश होकर सुसंगत दस्तावेज पेश करें।

यह नोटिस आज दिनांक 6-4-2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया है।

**आज्ञा से**
**अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश**
**तारानगर (चूरू)**

## कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड तारानगर

क्रमांक : डी-02-11 दिनांक 01.04.2026

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या : 01/2026-27**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से तारानगर खण्ड के अन्तर्गत मिसिंग लिंक सड़क निर्माण कार्य कुल 01 कार्य हेतु उपयुक्त श्रेणी के सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूरसंचार विभाग / रेलवे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हों, से निर्धारित प्रपत्र में ई- टेन्डिरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑन-लाईन अल्पकालीन ई-निविदाऐं आमन्त्रित की जाती है। आर. पी. डब्ल्यू.ए.- 100 की शर्त लागू होगी । अल्पकालीन ई-निविदा से सम्बन्धित विवरण वेबसाईट dipr.rajasthan.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट eproc.rajasthan.gov.in तथा sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

SPPP पर अपलोड NIB No. PWD2627A0013 के UBN No. निम्नप्रकार है

| S.No. | UBN No. |
|---|---|
| 1. | PWD2627WSOB00044 |

**(ऋतिक सांखला)**
**अधिशाषी अभियन्ता,**
**सा.नि. वि. खण्ड - तारानगर**

DIPR/C/6469/2026

## कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड सरदारशहर

क्रमांक : 4381-4385 दिनांक : 30/03/2026

**ई-निविदा सूचना सं. 24/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से सरदारशहर खण्ड के अन्तर्गत गंदे पानी की निकासी हेतु नाला निर्माण कार्य हेतु कुल 01 कार्य के लिए उपयुक्त श्रेणी के सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग / रेलवे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हों, से निर्धारित प्रपत्र में ई- टेन्डिरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑन-लाईन ई-निविदाऐं आमन्त्रित की जाती है। आर. पी. डब्ल्यू. ए. - 100 की शर्त लागू होगी। ई-निविदा से सम्बन्धित विवरण वेबसाईट dipr.rajasthan.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट eproc.rajasthan.gov.in तथा sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है। SPPP पर अपलोड NIB No. PWD2526A6321 के UBN No. निम्न प्रकार है :-

| S.No. | UBN No. |
|---|---|
| 1. | PWD2627WSOB26377 |

**(राजेन्द्र कुमार सैनी)**
**अधिशाषी अभियन्ता,**
**सा.नि.वि. खण्ड सरदारशहर**

DIPR/C/6411/2026

## Office Gram Panchayat Jheerana, Panchayat Samiti Neem Ka Thana (Sikar)

File No: 03 Date: 06.04.2026

**Notice Inviting Bid**

Bid for MGNAREGA and Other Scheme Rate Contract for Supply of Construction Material and Providing Equipment for F.Y 2026-27 Gram Panchayat Jheerana, Panchayat Samiti Neem Ka Thana of subject matter's of Procurement are invited from intersted bidders upto 07.04.2026, 09:00 AM to 16.04.2026, 06:00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://eproc.rajasthan.gov.in) or (http:// sppp.raj.nic.in) of the state and Panchayati Raj departmental website. The approximate value of the procurement is RS - 35,00,000/-

UBN No. - PIQ2627GLOB00006.

**प्रशासक**
**ग्राम पंचायत झीराणा.**
**पं.स. नीमकाथाना (सीकर)**

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत झीराणा.**
**पं.स. नीमकाथाना (सीकर)**

## Office Gram Panchayat Aagawadi, Panchayat Samiti Neem Ka Thana (Sikar)

File No: 07 Date: 06.04.2026

**Notice Inviting Bid**

Bid for MGNAREGA and Other Scheme Rate Contract for Supply of Construction Material and Providing Equipment for F.Y 2026-27 Gram Panchayat Aagawadi, Panchayat Samiti Neem Ka Thana of subject matter's of Procurement are invited from intersted bidders upto 07.04.2026, 09:00 AM to 16.04.2026, 06:00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://eproc.rajasthan.gov.in) or (http://sppp.raj.nic.in) of the state and Panchayati Raj departmental website. The approximate value of the procurement is RS - 35,00,000/-

UBN No. - PIQ2627GLOB00005.

**प्रशासक**
**ग्राम पंचायत आगवाड़ी**
**पं.स. नीमकाथाना (सीकर)**

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत आगवाड़ी**
**पं.स. नीमकाथाना (सीकर)**

# प्रदेशभर में धूमधाम से मनाया भाजपा का स्थापना दिवस, कार्यकर्ताओं में उत्साह की लहर

**पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का लिया संकल्प**


रतनगढ़।


लक्ष्मणगढ़।


तारानगर।


सरदारशहर


सुमेरपुर।


फुलेरा।


सुजानगढ़।


पावटा।


चूरू।


बीदासर।


धौलपुर।


जालोर।

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़।** भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर सोमवार को रतनगढ़ स्थित पार्टी कार्यालय में उत्साहपूर्वक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पार्टी का ध्वज फहराया गया और कार्यकर्ताओं ने 'राष्ट्र प्रथम' के संकल्प को दोहराया। कार्यक्रम में भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष महेश सैनी ने कहा कि भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन चुकी है, जो लाखों कार्यकर्ताओं के त्याग, तपस्या और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का आह्वान किया। भाजपा नेता बजरंग गुर्जर ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को आत्मसात करते हुए पार्टी लगातार देशहित में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से विकास की ओर अग्रसर है। वहीं भाजपा जिला उपाध्यक्ष भागीरथ सिंह ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता 'विकसित भारत' के संकल्प को साकार करने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य कर रहा है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से जनसेवा के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

इस दौरान कार्यक्रम को जिला उपाध्यक्ष संतोष तालनिया, जिला प्रवक्ता ओम महर्षि, विधानसभा सयोंजक अर्जुन सिंह फ्रांसा, मंडल महामंत्री दीपक मुरारका, वरिष्ठ भाजपा नेता कन्हैया लाल चौमाल, आदि ने संबोधित किया।

कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री डॉ अरुण पचलंगिया ने किया। इस अवसर पर मुख्य जिला प्रवक्ता कौशल्या सैनी, मंडल उपाध्यक्ष निरंजन रूंथला, मंडल मंत्री भीमराज प्रजापत, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष किशनलाल घोड़ेला, युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रदीप सैनी, रामदेव चंदनिया, परमेश्वर सिहाग, निखिल इंदौरिया, शंभु दयाल लाटा, मांगीलाल माहिच, पृथ्वी सिंह, दीपचंद प्रजापत, प्रकाश चारण, जगदीश पंवार, सुफियान गौरी, सुनील कम्मा, साबिर गौरी, भंवर लाल टेलर, योगेश प्रजापत, देव महर्षि, धनराज सैनी, सुनील शर्मा, महेश इंदौरिया, राजेन्द्र चांदगोठिया, महेंद्र सिंह, सीताराम शर्मा सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**लक्ष्मणगढ़।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर लक्ष्मणगढ़ शहर मण्डल की ओर से स्थानीय स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर पार्टी की विचारधारा व संगठनात्मक शक्ति को स्मरण किया गया। इस अवसर पर शहर मण्डल अध्यक्ष ललित पंवार ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी है, जिसकी नींव राष्ट्रवाद, सुशासन और सेवा के मूल मंत्र पर आधारित है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की निष्ठा और समर्पण ही पार्टी की असली ताकत है, और इसी के बल पर भाजपा निरंतर जनसेवा के कार्य कर रही है।लक्ष्मणगढ़ विधानसभा प्रभारी अनिल धायल ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं, जिससे अधिक से अधिक लोगों को इनका लाभ मिल सके।जिला प्रवक्ता जयप्रकाश सरावगी ने अपने वक्तव्य में कहा कि भाजपा का इतिहास संघर्ष, त्याग और राष्ट्रहित में समर्पण का रहा है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने हमेशा अंत्योदय की भावना के साथ समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक विकास पहुंचाने का कार्य किया है। कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष एडवोकेट ललित पुरोहित, पार्षद पवन वाल्मीकि, रामावतार खींची, विनोद गढ़वाल, कमल शर्मा, युवा मोर्चा अध्यक्ष चंद्रकांत जाजोदिया, एससी मोर्चा अध्यक्ष संतोष वाल्मीकि, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष विनीत सोनी, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष अयूब बागरोडिया, राजेश जोशी, विक्रम तंवर, अरुण चौधरी, पूर्व अध्यक्ष प्यारेलाल कटारिया, पूर्व नेता प्रतिपक्ष संपत चेजारा, हंसराज वेदी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**तारानगर।** तारानगर के भाजपा कार्यालय चौधरी गेस्ट हाउस में सोमवार को सुबह पार्टी का झंडा फहराकर पार्टी का 47वां स्थापना दिवस मनाया गया। भाजपा नेता राकेश जांगिड़ व नगर अध्यक्ष अनूप खंडेलवाल ने सभी को पार्टी के 47वें स्थापना दिवस की शुभकामनाए दी। इस मौके पर विधानसभा संयोजक अजीत सिंह राठौड़, हरी इंदौरिया, अशोक जांगिड़, मोहम्मद समीर, भंवरलाल पूनियाँ, मदनलाल नायक, ग्रुमान सैनी, जेके दायमा, सुनील भोजक,


अलवर।

दीपक पासवान, राजेंद्र जोईया, मोहम्मद साबिर सहित पार्टी के कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**सरदारशहर** शहर के भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में पार्टी के स्थापना दिवस पर पार्टी का ध्वज रोहण कर मनाया। वरिष्ठ नेताओं, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ताओं ने पार्टी के स्थापना दिवस को हर वर्ष की भांति हर्षोल्लास के साथ मनाते हुए सेवा भाव और राष्ट्र प्रथम के मूलमंत्र को अपनाते हुए कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष मुकेश भामा, राजवीर सिंह, दीपक शर्मा, निवर्तमान सभापति राजकरण चौधरी, डेयरी चेयरमैन लालचंद मूंड, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष मुरलीधर सैनी, प्रदीप दीक्षित, राधेश्याम भार्गव, मोहन सिंह, राकेश जगरवाल, कमल नाई, दीपक बैद, राकेश टाक, सुमेरमल धानका, श्रवण चिरानीया, किशन मोयल, नरेंद्र सिंह, प्रशांत स्वामी, जगदीश पिंगोलिया, जाकिर खोखर, कन्हैयालाल भामा, निरंजन धानका, अनिल चिरानीया, विक्रम सैनी आदि उपस्थित रहे।

**सुमेरपुर।** भारतीय जनता पार्टी का 47वां स्थापना दिवस सुमेरपुर में पूरे जोश और उत्साह के साथ मनाया गया। कैबिनेट मंत्री व विधायक जोराराम कुमावत के विधायक कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने ध्वजारोहण कर शक्ति प्रदर्शन किया और पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। मंडल अध्यक्ष रविकांत रावल व जिला उपाध्यक्ष पूनम सिंह ने ध्वज फहराया। वक्ताओं ने भाजपा को राष्ट्रहित व सेवा की भावना से जुड़ी पार्टी बताते हुए कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे संगठन को और मजबूत बनाएं।कार्यक्रम के दौरान 'भारत माता की जय' और 'भाजपा जिंदाबाद' के नारों से माहौल गूंज उठा। मिठाई बांटकर एक-दूसरे को बधाई दी गई। इस मौके पर जिलामंत्री दिनेश सिंह, महेन्द्र माली, प्रदेश मंत्री दिनेश मीणा, अमृत परिहार, छगन सैन, गणेश भाटी, दिलीप सोलंकी, भरत मेवाड़ा, नैनमल बोराना, विनय चांवरिया, भावेश वैष्णव, रमजान, गणेश राठौड़, जैकी देवड़ा, जितेन्द्र परिहार सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**फुलेरा।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर फुलेरा नगर के सभी बूथों पर पार्टी का ध्वज फहराकर स्थापना दिवस मनाया गया। इसी क्रम में बूथ संख्या 253 पर कार्यकर्ता सी.पी. त्रिपाठी के निवास स्थान पर भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रणव अग्रवाल के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष प्रणव अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष महावीर प्रसाद जैन, आलोक तिवारी, उपाध्यक्ष हरगोपाल साहू, कमल शर्मा, राजेन्द्र वर्मा, ताराचन्द्र आमेरिया, पूनम कुमावत, पूजा भाटी, श्यामलाल सैनी, मोहित कारडिया, शेषनारायण सैनी, विरेन्द्र बंसल, राजेन्द्र किलनोत, अशोक शर्मा, परमानन्द मौर्य, रमेश कुमावत, त्रिपाठी, बनवारीलाल कुमावत, गंगाराम, सत्यप्रकाश सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**सुजानगढ़।** भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर गांधी चैक स्थित शहर मंडल भाजपा कार्यालय पर झंडा फहराकर पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं ने हर्षोल्लास के साथ स्थापना दिवस मनाया। झंडा फहराने के साथ ही कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद, भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे लगाए। इसके पश्चात मंडल कार्यालय में स्थापना दिवस पर संगोष्ठी आयोजित हुई। स्थापना दिवस समारोह की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष विनय माटोलिया ने की। जिसमें पूर्व खनिज राज्य मंत्री खेमाराम मेघवाल, एससी मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता बाबूलाल कुलदीप, बुद्धिप्रकाश सोनी, अंजनी कुमार रांकावत, महिला मोर्चा अध्यक्ष चन्द्रप्रभा सोनी, निवर्तमान उपनेता प्रतिपक्ष रिछपाल बिजरणीया, निवर्तमान पार्षद पंकज घासोलिया, महामंत्री प्रकाश भार्गव, युवा मोर्चा संयोजक हिमांशु भाटी, गंगाधर लाखन आदि ने पार्टी के इतिहास, रीति नीति और राष्ट्रोत्थान में पार्टी के योगदान पर विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का प्रारंभ वरिष्ठ कार्यकर्ता नवरत्न पुरोहित ने वंदे मातरम गान के साथ किया। पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल ने कार्यकर्ताओं को संगठन की रीति-नीति के साथ एकजुट रहकर पार्टी का कार्य करने व आगामी नगर परिषद चुनाव में विजय हासिल करने का संदेश दिया। मंडल अध्यक्ष विनय माटोलिया ने कार्यकर्ताओं को स्थापना दिवस की बधाई प्रेषित की और कहा कि असंख्य कार्यकर्ताओं ने संगठन को बनाने में अपना तन मन धन और सर्वस्व न्योछावर कर दिया व उनकी ओर से किए गए प्रयासों का ही परिणाम है कि आज पार्टी 145 करोड़ देशवासियों की सेवा कर रही है। जनसंघ से लेकर भारतीय जनता पार्टी की वर्तमान स्थिति के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर सभी कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई व शुभकामनाएँ दीं तथा संगठन की मजबूती और राष्ट्र सेवा के संकल्प को दोहराया। कार्यक्रम में मंडल कोषाध्यक्ष प्रकाश सोनी, मंडल उपाध्यक्ष अमरचंद सेन, गोपाल पारीक, सुमन सामरिया, मंडल मंत्री मुरारी गोवला, निवर्तमान पार्षद दीनदयाल पारीक, पुरुषोत्तम शर्मा, रेंवतमल पवार, हरिओम खोड, गणेश मंडावरिया, रविन्द्र पाण्डे, प्रेम स्वामी, पन्नालाल सोनी, शोभाग कंवर, सीताराम माली, नरेंद्र गुर्जर, गोविंदराम मूलचंदानी, विकास कुमार सोनी, श्रवण सिंह राठौड़, दीपक बागड़ा, जगदीश नाथ, सुरेश शर्मा, गौतम जोशी, विश्वदीपक काछवाल, कृष्ण रेवाड़, विक्रम सिंह, कैलाश प्रजापत, मयंक भाटी, रमेश कुमार जोशी, कृष्णा कुमावत, विनोद सोनी, मुरली सेन, श्रीराम बिहानी आदि उपस्थित रहे। समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। संचालन मंडल महामंत्री गौरव इंदौरिया ने किया।

**पावटा।** राजनीतिक संगठन भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर पावटा के निजी होटल में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा नेता गोपाल अग्रवाल ने किया, जिसमें क्षेत्र के अनेक भाजपा कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।कार्यक्रम की शुरुआत पार्टी के संस्थापकों एवं महान नेताओं को श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने पार्टी की विचारधारा, सिद्धांतों व राष्ट्रसेवा के संकल्प को दोहराया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गोपाल अग्रवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनकर देश और समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को और मजबूत बनाने तथा आमजन तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाने का आह्वान किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक पटाखे चलाकर स्थापना दिवस की खुशियां मनाईं तथा एक-दूसरे को बधाई दी। कार्यक्रम में भाजपा नेता रामस्वरूप धनकड़, सामाजिक कार्यकर्ता धर्मसिंह भैंसलाना, विकाश ओला, रामजीलाल यादव, रवि गुर्जर, रविंद्र शेखावत, यतेंद्र जांगिड सहित कई लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन राहुल गोयल द्वारा किया गया।कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता व महिला शक्ति की उपस्थिति रही। अंत में सभी ने राष्ट्रहित में कार्य करने और पार्टी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

**चूरू।** भाजपा के 47वें स्थापना दिवस पर पूर्व नेताप्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ के आवास पर मण्डल अध्यक्ष सुरेश सारस्वत व धर्मेन्द्र राकसिया की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री सुरेन्द्रपाल सिंह टीटी, विधायक हरलाल सहारण, जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा, एससी मोर्चा के प्रदेश मंत्री सीताराम लुगरिया, ओबीसी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील गहलोत, निवर्तमान जिला प्रमुख वंदना आर्य, जिला सह संयोजक भास्कर शर्मा, वरिष्ठ नेता फतेहचन्द सोती, जिला उपाध्यक्ष नरेन्द्र काछवाल, दौलत तंवर, नेता प्रतिपक्ष विमला गढ़वाल, जिला मंत्री दीनदयाल सैनी, भंवर गुर्जर, एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष अजीत मेघवाल, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष गोपाल बालाण व अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष अख्तर खान मंचस्थ अतिथि रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ भारत माता, पं. दीनदयाल उपाध्याय व डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य वक्ता सुरेन्द्र पाल सिंह टीटी ने कहा कि जनसंघ से लेकर भाजपा लगातार राष्ट्रवादी विचारधारा से आगे चल रही है। इस पार्टी में सामान्य कार्यकर्ता अपनी मेहनत और लगन से उच्च पदों पर पहुंच सकता है। भाजपा ने 47 वर्ष की यात्रा में लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए कार्य किया है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार पूर्ण मेहनत के साथ इस पार्टी ने कार्य किया है, उससे आज यह पार्टी विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी बन चुकी है। उन्हांने जनसंघ से भाजपा तक के प्रमुख पड़ावों की चर्चा करते हुए कहा कि हमारे नेताओं के त्याग और बलिदान की वजह से ही आज देश में लोकतंत्र जिंदा है। उन्होंने केन्द्र सरकार की ओर से प्रस्तुत किए नारी सम्मान बिल की चर्चा की करते हुए कहा कि नारी शक्ति का सम्मान और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार कार्य कर रही है। इस अवसर पर विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि भाजपा के लिए राष्ट्र प्रथम है, क्योंकि हम व्यक्ति से बड़ा संगठन और संगठन से बड़ा देश को मानते है। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री भैरोंसिंह शेखावत को याद करते हुए कहा कि उनकी सरकार ने अंत्योदय योजना को लागू कर प्रदेश के अंतिम व्यक्ति के लिए कार्य किया। उन्होंने कांग्रेस पर परिवारवाद का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस ने हमेशा एक परिवार की बात की जबकि भाजपा ने पूरे भारत देश के परिवार की बात की। उन्होंने कहा कि पार्टी की स्थापना दिवस से आज तक लगातार पार्टी के कार्य चलेंगे, जिसमें अम्बेडकर जयंती तक पार्टी विशेष कार्यक्रम आयोजित करेगी। इस अवसर पर निवर्तमान जिला प्रमुख वंदना आर्य ने कहा कि भाजपा संगठन ने सभी वर्गों के लिए कार्य किया है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिलाओं का सम्मान किया है। इस अवसर पर एससी मोर्चा प्रदेश मंत्री सीताराम लुगरिया ने कहा कि हम सब कार्यकर्ताओं के लिए भाजपा मां की तरह कार्य कर रही है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष बंसत शर्मा, जिला सहसंयोजक भास्कर शर्मा, जिला उपाध्यक्ष नरेन्द्र काछवाल, मण्डल अध्यक्ष सुरेश सारस्वत, फतेहचंद सोती, धर्मेन्द्र राकसिया, नेता प्रतिपक्ष विमला गढ़वाल, ओबीसी मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील गहलोत ने भी विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर जिला प्रवक्ता विजय शर्मा, संदीप पाटिल, महेश मिश्रा, कमल बुढ़ाढ़रा, भाजयुमो जिला महामंत्री जयपाल सिंह टकणेत, कैलाश शर्मा, रजत शर्मा, आकाश सैनी, पार्षद ममता जोशी, लक्ष्मीदेवी, राकेश दाधीच सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला मीडिया संयोजक रवि दाधीच ने किया।

**बीदासर।** कस्बे के मेन बाजार स्थित भाजपा कार्यालय में सोमवार शाम भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस मंडल अध्यक्ष राजेश सोनी की अध्यक्षता में मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय व डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इसके बाद वक्ताओं ने पार्टी की विचारधारा, इतिहास और संगठन की मजबूती पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष संच्चियालाल बैद, जिला प्रवक्ता अरुण तिवारी, पूर्व चेयरमैन हुकमाराम गुसाईवाल, मंडल उपाध्यक्ष बजरंग मोदी, भागीरथ चौहान, शिवरतन दर्जी, महामंत्री गोपालाराम छापोला, पार्षद सांवरमल सैन, जगदीश शर्मा, ओमप्रकाश मेघवाल, पूसाराम चौहान, महेंद्र सिंघी, दानमल बांठिया, युवा मोर्चा अध्यक्ष जयप्रकाश दर्जी तथा सुरेंद्र सुथार सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**धौलपुर।** जिला भाजपा कार्यालय पर भाजपा का स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश प्रवक्ता रानू पाराशर, मुख्य वक्ता मदन प्रजापति, विशिष्ट अतिथि प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गिरिराज सिंह मलिंगा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ शिवचरण कुशवाहा, विशेष आमंत्रित सदस्य जगमोहन बघेल, राजाखेड़ा विधानसभा प्रत्याशी नीरजा शर्मा, पूर्व जिला प्रमुख दुर्ग सिंह अड़ाना कार्यक्रम संयोजक विशंभर दयाल शर्मा मंच पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता अलीमुद्दीन अंसारी, राजीव रस्तोगी, ठा रामबीर सिंह को माला साफा पहना कर मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया। जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा अपना 47 वा स्थापना दिवस मना रही है।भाजपा विश्व की नंबर पार्टी कार्यकर्ताओं की ताकत से ही है, भाजपा का कार्यकर्ता राष्ट्र प्रेमी व राष्ट्रभक्ति है। भाजपा की विचारधारा में राष्ट्र सर्वोपरि है भाजपा का मजबूत संगठन आज कार्यकर्ताओं की ताकत पर ही है, प्रदेश से आए प्रदेश प्रवक्ता मदन प्रजापति ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आम आदमी की संभावना है, पहली बार जीता हुआ विधायक मुख्यमंत्री बन सकता है। अंतिम छोर पर बैठा हुआ व्यक्ति राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकता है। यह भाजपा की पहचान है, भाजपा की विचारधारा में कोई परिवर्तन नहीं होता इसलिए देश की जनता भाजपा पर भरोसा करती है, प्रदेश प्रवक्ता एवं धौलपुर की मीडिया प्रभारी रानू पाराशर ने कहा कि भाजपा में सबका साथ सबका विकास होता है भाजपा अंतिम पायदान पर बैठे हुए व्यक्ति के बारे में पहले सोचती है और उसे विकास की मुख्य धारा से जोड़ती है, भाजपा देश हित में निर्णय लेने मे कोई संकोच नहीं करती है, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गिरिराज सिंह मलिंगा ने बोलते हुए कहा कि हम सच्चा स्थापना दिवस उसी को कहेंगे कि अधिक से अधिक गरीब लोगों के काम आ सके, अधिक से अधिक नए कार्यकर्ताओं को भाजपा से जोड़ें और हमारे मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री की ओर से चलाई जा रही जनहित की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाएं, नीरजा शर्मा ने कहा कि भाजपा देश को प्राथमिकता देकर आगे बढ़ रही है भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए देश सर्वोपरि है, पूर्व मंत्री जगमोहन बघेल ने पार्टी के इतिहास के बारे में बताया कार्यक्रम को डॉ सचिन कुशवाहा एवं पूर्व जिला प्रमुख जिला प्रमुख दुर्ग सिंह अड़ाना में भी संबोधित किया, कार्यक्रम का संचालन विशंभर दयाल शर्मा ने किया। कार्यक्रम के सहसंयोजक जिला मंत्री हरेंद्र राव, बाचाराम बघेल, पंकज शर्मा ने उपस्थित कार्यकर्ताओं का धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में जिला महामंत्री अनिल गोयल, जिला उपाध्यक्ष धीर सिंह जादौन, भरतपुर संभाग सह मीडिया प्रभारी मुकेश सक्सेना, दीपचंद कुशवाहा, जयबीर पोसवाल, बीके कुशवाहा, रणवीर सिंह दंडोतिया, रबिंद सिंह हतवारी, नंदकिशोर शुक्ला, बृजमोहन शर्मा, डॉ मनोज शर्मा, सोबरन सिंह गैलेथा, रितेश सक्सेना, सगीर खान, दिलीप पाराशर, पुष्पेंद्र राजावत, सी पी शर्मा, मुस्ताक कुरेशी, फैजल खान, अनमोल बंसल, केके शर्मा, ऋतिक वर्मा, नेहा राघव, राहुल राणा, राहुल दुवाटी, पुष्पेंद्र सिंह राजावत, विवेक रावत, वेद प्रकाश शर्मा, योगेश जड़ौंन, आनंद शर्मा, दिनेश कुशवाह, लोकेंद्र चौहान, राजकुमार गुर्जर, रिंकू शर्मा, अनिल शर्मा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**जालोर।** भारतीय जनता पार्टी के47वें स्थापना दिवस पर सोमवार को आहोर कस्बे में माता चामुंडा मंदिर के बाहर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में पदाधिकारी, कार्यकर्ता व वरिष्ठ भाजपाई मौजूद थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता भाजपा नेता महेन्द्र बोहरा ने कहा कि यह पार्टी कार्यकर्ताओं की पार्टी है जो शून्य से उठकर खड़ी हुई है जबकि दूसरी पार्टी एक परिवार की पार्टी है और बड़ी पार्टी थी जो आज शून्य पर पहुँच गई है और जो भाजपा छोटी पार्टी थी वो आज देश और दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बन गई है। बोहरा ने स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने का आव्हान किया और कहा कि हम आज भी गुलामी की मानसिकता में रहते हैं और विदेशी चीजों में ज्यादा विश्वास करते हैं। मुख्य सचेतक और जालोर विधायक जोगेश्वर गर्ग ने जनसंघ और उसके बाद भाजपा कैसे बनी और उस समय पार्टी के कार्यकर्ताओं को कितनी मुश्किलें झेलनी पड़ती थी, उसके बारे में विस्तार से बताया। गर्ग ने कहा कि एक समय था जब हमें उम्मीदवार ढूंढने पड़ते थे क्योंकि हार की गारंटी थी और दूसरी ओर पक्की पकाई जाजम थी। हमने गांव ढाणी जाकर कार्यकर्ता बनाए, जिसकी बदौलत आज हम इतने मजबूत हुए कि हर जाति, गांव कस्बे में भाजपा के कार्यकर्ता है। गर्ग ने कहा कि उनके पिता ने चुनाव लड़ने के दौरान उनकी मां के पीहर के लाए गहने तक बेचने पड़े, जो जीते जी वापस नहीं बना पाए। हम चुनाव लड़ते थे तब हमारे घरों पर पत्थर मारे जाते थे, इन संघर्षों से जूझकर पार्टी को बड़ा बनाया। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को नसीहत दी कि पार्टी में आने वालों को आने दें, उनके लिए दरवाजे बंद नहीं करें, जोड़ने का काम करें। उन्होंने कहा कि कैसी भी परिस्थिति बन जाए, लेकिन पार्टी के खिलाफ कदम नहीं उठाना चाहिए ऐसे कार्यकर्ताओं का स्वागत है। सांसद लुम्बाराम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने काम करके दिखाया है, चाहे वो राम मंदिर निर्माण का हो या अन्य। क्योंकि प्रधानमंत्री को गांव में बैठे अंतिम पायदान के व्यक्ति की पीड़ा समझ में आती है। उन्होंने नरेगा में बदलाव कर आम आदमी को लाभ पहुँचाया है। चौधरी ने कहा कि पहले जनता की जेब में 10 हजार भेजने पर सात हजार मिलते थे वो भी अहसान जताकर जबकि वर्तमान सरकार में सीधे खाते में पैसे जमा होते हैं यह फर्क है। जिला प्रभारी महेन्द्र मेघवाल ने कहा कि भाजपा ऐसी पार्टी है जिसको पहले देश और राष्ट्र के लिए समर्पण भाव हमेशा रहता है, जबकि कांग्रेस जब राज में आती है तो नेशनल हेराल्ड जैसे काम करती है। उन्होंने कहा कि मोदी की विदेश नीति को दुनिया मानती है और दूसरे देश कान खोलकर सुनते हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष जसराज पुरोहित ने कहा कि आज त्याग, तपस्या और समर्पण का दिन है, देश का नेतृत्व जन जन से जुड़ा है और वैश्विक स्तर पर भारत की एक अलग पहचान बनाई। आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी को इतनी मजबूत स्थिति में खड़ी करने के लिए कार्यकर्ताओं की मेहनत है, आज हमने जिनका अभी पूजन किया उन्होंने जनसंघ से लेकर भाजपा बनने तक दिन रात मेहनत कर इस पार्टी को खड़ा किया जो आज वटवृक्ष बन गया। इससे पूर्व कार्यक्रम में स्थापना दिवस पर वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष मिश्रीमल मेघवाल, भाजपा नेत्री डॉ बमंजू मेघवाल, रमेश राणा, भूपेंद्र देवासी, शंकरदान चारण ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष सुजाराम प्रजापत, महिपालसिंह चारण, महावीर सिंह पाणवा, वन्नेसिंह मिठड़ी,भवरसिंह कवला, गजेंद्र सिंह सिसोदिया, राजवीरसिंह देवड़ा, प्रवक्ता दिनेश महावर,विशनसिंह सोलंकी, परमवीरसिंह भाटी, भूरसिंह देवकी समेत कई मौजूद रहे।

**अलवर।** भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर अंबेडकर नगर स्थित जिला कार्यालय में गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा प्रदेश मंत्री नारायण मीणा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता ने की। गोष्ठी को संबोधित करते हुए प्रदेश मंत्री नारायण मीणा ने कहा कि भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन ही नहीं, बल्कि एक विचार परिवार है जिसने अंत्योदय के मंत्र को चरितार्थ किया है। उन्होंने 1980 से लेकर आज तक की पार्टी की विकास यात्रा का उल्लेख करते हुए कार्यकर्ताओं से केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने का आह्वान किया। वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत वैश्विक पटल पर एक सशक्त शक्ति के रूप में उभरा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र प्रथम की भावना और वैचारिक अधिष्ठान ही भाजपा की असली ताकत है। साथ ही उन्होंने पर्यावरण संरक्षण और विकास के समन्वय पर बल देते हुए कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर सक्रिय रहने के लिए प्रेरित किया। जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता ने कहा कि संगठन की मजबूती में प्रत्येक कार्यकर्ता की महत्वपूर्ण भूमिका है। यह दिन उन महापुरुषों को नमन करने का अवसर है जिन्होंने पार्टी को शून्य से शिखर तक पहुँचाने के लिए अपना जीवन समर्पित किया। पूर्व जिलाध्यक्ष पंडित धर्मवीर शर्मा ने पार्टी के संघर्ष काल के संस्मरण साझा करते हुए कहा कि अनुशासन और सेवा ही संगठन का ध्येय है। सरस डेयरी अध्यक्ष नितिन सागवान ने कहा कि भाजपा की सर्वव्यापी और सर्वस्पर्शी सोच को ध्यान में रखते हुए सहकारिता के माध्यम से समाज में उन्नति के मार्ग प्रशस्त किए जा रहे हैं। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष संजय सिंह नरूका, पूर्व विधायक बनवारी लाल सिंघल, पूर्व महापौर घनश्याम गुर्जर, अशोक खन्ना, महामंत्री ऋषि राज शर्मा, नरेश गोयल, देशराज खरेरा, मूलचंद डीग्वाल, हरिशंकर खंडेलवाल, अभिराम दीक्षित, मंत्री राजेश तिवारी, शीला जांगिड़, कोषाध्यक्ष प्रदीप जैन, नरेश धानावत, कार्यालय मंत्री मनोज चौहान सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में अजय शर्मा, रीता सेठी, दिगंबर सैनी, दिनेश गुप्ता, अशोक जैन, पंडित जले सिंह, मंडल अध्यक्ष जितेंद्र राठौर, जितेंद्र सैनी, महेश निहलवानी, सतीश यादव, उम्मेद सिंह चौहान, सुनील चौधरी, राजेंद्र कसाना, सहित सैकड़ों की संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने दी।